सूर्योदय 6:44 सूर्यास्त 6:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.6 न्यू | 16.4 अधि |
| धर्मशाला | 4.2 न्यू | 18.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73198.10 |
| निफ्टी | 22124.70 |
| सोना 86,730 | चांदी 97,307 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



चिट्टे के विरुद्ध अभियान चलाने वाली संस्कार सोसायटी पहली संस्था : धर्माणी

पृष्ठ 6 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 3 मार्च 2025 | 20 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 64, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पर एफआईआर का आदेश

**मुंबई।** मुंबई कोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच व पांच अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। शेयर मार्केट फ्रॉड और रेगुलेटरी वायलेशन यानी नियामक उल्लंघन के मामले में कोर्ट ने माधवी के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के खिलाफ भी केस होगा। माधवी पुरी बुच का सेबी प्रमुख का कार्यकाल 28 फरवरी को ही समाप्त हुआ है और उनकी जगह ओडिशा कैडर के आईएएस तुहिन कांत पांडे को नया सेबी प्रमुख बनाया है, जिनका कार्यकाल तीन साल तक रहेगा।

### पेटीएम को 612 करोड़ रुपए का ईडी का नोटिस

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिनटेक फर्म पेटीएम के मालिक वन-97 कम्युनिकेशंस को उसकी अधिग्रहीत दो सहायक कंपनियों में फेमा नियमों के उल्लंघन पर 612 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। पेटीएम ने स्पष्ट किया कि उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है, जब दोनों कंपनियां उसकी सहायक कंपनियां नहीं थीं। पेटीएम ने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था। पेटीएम ब्रांड के मालिक वन97 कम्युनिकेशंस (ओसीएल) ने बीएसई को सूचित किया कि उसे अपनी सहायक कंपनियों लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए 28 फरवरी को ईडी से फेमा उल्लंघन नोटिस मिला है।

### बसपा के सभी पदों से हटाए आकाश आनंद

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से रविवार को मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि अब उनकी आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पिछले महीने पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद यह कदम उठाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने राजधानी लखनऊ में हुई बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक के बाद जारी बयान में कहा कि पार्टी हित में आकाश आनंद को इसकी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है।

### गैंगस्टर हरदीप सिंह गिरफ्तार, हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। काउंटर इंटेलिजेंस फिरोजपुर ने घल्ल खुर्द गांव में तस्कर और गैंगस्टर हरदीप सिंह उर्फ दीपा को गिरफ्तार किया। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने 'एक्स' पर बताया कि गैंगस्टर हरदीप सिंह के पास से तीन पिस्तौल, एक ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा .30 एमएम पिस्तौल और एक पंप एक्शन गन बरामद की है। इसके अलावा 141 मिश्रित कारतूस (9एमएम, .30 कैलिबर, 12 बोर) और 45 ग्राम हेरोइन जब्त की और कार भी बरामद की है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल में 90 के दशक में पन्नी ठन्नी के नाम से पहुंचा था चिट्टा -पेज 3
- नशा तस्कर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार -पेज 6
- जिया के शरीर से उतारे खून से सने कपड़े पंजाब में बरामद -पेज 10
- अमेरिक का लैंडर 'बलू घोस्ट' चंद्रमा पर उतरा -पेज 13
- 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' -पेज 14

## मंडी शिवरात्रि में दूसरी शाही जलेब



छोटी काशी मंडी में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रीराज माधव राय की दूसरी शाही जलेब निकली। देव छांजणु और देव छमाहू ने जलेब की अगुवाई की। वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी शिरकत की।

# कांग्रेस संगठन व सरकार में आसान नहीं मतभेद दूर करना

## रजनी को बहाना होगा पसीना, असंतोष के स्वरों के बीच नई कार्यकारिणी में सीएम की भूमिका अहम

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**सत्ता** के गलियारों की सियासत का मापतोल लेने के बाद कांग्रेस पार्टी की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल दिल्ली लौट गई हैं। इसी के साथ सीएम सुक्खू भी दिल्ली में डटे हैं। रजनी को दो दिन के विचार-विमर्श में संगठन के भीतर असंतोष के स्वर ज्यादा सुनाई दिए। कई पदाधिकारियों ने उन्हें आपबीती सुनाई। लंज-पुंज कार्यशैली में उलझा पूरा संगठन कहीं से भी एक नजर नहीं आया। सुक्खू सरकार को हर मोर्चे पर अव्वल आंका गया।

आर्थिक अभाव के बावजूद विकासात्मक कार्यों के लिए उनकी पीठ थपथपाई गई। सीधे शब्दों में कहें, तो अब सीएम की मर्जी से ही पार्टी संगठन की नई कार्यकारिणी सामने आएगी और उनकी सिफारिश पर ही अधिकांश नामों पर मुहर लगाई जाएगी। खुद रजनी पाटिल ने पत्रकारों से इस आशय की जानकारी साझा की। बहरहाल, आलाकमान ने ही नए अध्यक्ष को लेकर फैसला लेना है। अब देखना है कि प्रतिभा सिंह ही फिर प्रदेश पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष होंगी या फिर कोई नया चेहरा आगे किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### नई कार्यकारिणी का गठन 15 दिन में तय

**कांग्रेस** पार्टी की नई कार्यकारिणी का गठन 15 दिन के अंदर होना तय है, जिसमें रजनी पाटिल को सरकार व संगठन को एक मंच पर लाने की हरसंभव कोशिश करनी पड़ेगी, जो फिलहाल दूर की कौड़ी साबित होने वाली है।

### कौल सिंह, रामलाल ठाकुर के नाम आगे

**कांग्रेस** प्रदेशाध्यक्ष की फेहरिस्त की इस कड़ी में वरिष्ठ नेता रामलाल ठाकुर, कौल सिंह ठाकुर, प्रकाश चौधरी सहित कुछ अन्य दर्जनों नाम हवा में तैर रहे हैं, जो अपनी तरफ से अपने समर्थकों के साथ खुद का नाम आगे रख चुके हैं।



### प्रतिभा सिंह पर संशय बरकरार



**कांग्रेस** की मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को बनाए रखने पर संशय नजर आ रहा है। रजनी पाटिल ने दो दिन के लंबे संवाद में उन्हें कोई खास तवज्जो नहीं दी, अलबत्ता नई कार्यकारिणी के गठन के लिए सीएम सुक्खू की परोक्ष सहमति को लगातार दोहराती नजर आई।

### सीएम सुक्खू आज लौटेंगे शिमला



**सीएम** सुक्खू अपने लाव-लश्कर के साथ सोमवार को शिमला लौटेंगे। दोपहर दो बजे के बाद वह कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लेंगे। फिलहाल, कांग्रेस की मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष इस मसले पर खामोश हैं और उनके समर्थक पूरी तरह से मौन हैं।

## उपमुख्यमंत्री ने मंडी में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर साधा निशाना

# मंदिरों से नहीं लिया कोई पैसा, न ही लेंगे : अग्निहोत्री

**अनिल शर्मा, मंडी**



**प्रदेश** सरकार ने मंदिरों से कोई पैसा नहीं लिया है और न ही सरकार चलाने के लिए मंदिरों से कोई पैसा लिया जाएगा। यह बात अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की दूसरी शाही जलेब में शिरकत करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कही।

उन्होंने कहा कि अच्छा होता, अगर नेता प्रतिपक्ष रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाते और ऐसे शिगूफे न छोड़ते। उन्होंने कहा कि मंदिरों की अपनी ट्रस्ट बनी हुई है और उनके द्वारा लिए गए फैसलों से ही मंदिरों के पैसों का उपयोग किया जाता है। इस पैसे के साथ सरकार का कोई सरोकार नहीं है। अग्निहोत्री ने कहा कि न्यायालय ने भी मंदिरों के पैसों से विज्ञापन, उपायुक्त और स्टाफ के लिए गाड़ियां और वेतन आदि के उपयोग में लाने से रोक लगाई है। यह सब बातें पहले से ही तय हो चुकी हैं, लेकिन हमारे मित्र जयराम ठाकुर बेवजह इस मामले को तूल दे रहे हैं। मंदिरों का पैसा केवल मंदिरों के जीर्णोद्धार व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए खर्च किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**कहा- मंदिरों का पैसा सिर्फ मंदिरों के जीर्णोद्धार व श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर होगा खर्च**

### जयराम कर रहे सरकार को बदनाम करने का प्रयास

**अग्निहोत्री** ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बजट सत्र आते ही जयराम ठाकुर सरकार को बदनाम करने का प्रयास करते हैं। जयराम ने इससे पहले भी कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए काफी कोशिश की थी, लेकिन जयराम ठाकुर प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के लिए नाकाम रहे थे। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल को पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर के हाथ सरकार नहीं लगने वाली है, इसलिए जरूरत से ज्यादा उछलकूद मचाने से कोई फायदा नहीं होगा।

### क्या भाजपा नेताओं को ही है कुंभ में स्नान करने का एकाधिकार

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि हम लोग जब कुंभ में स्नान करने गए, तो भाजपा के लोगों ने कहा कि ये मन से नहीं गए हैं, ये लोग आस्थावान नहीं हैं। हम भी रोज किसी न किसी मंदिर जाते हैं, क्या कुंभ में स्नान करना भाजपा नेताओं को एकाधिकार है।

# निजी स्कूलों पर शिकंजा, शिक्षा बोर्ड के डिपुओं से खरीदनी होंगी किताबें

## 10 फीसदी की रियायत, किताबें नहीं खरीदीं तो एफिलिएशन कैंसिल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

**अप्रैल** से शुरू होने वाले शिक्षा सत्र में हिमाचल प्रदेश का कोई भी प्राइवेट स्कूल निजी पब्लिशर्स की किताबें नहीं खरीद पाएगा। हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड से एफिलेटेड तमाम स्कूलों को बोर्ड के हर एक जिले में मौजूद डिपो से ही स्टूडेंट्स के लिए किताबें खरीदनी पड़ेंगी। ऐसा नहीं किया तो स्कूलों को बोर्ड से संबद्धता यानी एफिलिएशन नहीं मिल पाएगी। बोर्ड ने प्रदेश में सभी स्कूलों को लेटर जारी कर दिया है। इसके लिए 30 अप्रैल तक उन्हें किताबों की खरीदने और उनके बिल से संबंधित सारा सिस्टम जमा करवाना होगा, तभी उन्हें एफिलिएशन मिलेगी।

बोर्ड ने साफ कहा कि यदि इस मामले में कोताही बरती, तो उनकी एफिलिएशन को लेकर बोर्ड किसी तरह की नर्मी नहीं बरतेगा। बोर्ड ने निजी स्कूलों के प्रबंधकों के लिए किताबों की खरीद पर 10 फीसदी की छूट देने का भी फैसला लिया है, ताकि वे बोर्ड के डिपो से इन्हें ले जाने के लिए खर्चा भी निकाल पाएं। बोर्ड ने कहा कि निजी स्कूल कोई कोताही न बरतें, क्योंकि स्कूलों में चेकिंग की जाएगी, जिसके लिए टीमें गठित की जाएंगी। शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के हवाले से जारी इस पत्र में कई और हिदायतें भी दी गई हैं। बोर्ड के इस फरमान से निजी स्कूलों के प्रबंधकों में हड़कंप मचा है।



बोर्ड का कहना है कि इससे प्रदेशभर के तमाम प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में सिलेबस को लेकर एकरूपता रहेगी, जिसका फायदा सिस्टम को भी होगा व स्टूडेंट्स को भी। सबसे बड़ी राहत अभिभावकों को मिलेगी, जो महंगे दामों पर किताबें खरीदने के लिए मजबूर हो रहे थे। वहीं, निजी स्कूल प्रबंधन संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगजीत ठाकुर का कहना है कि बोर्ड का यह फैसला काबिलेतारीफ है। इससे अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### लाखों के बिजनेस पर लगेगी लगाम

**हिमाचल** में करीब 4000 निजी स्कूल हैं और ज्यादातर बोर्ड की संबद्धता से जुड़े हुए हैं। पिछले लंबे समय से इन स्कूलों में किताबों को लेकर अभिभावक हाय-तौबा करते रहे हैं। जैसे ही स्कूल खुलते हैं और अप्रैल माह में अभिभावकों की शिकायतें उठनी शुरू हो जाती हैं। इसका कारण यह है कि 500 या 700 के करीब एक सेट की बोर्ड की किताबों की कीमत के बदले में जब निजी स्कूलों के प्रबंधक अपने स्तर पर किताबें खरीद कर स्टूडेंट्स को परोसते हैं, तो फिर यह कीमत दो से चार हजार के बीच में पहुंच जाती है। यही घालमेल ज्यादातर निजी स्कूलों के लिए फायदेमंद साबित होता है। वहीं, लाखों रुपए के बिजनेस पर लगा लगेगी।

# मतदाता पहचान पत्र संख्या में दोहराव फर्जी मतदाता होने का संकेत नहीं : चुनाव आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अलग**-अलग राज्यों में मतदाताओं को एक जैसे मतदाता पहचान पत्र नंबर जारी किए जाने की खबरों के बीच निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक जैसे नंबर का मतलब यह नहीं कि वे फर्जी मतदाता हैं।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि कुछ मतदाताओं के मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर 'समान हो सकते हैं', लेकिन जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां वह मतदाता सूची में पंजीकृत है। इसके अलावा वह कहीं और मतदान नहीं कर सकता। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि सभी राज्यों के मतदाता सूची डाटाबेस को ईआरओएनईटी मंच पर डालने से पहले 'विकेंद्रीकृत और मैन्युअल प्रक्रिया' का पालन किए जाने के कारण विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुछ मतदाताओं को समान ईपीआईसी संख्या आवंटित की गई थी। निर्वाचन आयोग ने बताया कि कुछ राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी एक ही ईपीआईसी अक्षरांकीय श्रृंखला का उपयोग कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, 'ईआरओएनईटी' 'एक जैसी प्रविष्टियों को हटाकर और एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित होने वाले मतदाताओं को शामिल करके' चुनावी प्रणाली को बनाए रखने में निर्वाचन अधिकारियों को मदद करता है।




# उत्तराखंड हिमस्खलन: चार और शव मिले

## रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा, 8 हुई मृतकों की संख्या, 46 मजदूरों को बचाया

**एजेंसी, चमोली**

**उत्तराखंड** के चमोली में 28 फरवरी को हुए हिमस्खलन में फंसे 8 मजदूरों की मौत हो गई। इनमें 4 की रेस्क्यू के बाद इलाज के दौरान मौत हुई, जबकि रविवार को 4 शव निकाले गए। 46 मजदूरों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

हादसे के दूसरे दिन शुक्रवार को 17 लोगों को निकाला गया था। शनिवार को 33 लोगों निकाले गए थे, इन्हीं में से चार लोगों की मौत हुई थी। पहले लापता मजदूरों की संख्या 55 बताई गई थी, लेकिन शनिवार को पता चला कि एक मजदूर बिना बताए कैंप से अपने गांव चला गया था। हादसा चमोली के माणा गांव में मोली-बद्रीनाथ हाईवे पर बीआरओ के मजदूर कंटेनर हाउस में रुके थे, तभी बर्फ का पहाड़ खिसक गया। सभी मजदूर इसकी चपेट में आ गए।



### चार मजदूरों की हालत गंभीर, ऋषिकेश एम्स रेफर

**रेस्क्यू** किए गए 46 मजदूरों को जोशीमठ के आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से दो की हालात गंभीर होने के बाद ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया है। एम्स के पीआरओ ने बताया कि रविवार को एक और मरीज को एयरलिफ्ट करके यहां लाया गया है। उसे पेल्विक इंजरी है। शनिवार को स्पाइनल इंजरी के कारण एक मजदूर को लाया गया था। उसके पैर काम नहीं कर रहे हैं। टेस्ट रिपोर्ट ठीक रही तो उसकी सर्जरी की जाएगी। जोशीमठ आर्मी हॉस्पिटल में डॉक्टरों की टीम 44 मजदूरों का इलाज कर रही है। मेजर अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि दो मजदूरों की हालत गंभीर है। हालांकि, सभी खतरे से बाहर हैं।

**कवायद** शासन और प्रशासन का काम आएगा ट्रैक पर; जनता को घरद्वार तक मिलेंगी बेहतर सरकारी सेवाएं

# सीएम डैशबोर्ड से होगी कल्याणकारी योजनाओं पर सीधी निगाह!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**हिमाचल** प्रदेश के सभी सरकारी विभाग जल्द सीएम डैशबोर्ड के दायरे में आने वाले हैं। केपीआई की संख्या बढ़ाने पर भी विचार हो रहा है। एक बार यह प्रक्रिया पूरी होने पर सभी बोर्ड व निगम भी इसमें शामिल हो जाएंगे।

शासन व प्रशासन में बिखरे डाटा संग्रह को एक जगह संग्रहित किया जाएगा, जिससे विश्लेषण करने में आसानी होगी। आधुनिक तकनीक टी इस विधा से भविष्य की चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। सभी सरकारी विभागों को जनता तक गुणवत्तापूर्वक सेवाएं प्रदान करने में आसानी होगी। डिजिटल प्रौद्योगिकी यानी डैशबोर्ड और शासन विभाग ने मिलकर आठ सरकारी विभागों के 66 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को अर्थात केपीआई की प्रगति और प्रदर्शन की निगरानी के लिए सीएम डैशबोर्ड को धरातल पर उतारा गया है। इसमें ग्रामीण विकास, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, राजस्व महिला और बाल विकास विभाग सहित शिक्षा जनजातीय विकास और स्वास्थ्य विभागों के संकेतकों को शामिल किया है, जो विकास की गति को तेज करने व विभिन्न विभागों के लाभार्थियों की सटीक जानकारी एक मंच पर उपलब्ध कराने में सहायक होंगे।

**डाटा संग्रह का भी होगा एक जगह संग्रहण**

### लोगों के कल्याण को मिलेगी प्राथमिकता

**सीएम** डैशबोर्ड में अभी तक 11 लाख से अधिक लाभार्थियों का डाटा उपलब्ध है, जो सरकार की जनहित विकासात्मक योजनाओं का अहम हिस्सा है। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस दिशा में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं कि सबसे पहले प्रदेश के लोगों का कल्याण सुनिश्चित किया जाए। इसके दृष्टिगत जो भी आंकड़े प्रस्तुत किए जाएं, उसमें किसी तरह का घालमेल नहीं होना चाहिए। अहम पहलू यह है कि यह डैशबोर्ड सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति को ट्रैक पर लाएगा और उसे बेहद सरल बनाएगा। समय रहते निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी सुधार होगा और उसे संचालित करने में अंतर्दृष्टि मिलेगी। वहीं, लोगों के कल्याण को प्राथमिकता मिलेगी।

### ये राज्य कर रहे डैशबोर्ड का उपयोग

**गुजरात,** महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश कर्नाटक ,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कुछ अन्य राज्य भी अभी डैशबोर्ड का उपयोग कर रहे हैं, जिससे शासन और प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखने और जनहित से जुड़े कार्यों को समय रहते पूरा करने में मदद मिल पा रही हैं। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश भी अब इस प्रणाली से सीधे तौर पर जुड़ गया है, जिसके आने वाले समय में बेहतर परिणाम मिलने की उम्मीद है।

### पारदर्शिता आएगी जवाबदेही बढ़ेगी

**शासन**-प्रशासन में पारदर्शिता आएगी और आला स्तर के बड़े नौकरशाओं की जवाबदेही भी बढ़ेगी। सीधे तौर पर उन पर दबाव भी घटेगा, जो अभी तक दबाव का बहाना बनाकर जनता के कामों को सही समय तक आगे नहीं बढ़ाते थे और सरकारी फाइलें इधर-उधर घूमती रहती थी। अब डेशबोर्ड से तमाम जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी और इससे खुद सीएम को जनता से जुड़े मसलों पर निर्णय लेने में आसानी रहेगी।



## न्यूज ब्रीफ

### धूमल ने महाराज के ब्रह्मलीन होने पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने रविवार को श्री श्री 1008 सुग्रीव आनंद महाराज के ब्रह्मलीन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत दुखद है और उनके जाने से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। महाराज ने अपने संपूर्ण जीवन में धर्म, सेवा और सद्भाव के संदेश को फैलाने का कार्य किया। उनका जीवन समाज के लिए एक आदर्श था, जिसमें उन्होंने भाईचारे और सौहार्द की भावना को मजबूत किया। महाराज ने अपने उपदेशों और कार्यों के माध्यम से समाज में प्रेम, शांति और एकता का संदेश दिया। उन्होंने हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर मानवता की सेवा की और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे। धूमल ने उनके निधन को आध्यात्मिक जगत के लिए एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पूज्य गुरु जी को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके अनुयायियों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि गुरु जी का आशीर्वाद सदैव समाज के साथ रहेगा और उनके विचारों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल अनुयायियों और भक्तों के साथ हैं।

### जोल सप्पड़ पंचायत में छिंज अब 8 मार्च को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जोल सप्पड़ पंचायत में आयोजित होने वाली छिंज अब 8 मार्च को होगी। कमेटी के प्रधान राजकुमार ने बताया कि यह फैसला रविवार को कमेटी की बैठक में लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले यह छिंज 28 मार्च को रखी गई थी, लेकिन वर्षा के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि बड़ी माली के विजेता को 10,000 रुपए और उपविजेता को 8100 रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। जबकि छोटी माली में केवल हिमाचल के पहलवानों को ही शामिल किया जाएगा। इसमें विजेता को 4,100 रुपए व 3,100 रुपए देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने पहलवानों से अधिक से अधिक संख्या में कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया है। बैठक में कमेटी सदस्य सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक ठाकुर सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

### सम्मान समारोह में राकेश का भव्य स्वागत

**सुनील कुमार, हमीरपुर।** कृषि विभाग के मंडलीय अभियंता (मृदा संरक्षण), उत्तर क्षेत्र, पालमपुर में वृत्त मुख्य प्रारूपकार के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले राकेश कुमार शर्मा 28 फरवरी को अपने पद से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के उपरांत, उनके सम्मान में एक विशेष स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उनके परिवार, मित्रों और सहकर्मियों ने भाग लिया। राकेश शर्मा का उनके परिवार ने बड़े ही आत्मीय भाव से स्वागत किया। राकेश कुमार शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान कृषि विभाग में अनुकरणीय योगदान दिया और अपनी मेहनत, ईमानदारी एवं कार्यकुशलता से विभाग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। (अनंत ज्ञान)

### आइडिया पिच प्रतियोगिता में छात्रों ने रखे अपने विचार



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विवि हमीरपुर के जूलॉजी विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के सहयोग में आइडिया पिच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने हर्बल मेडिसिन समाधान, आत्महत्या रोकने के लिए डिजाइन किया गया सीलिंग फैन, एक अभिनव बुना हुआ स्वेटर और सेब के बगीचों की निगरानी के लिए ड्रोन जैसे विचार प्रस्तुत किए। डॉ. नेहा और डॉ. शैलजा द्वारा प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया, जिसमें उन्होंने नवाचार, व्यावहारिकता और बाजार क्षमता के आधार पर प्रत्येक पिच को परखा। विजेता टीम को उनके असाधारण हर्बल मेडिसिन अवधारणा के लिए सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 60 टीमों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 7 टीमों ने अंतिम चरण में स्थान बनाया। उनकी नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता सराहनीय रही। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शुभम कपिल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निखिल पराशर ने छात्र समन्वयक की भूमिका निभाई, जिससे यह प्रतियोगिता युवा नवाचारकों के लिए एक प्रभावशाली मंच बना।

# छुट्टियों को लेकर उच्च-प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशकों ने भेजे सुझाव

## ग्रीष्मकालीन स्कूलों के लिए शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025-26 का खेलों और छुट्टियों का कैलेंडर किया जारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**




**ग्रीष्मकालीन स्कूलों में छुट्टियों का शेडयूल सरकार ने नहीं किया है जारी**

प्रदेश शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन स्कूलों में शैक्षणिक और खेलों का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। वार्षिक कैलेंडर में अभी तक छुट्टियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। हालांकि शिक्षा विभाग ने उच्च शिक्षा उपनिदेशक और प्रारंभिक उपनिदेशक से छुट्टियों के संबंध में सुझाव मांगे थे, जिन्हें शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है।

ग्रीष्मकालीन स्कूलों में छुट्टियों को लेकर अभी भी असमंजस बना हुआ है, क्योंकि नए शेड्यूल के हिसाब से सारी सिस्टम गड़बड़ा गया है। ग्रीष्मकालीन स्कूलों में पहले जुलाई और अगस्त में दो माह की छुट्टियों होती थीं, लेकिन इस शेड्यूल को बदल दिया गया है। अब जून और जुलाई माह में 45 दिन की छुट्टियों होती हैं और त्योहारों को लेकर 5 से 6 छुट्टियों दी गई हैं, इसलिए शिक्षा विभाग ने उपनिदेशकों से सुझाव मांगे हैं। प्रदेश सरकार छुट्टियों को लेकर फैसला करेगी।

हालांकि अभी इस बारे में प्रदेश सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फिर भी यह उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार छुट्टियों में बदलाव किया जाएगा। बता दें कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए वार्षिक कैलेंडर में पहली अप्रैल से दाखिले शुरू हो जाएंगे और पहली अप्रैल से एक मई तक रेमेडियल कक्षाएं पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों की लगाई जाएंगी।

एफए वन परीक्षाएं मई के तीसरे सप्ताह में, एफए 2 की परीक्षाएं जून माह के तीसरे सप्ताह, एफए 3 परीक्षाएं नवंबर माह के तीसरे सप्ताह में और एफए 4 की परीक्षाएं जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। वहीं एसस-1 की परीक्षाएं सितंबर माह के तीसरे सप्ताह में और एसए-2 की परीक्षाएं मार्च माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। वहीं, इस वर्ष भी जारी किए कैलेंडर के अनुसार 22 जून से 29 जुलाई तक मानसून ब्रेक और दीवाली और लोहड़ी की छुट्टियां दी गई है। वहीं इस वर्ष प्रारंभिक और उच्च स्कूलों में ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक आयोजित की जाने वाली खेलकूद प्रतियोगिताएं भी अप्रैल माह से शुरू कर दी जाएंगी। वहीं, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं अक्तूबर माह से पहले समाप्त कर दी जाएंगी जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

इस बारे में उच्च शिक्षा उपनिदेशक माही राम चैहान ने बताया कि वार्षिक कैलेंडर के अनुसार अभी तक छुटिटयों के शेड्यूल नहीं बदला गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से छुट्टियों को लेकर सुझाव मांगें गए थे, वे भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ही स्कूलों में छुट्टियों को लेकर निर्णय लेगी। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती में 879 पुरुष अभ्यर्थियों ने शारीरिक मानक परीक्षा की उत्तीर्ण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद के कुल 1226 पदों (पुरुष व महिला आरक्षी पद) को भरने के लिए हमीरपुर जिले में भर्ती की प्रक्रिया 28 फरवरी से जारी है। रविवार को अणू मैदान हमीरपुर में आरक्षी पद की भर्ती के लिए शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए कुल 1500 पुरुष अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिनमें से कुल 953 पुरुष अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए आज पंजीकृत हुए।

इनमें से आज कुल 879 पुरुष अभ्यर्थियों ने शारीरिक मानक परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा 74 पुरुष अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं। 28 फरवरी से लेकर 2 मार्च तक कुल 2975 पुरुष अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए, जिनमें से आज दिन तक कुल 850 पुरुष अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं तथा आज दिन तक कुल 2081 पुरुष अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। 44 पुरुष अभ्यर्थी शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।

वहीं, हमीरपुर जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 3 मार्च को आयोजित होने वाली शारीरिक मानक व शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए कुल 1500 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है (जिनमे पुरुष अभ्यर्थी 1168 तथा महिला अभ्यर्थी 332 शामिल हैं)।

## 'अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता' की सोच से कार्य कर रही सरकार : राकेश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं को यह कहने का हक नहीं है कि प्रदेश से भाजपा के सात सासंदों की अनदेखी की बजह से केंद्रीय बजट में कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस नेता को बयानवीर बनने से पहले केंद्र में अपने 60 वर्षों के इतिहास की तरफ झांक लेना चाहिए ताकि उन्हें पता चल जाए कि हिमाचल को उनके समय में क्या क्या सौगातें मिलीं।



राकेश ठाकुर
भाजपा जिलाध्यक्ष

रही बात वर्तमान बजट 2025-2026 की, तो आयकर का दायरा बढ़ने से प्रदेश के कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनमानस को इसका सीधा लाभ पहुंचा है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 5 लाख का ऋण सब्सिडी ब्याज पर उपलब्ध होता रहेगा। हिमाचल को आने वाले 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलने से हिमाचल की आर्थिकी में सुधार होगा। जल जीवन मिशन का दायरा 2028 तक बढ़ा दिया है। मेडिकल टूरिज्म, बौद्ध टूरिज्म से पर्यटन को पंख लगेंगे, जिससे धर्मशाला, कुल्लू, मनाली, लाहौल-स्पीति व अन्य क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग का विस्तार होगा।

उन्होंने कहा कि मुद्रा लोन के जरिए होमस्टे को बढ़ावा देने से युवाओं को रोजगार मिलेगा। लघु सूक्ष्म व मध्यम उद्योगों की गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किया गया है, जिससे उद्योग वर्ग लाभान्वित होगा, साथ ही युवाओं का उद्यमी बनना आसान होगा। रेलवे विस्तार के लिए हिमाचल प्रदेश को 2716 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान है, जो कि पिछले वर्ष 2698 करोड़ के मुकाबले 18 करोड़ अधिक है। बड़ी-बड़ी सड़क परियोजनाएं जैसे मटौर-शिमला, किरतपुर-मनाली, जालंधर-मंडी व अन्य कार्य प्रगति पर हैं। एम्स मेडिकल कॉलेज, हाइड्रोइंजीनियरिंग कॉलेज, केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा, ट्रिपल आईटी ऊना, सैटेलाइट पीजीआई सेंटर ऊना, मेडिकल डिवाइस पार्क हरोली व हिमाचल को अपना दूरदर्शन का चैनल देना भी हमीरपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग ठाकुर की ही देन है।

जो सरकार झूठे वादे करके सता में आई है, वह अब प्रदेश के धार्मिक मंदिरों का पैसा भी हड़पना चाहती है, साथ ही अपने मित्रों का मानदेय भत्ते बढ़ाकर उन्हें खुश रखना चाहती है। 'अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता' ऐसी सोच के साथ प्रदेश सरकार काम कर रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि इन्हें प्रदेश की आर्थिकी से कोई लेना-देना नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## उखली के शर्मा परिवार ने रेडक्रॉस को दी बेटी के शगुन की राशि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के गांव उखली के शर्मा परिवार ने अपनी बेटी की शादी के दौरान रिश्तेदारों और अन्य लोगों से प्राप्त शगुन की पूरी राशि को जिला रेडक्रॉस सोसाइटी को दान कर दिया है।

उखली निवासी आदर्श शर्मा और सीमा शर्मा की पुत्री तथा ओपी शर्मा की पौत्री आयुषी की शादी 25 फरवरी को चंडीगढ़ के निकट जीरकपुर में विपुल सांगवान के साथ हुई थी और रविवार को गांव में प्रीति भोज यानि धाम का आयोजन किया गया। शर्मा परिवार की ओर से विशेष निमंत्रण पर उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह, सोसायटी के सचिव लवकेश शर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने धाम में पहुंचकर नवदंपत्ति एवं शर्मा परिवार को बधाई दी। इस दौरान आयुषी को शगुन के रूप में 90,552 रुपए मिले। शर्मा परिवार ने इसमें लगभग डेढ़ हजार रुपए अपनी ओर से डालकर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव को 1,01,000 रुपए की राशि सौंप दी। जिला रैडक्रॉस सोसाइटी में अंशदान के लिए एक 5 वर्षीय सिल्की ने अपनी मां ममता देवी से जिला रैडक्रॉस सोसायटी में कुछ अंशदान देने की इच्छा व्यक्त की। ममता देवी ने भी तुरंत सिल्की की ओर से 100 रुपए का अंशदान रैडक्रॉस सोसाइटी के सचिव को सौंप दिया। डीसी ने बताया कि प्राप्त अंशदान की राशि को जरूरतमंदों पर खर्च किया जाता है।

## दिव्यांग आदर्श को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जन सेवा युवा संघ समिति मैहरे द्वारा रविवार को शिव संध्या पर भजन का आयोजन किया गया। इसमें आर्टिस्ट आदर्श शर्मा द्वारा उमंग शर्मा हिमाचली मुंडा श्याम गायक की अपने हाथों से बनाई पेंटिंग स्केच जन सेवा युवा संघ समिति मैहरे द्वारा भेंट की। वहां आर्टिस्ट आदर्श शर्मा पर अरविंद मीडिया प्रभारी परमजीत ढटवालिया, सुनील कुमार, जसवीर, अमित कपूर, जोशील शर्मा, रूबल ठाकुर, रुद्राक्ष व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जन सेवा युवा संघ समिति मैहरे द्वारा आदर्श शर्मा व अन्य गणमान्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। आदर्श शर्मा व अन्य गणमान्य अतिथियों को मान सम्मान देने के लिए जन सेवा युवा संघ समिति मैहरे का दिल से धन्यवाद करते हैं।

## मंदिरों की संपत्ति श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सरकार की फिजूलखर्ची के लिए नहीं : लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मंदिरों की निधि को सरकारी योजनाओं में इस्तेमाल करने के फैसले पर भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का धन श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारियों के कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि सरकार की असफल नीतियों को चलाने के लिए।



सनातन संस्कृति और आस्था का केंद्र रहे मंदिरों की संपत्ति को जनता के लिए उपयोग करने के बजाए, सरकार अपने आर्थिक कुप्रबंधन को छुपाने के लिए इस निधि पर निर्भर हो रही है। यह फैसला न केवल हिंदू समाज की आस्था पर आघात है, बल्कि प्रदेश सरकार की आर्थिक बदहाली का भी प्रमाण है। मंदिरों का धन श्रद्धालुओं और धार्मिक स्थलों की बेहतरी के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस निधि को मंदिरों में सुविधाओं के विस्तार, पर खर्च किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाएं मिल सकें। सरकार को मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारियों के हितों का भी ध्यान रखना चाहिए। मंदिरों की निधि से ट्रस्ट कर्मचारियों को दुर्घटना बीमा और आर्थिक सुरक्षा मिले। यदि किसी ट्रस्ट कर्मचारी की सेवा काल में मृत्यु हो जाए तो उसके परिवार को करुणामूलक आधार पर नौकरी दी जाए। मंदिरों के रखरखाव में लगे कर्मचारियों को वेतन और अन्य लाभ दिए जाएं। भाजपा विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने गैर-जरूरी खर्चों को कम करने के बजाए अब धार्मिक स्थलों की संपत्ति पर नजर गड़ा रही है। करोड़ों रुपये विज्ञापनों और सरकारी प्रचार पर खर्च किए जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर कैबिनेट रैंक के सलाहकार नियुक्त किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। प्रदेश सरकार के पास कर्मचारियों के वेतन और पेंशन देने के लिए धन नहीं है, लेकिन अनावश्यक खर्चों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि यदि सरकार अपनी फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखे तो राज्य की आर्थिक स्थिति स्वत: ही सुधर सकती है। (अनंत ज्ञान)

**जरूरत पड़ी तो उच्च न्यायालय में जाएंगे**

इंद्रदत्त लखनपाल ने स्पष्ट किया कि यदि प्रदेश सरकार ने मंदिरों के धन को सरकारी योजनाओं में इस्तेमाल करने का निर्णय वापस नहीं लिया, तो भाजपा इसे लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

## जाहू बस अड्डे का होगा जीर्णोद्धार नए सिरे से बनेंगे शौचालय : सुरेश

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि तीन जिलों का संगम स्थल जाहू पिछले 35 वर्षों में विकास में पिछड़ा हुआ है, लेकिन वर्तमान सरकार इसे विकसित करने का कार्य कर रही है। जाहू में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि जाहू बस अड्डे का प्राथमिकता से जीर्णोद्धार किया जा रहा है क्योंकि जाहू व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कस्बा है।



उन्होंने कहा कि खस्ताहाल बस अड्डे की स्थिति से पूरी वह तरह से बाकिफ हूं। बस अड्डे में सबसे पहले पानी की निकासी की समस्या को दूर किया जाएगा। सबसे पहले बाजार की नालियों का निर्माण किया जाएगा। इसमें बस अड्डे की नालियों का पानी डाला जाएगा। इसी तरह पुराने शौचालय की जगह नए शौचालय का निर्माण किया जा रहा है तथा दिव्यांगों के लिए भी अलग से शौचालय बनेगा।

विधायक ने कहा कि बस अड्डे के बार-बार उखड़ने की समस्या के स्थाई हल के लिए पक्के पेबर ब्लॉक लगाए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बस अड्डे के कार्यालय को मध्य में करने की संभावना तलाशी जा रही है ताकि बसें चारों तरफ खड़ी हो सकें। उन्होंने कहा कि जाहू में मंदिर की सड़क को पेबर ब्लॉक से पक्का किया गया है तथा पानी की निकासी भी की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से भोरंज विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रूपए से विकास कार्य चले हुए है। इससे भोरंज विधानसभा क्षेत्र उन्नति व प्रगति की ओर अग्रसर है।

## सुजानपुर में सभी विकास होंगे : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



**बोले-5 मार्च को पूर्व विधायक किसलिए कर रहे आंदोलन**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा से सवाल किया है कि वो 5 मार्च को सुजानपुर में कौन-सा आंदोलन, किसलिए करने जा रहे हैं। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि जब राणा विधायक थे, तब तो क्षेत्र की जनता के बजाए अपने व्यक्तिगत विकास में ही मशगूल रहे।

अब क्षेत्र के विकास की बड़ी चिंता करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर क्षेत्र में जो भी बड़ा कार्य शुरू होता है तो विधायक उसके ऊपर वह टिप्पणी करते हैं कि यह धनराशि उन्होंने मंजूर करवाई थी, लेकिन उन्हें यह भी ज्ञान होना चाहिए कि यह मंजूरी मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार में हुई थी। मुख्यमंत्री उस समय भी सुजानपुर का विशेष ध्यान रखते थे और अब भी सुजानपुर की जनता उनके लिए विशेष है। अब तो वर्तमान विधायक का दायित्व है कि वे क्षेत्र के विकास के लिए भरपूर योगदान दें। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक चिंता न करें, सुजानपुर में शीघ्र ही आधुनिक बस अड्डा भी बनेगा। जलशक्ति विभाग का डिवीजन भी खुलेगा तथा डिग्री कॉलेज भी बनेगा, लेकिन वहीं बनेगा, जहां क्षेत्र की जनता चाहेगी। उन्होंने कहा कि टौणी देवी की जनता ने कभी मांग नहीं की कि वहां पर डिग्री कॉलेज खोला जाए, क्योंकि डिग्री कॉलेज उनके पास पड़ोस में ही अणू और कंज्याण में चल रहा है, लेकिन विधायक ने मांग की और मुख्यमंत्री ने मान भी ली। आज तक वहां पर कोई एडमिशन नहीं है। टौणी देवी की जनता तो वहां एसडीएम ऑफिस चाहती थी। अगर उन्होंने मुख्यमंत्री से इसे मांगा होता तो कॉलेज की जगह आज एसडीएम ऑफिस होता।

राजेंद्र वर्मा ने कहा है कि सुजानपुर में चल रहे बेतहाशा विकास कार्यों को देख विरोधी दलों के कुछ तथाकथित नेता स्थानीय विधायक से इतने परेशान हो रहे हैं कि अब वे उनके सेना में मिले रैंक पर भी अभद्र टिप्पणी करने लगे हैं। वे जानबूझकर मीडिया बयानों में उन्हें सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन से संबोधन कर रहे हैं। क्षेत्र में हजारों सेवानिवृत्त ऑनरेरी कैप्टन हैं जिन्हें आम लोग आम संबोधन में कैप्टन कह कर ही पुकारते हैं और यह नेता भी उन्हें कैप्टन ही कहते हैं, लेकिन कैप्टन रणजीत सिंह को उन्हें कैप्टन कहने में शर्म महसूस क्यों होती है।

इस अवसर पर नगर परिषद सुजानपुर की पूर्व अध्यक्ष बीना धीमान, महासचिव सिद्धार्थ वालिया, सेवादल के मनोज शर्मा, राकेश अग्निहोत्री, सुरजीत कुमार, अनिल पुरी, युवा कांग्रेस के पवन कुमार, महिला कांग्रेस की प्रवीण मोहिनी, मधुबाला, हरप्रीत कौर सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने बड़सर कॉलेज के मेधावियों को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, बड़सर**

राजकीय महाविद्यालय बड़सर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेता सुभाष चंद डटवालिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को नई दिशा दिखानी होगी। पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों में खेलकूद गतिविधियों का होना और उनमें भाग लेना भी जरूरी है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी।

इस दौरान अजीत दीवान के द्वारा बासु मेमोरियल संस्था की तरफ से महाविद्यालय के प्रथम, द्वितीय व तृतीया प्राप्त स्थान बच्चों को सम्मानित किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में 11000 रुपए की राशि महाविद्यालय को अपनी तरफ से दी। इस शुभ अवसर पर पूर्व एमएलए मंजीत डोगरा जी उपस्थित रहे जिन्होंने विद्यालय संबंधी जानकारी साझा की। इस समारोह में उपप्राचार्य डॉ. मनोज डोगरा तथा प्रोफेसर ज्योत्सना ने मंच का संचालन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कॉलेज के मेधावियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल डोगरा डॉ. विजय ठाकुर, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. मस्तराम, प्रो. धर्मेंद्र प्रो. ज्योति मोदगिल, प्रो. मधु, प्रो., श्वेता आदि उपस्थित रहे।

**कला** | अनीता के हाथों से बनी पपीते और आंवले की बर्फी ने बनाई अलग पहचान

## स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कारोबार में पेश की मिसाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**





**गांव की अन्य 10 महिलाओं को भी दे रहीं रोजगार**

लोग घी और तेल की चिकनाई तथा चीनी से परहेज करते हैं, ऐसे में क्या बर्फी, लड्डू-पेड़े के स्वाद का मजा ले सकते हैं। क्या इन लोगों को ऐसी बर्फी, लड्डू और पेड़े खाने को मिल सकते हैं, जिनमें घी, तेल और चीनी का प्रयोग ही न किया गया हो। क्या घी या तेल और चीनी के बगैर भी इस तरह की मिठाइयां बनाई जा सकती हैं। अमूमन, आपको इन सभी प्रश्नों के उत्तर तो 'न' में ही मिलेंगे, लेकिन हमीरपुर जिले के नादौन उपमंडल के एक छोटे से गांव जंदली गुजरां में आपको इस तरह की अत्यंत स्वादिष्ट, पौष्टिक गुणों से भरपूर और घी-तेल एवं चीनी से रहित मिठाइयां मिल जाएंगी।

ये गुणकारी मिठाइयां किसी बड़े उद्यम या फैक्टरी में नहीं बन रही हैं, बल्कि एक आम ग्रामीण महिला द्वारा बनाया गया एक छोटा सा महिला स्वयं सहायता समूह ही ये मिठाइयां बना रहा है। राधे-कृष्णा स्वयं सहायता समूह की इन गुणकारी मिठाइयों ने सिर्फ हमीरपुर जिले में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। नादौन उपमंडल के रंगस क्षेत्र के गांव जंदली गुजरां की अनीता ठाकुर ग्रामीण क्षेत्रों की आम महिलाओं की तरह ही अपना जीवन-यापन कर रही थीं।

वह गाय-भैंस का दूध बेचकर हर माह कुछ आय अर्जित कर रही थी। अपनी आय बढ़ाने के लिए उन्होंने आतमा परियोजना की मदद से छोटे पैमाने पर पनीर और खोआ का उत्पादन शुरू किया। इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिला स्वयं सहायता समूह के गठन के लिए प्रेरित किया। अनीता ठाकुर ने राधे-कृष्णा स्वयं सहायता समूह का गठन किया और कृषि विज्ञान केंद्र में अचार, चटनी, आंवला कैंडी और अन्य मिठाइयां बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कुछ वर्ष पहले पति की मृत्यु के बाद अनीता ठाकुर पर परिवार की पूरी जिम्मेदारी भी आ गई। इसलिए, उन्होंने अपनी आय बढ़ाने के लिए राधे-कृष्णा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से पपीते और आंवले इत्यादि की मिठाई का उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया। आज यह समूह बड़े पैमाने पर पपीते और आंवले की बर्फी, लड्डू, पेड़े और कैंडी तैयार कर रहा है। इन सभी मिठाइयों में घी, तेल और चीनी का प्रयोग नहीं किया जाता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण घी और तेल की चिकनाई तथा चीनी से परहेज करने वाले लोग भी इन मिठाइयों का स्वाद ले सकते हैं।

अनीता ठाकुर ने बताया कि मिठाइयों के उत्पादन से उन्हें काफी अच्छी आय हो रही है और इससे लगभग 10 अन्य महिलाओं को भी सीधा रोजगार मिल रहा है। उन्होंने इसी आय से नया मकान बनाया और लड़की की शादी भी की। वह अपनी दो अन्य बच्चों का पालन-पोषण भी कर रही हैं। इस प्रकार, अनीता ठाकुर ग्रामीण विकास विभाग की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन तथा अपने सराहनीय प्रयास के कारण अन्य महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरी हैं।

## बिझड़ी सोसायटी के शेयर धारकों को दिया जाएगा 12 प्रतिशत लाभांश

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

बिझड़ी कृषि एवं सहकारी सभा सीमित ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए करीब 11 लाख रुपए का लाभ कमाया है। रविवार को हुई सोसायटी की आम सभा में प्रधान सुरजीत सिंह राणा ने यह जानकारी दी। उन्होंने सोसायटी के अंशधारकों को 12 प्रतिशत लाभांश देने की घोषणा भी की। इसके अलावा बैठक में सोसायटी ने कई अन्य अहम फैसले भी लिए। रविवार को बिझड़ी सोसायटी के भवन में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान राणा ने की।

सर्वकल्याण प्रार्थना के साथ शुरु हुई बैठक में प्रधान ने सोसायटी की वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट पेश की। उन्होंने कहा कि सोसायटी गत वर्षों से बेहतरीन कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि सोसायटी ने बीते वित्त वर्ष में करीब 11 लाख रुपए का शुद्ध लाभ कमाया। इसी के साथ उन्होंने घोषणा की कि सोसायटी ने बीते वर्ष की तरह इस साल भी सभा के अंशधारकों को 12 प्रतिशत का लाभांश देने का फैसला किया है। राणा ने सोसायटी की भविष्य की योजनाएं भी सदस्यों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि सोसायटी जल्द ही जन औषधि केंद्र खोलने जा रही है। इसकी स्थापना का काम प्रगति पर है। सोसायटी अपने भवन का विस्तार करने जा रही है। सभा कार्यालय के प्रथम तल पर मीटिंग हॉल बनाया जाएगा। सोसायटी भवन में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने का भी फैसला लिया है।

सोसायटी के कर्मचारियों को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के अधीन पंजीकृत करने का फैसला भी लिया गया है। इस फैसले से कर्मचारियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होगा। बैठक में अंशधारकों से भी सोसायटी की उन्नति में भागीदार बनने के लिए सुझाव लिए गए। बैठक में उपप्रधान रणधीर सिंह, सदस्य ज्ञान चंद, सूरम सिंह, रत्न चंद, प्रेम दास, सचिव प्रिंस ठाकुर, सेल्समैन भृतेष ढटवालिया समेत बड़ी संख्या में अंशधारक मौजूद रहे।

# हिमाचल को भारत में पहचान दिलाता है महाशिवरात्रि महोत्सव : अग्निहोत्री

## उपमुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की मध्य जलेब में हुए शामिल

**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में देवी-देवताओं के साथ निकली श्री राज देव माधो राय की पारंपरिक 'मध्य जलेब' शोभायात्रा में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने राज देवता श्री राज माधो राय मंदिर में पूजा-अर्चना की। मध्य जलेब श्री राज माधो राय मंदिर से शुरू होकर पड्डल मैदान में संपन्न हुई। खिली धूप में हजारों की संख्या में लोग जलेब में शामिल हुए। शोभायात्रा में देवी-देवताओं के साथ आए देवलु पारंपरिक परिधान पहने अपने स्थानीय देवताओं के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

बता दें कि महोत्सव में पूरे क्षेत्र से 300 से अधिक देवी-देवता पधारे हैं। पड्डल में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी शिवरात्रि महोत्सव हमारी आस्था का प्रतीक है। महाशिवरात्रि महोत्सव में इस देवभूमि में देवताओं का समागम पूरे भारत में हिमाचल को पहचान दिलाता है। मंडी शिवरात्रि हो या कुल्लू दशहरा और मिंजर, यहां आयोजित होने वाले मेले हमारे प्रदेश की शान हैं। इन मेलों में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि मंडी शिवरात्रि की अंतरराष्ट्रीय पहचान कायम करने लिए विधायक चंद्रशेखर और उपायुक्त सहित उनकी सारी टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने कि यहां पर आयोजित ब्यास आरती अब लंबे समय तक आयोजित की जाएगी और आने वाले समय में प्रयास किया जाएगा की यहां ब्यास आरती घाट बनाया जाए। मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव को नई ऊंचाइयों देने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इससे पहले उन्होंने टारना में श्यामाकाली मंदिर, अराध्य बड़ा देव कमरूनाग और भीमाकाली मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधायक धर्मपुर चंद्रशेखर, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर और प्रकाश चौधरी, एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, राज्य सहकारी बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल, एचपीएमसी निदेशक मंडल के सदस्य जोगिंद्र गुलेरिया, मेयर नगर निगम विरेंद्र भट्ट, नरेश चौहान, चेत राम ठाकुर, धर्मेंद्र धामी, केशव नायक, डॉ. चंद्रशेखर, जगदीश रेड्डी, विकास कपूर, पार्षद राजेंद्र मोहन, अलकनंदा हांडा, अनिल सेन, उपायुक्त अपूर्व देवगन, एसपी साक्षी वर्मा सहित नगर निगम पार्षद व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### हिमाचल के त्योहारों की बनेगी सूची

**उपमुख्यमंत्री** अग्निहोत्री ने कहा कि भाषा विभाग हिमाचल में जितने भी त्योहार होते हैं, उनकी तारीखों और कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर एक सूची तैयार कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के स्थानीय कलाकारों को इन त्योहारों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में समुचित मंच उपलब्ध करवाया जा रहा है। मेले में व्यय होने वाली निश्चित राशि निर्धारित करके स्थानीय कलाकारों पर व्यय की जा रही है। परिवहन सुविधाओं में विस्तार की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिमला में 2000 करोड़ की लागत से रोपवे का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों को इस ढंग से रोपवे से जोड़ा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक यहां पहुंचे।

# शटरिंग प्लेटों की चोरी का आरोपी 10 माह बाद चंडीगढ़ से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस नशा तस्करों व उद्घोषित अपराधियों के विरुद्ध मिशन मोड के तहत कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शटरिंग प्लेटों की चोरी का आरोपी पुलिस ने 10 माह बाद चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि थाना धर्मपुर के अंतर्गत दर्ज अभियोग संख्या 213/2014 अधीन धारा 411, 379, 34 भादस में न्यायालय द्वारा उद्घोषित किए गए अपराधी संजीव कुमार पुत्र टुलकु राम निवासी ठियोग, जिला शिमला को थाना धर्मपुर की टीम द्वारा एक मार्च को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। यह आरोपी उपरोक्त अभियोग में शटरिंग प्लेटों की चोरी में वांछित था। आरोपी को माननीय न्यायालय सीजेएम सोलन द्वारा दिनांक 7 मई 2024 को उद्घोषित अपराधी करार दिया गया था। इस संदर्भ में आरोपी के विरुद्ध थाना धर्मपुर में अभियोग संख्या 47/2025 दिनांक 2-3-2025 धारा 209,269 बीएनएस 2023 के अंतर्गत दर्ज किया गया है। आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में जांच जारी है।



# अनसोली गांव में दिखे दो संदिग्ध युवा

**अनंत ज्ञान, गगल।** शनिवार को गांव अनसोली में दो संदिग्ध व्यक्ति देखे गए हैं। जानकारी देते हुए अनसोली पंचायत की प्रधान अंबिका देवी ने बताया कि जब वह संदिग्ध व्यक्ति गांव में घूम रहे थे, उन पर शक हुआ तो प्रधान ने उन्हें पूछा कि तुम लोग यहां क्या कर रहे हो। उन्होंने बताया कि हम फोरलेन का सर्वे कर रहे हैं, जिस पर प्रधान ने उन्हें अपने दस्तावेज दिखाने को कहा तो वे संदिग्ध कोई संतोषजनक प्रमाण नहीं दे सके और बाइक से रफू चक्कर हो गए। प्रधान ने इसकी सूचना गगल पुलिस थाने में दी। प्रधान ने उन दोनों को अपने मोबाइल में कैद कर लिया था जिसकी फोटो प्रधान ने पुलिस थाना प्रभारी उधम सिंह ठाकुर को सर्कुलेट कर दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि अब यह पता लगाना है कि दोनों यहां किस चीज की गांव में रेकी कर रहे थे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि ऐसे व्यक्ति कहीं भी संदिग्धावस्था में दिखाई दें तो तुरंत उनकी फोटो लेकर पुलिस को सूचित करें, ताकि पुलिस उनको पकड़ने में सफल हो सके।



# एक्सीडेंटल हिंदू राहुल गांधी के हिंदू विरोधी सिपहसालार हैं सुक्खू : अनुराग ठाकुर

## कांग्रेस पार्टी और इसके सहयोगी दल हैं सनातन विरोधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा हिमाचल के बड़े मंदिरों से पैसे मांगने को सनातन का अपमान बताते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को आलाकमान एक्सीडेंटल हिंदू राहुल गांधी के हिंदू विरोधी सिपहसालार बताया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इसके सहयोगी दल सनातन विरोधी हैं। कांग्रेस के नेता अक्सर सनातन धर्म के खिलाफ बयान देते रहते हैं और सनातन विरोधी कार्य करते हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में सनातन को आगे बढ़ाने का काम किया है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार का सनातन विरोधी चेहरा सामने आ गया है। सुक्खू सरकार द्वारा राज्य के 36 मंदिरों को राज्य की योजनाओं के लिए धन देने का आदेश हिंदू आस्था व विश्वास पर गहरा आघात है।

क्या मंदिर के धन का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं को चलाने के लिए किया जाना चाहिए या इस इस्तेमाल सनातन धर्म के अनुयायियों के कल्याण के लिए होना चाहिए? खटाखट स्कीम चलाने वाले राहुल गांधी के करीबी सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार के पास राज्य के कामकाज और विकास के लिए पैसे नहीं है? क्या हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार अब भगवान भरोसे है? चुनाव के समय राहुल गांधी की खटाखट योजना और मुफ्त की रेवड़ी से भले ही कांग्रेस चुनाव जीत गई हो, लेकिन इनके आर्थिक कुप्रबंधन से आज हिमाचल का ख़ज़ाना ख़ाली हो गया और प्रदेश पर 97 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज चढ़ गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू एक्सीडेंटल हिंदू राहुल गांधी के हिंदू विरोधी सिपहसलार हैं।



### सुक्खू सरकार के पास सैलरी और पेंशन देने के लिए नहीं है पैसे

**अनुराग** ने कहा कि ज्यादा पुरानी बात नहीं है, जब हिमाचल में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में अपनी जीत को 95 प्रतिशत हिंदुओं की हार के रूप में दिखाया था। यह हमारी गौरवशाली विरासत पर हमला था। सुक्खू सरकार के पास सैलरी और पेंशन तक देने के लिए पैसे नहीं है तो अब वो मंदिरों के खजाने पर बुरी दृष्टि डाले बैठे हैं। हिंदू समाज यह कदापि स्वीकार नहीं करेगा। राज्य सरकार को अपना यह हिंदू विरोधी निर्णय वापस लेना चाहिए और साथ ही इस कुकृत्य के लिए कांग्रेस को हिंदू समाज से क्षमा याचना भी करनी चाहिए।

# हिमाचल में 90 के दशक में पन्नी ठन्नी के नाम से पहुंचा था चिट्टा

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में तबाही मचा रहा चिट्टा 1990 से 2000 के दशक में ही पन्नी-ठन्नी के नाम से पहुंच गया था। चिट्टा तस्करों ने बड़ी चालाकी से पर्यटक स्थलों व आसपास के अमीर तबके को अपने जाल में फंसाना शुरू कर दिया था। मौजूदा समय में हिमाचल में अब कई ग्रामीण परिवेश संग घरों में सिंथेटिक ड्रग्स प्रवेश कर चुके हैं। जिसमें समाज, शासन, प्रशासन व पुलिस विभाग पूरी तरह से मूकदर्शक बना है। अब चिट्टा, अफीम, भुक्की, चरस, इंजेक्शन व अन्य सिंथेटिक ड्रग्स को जड़ से मिटाने के लिए बड़े स्तर पर कार्रवाई की दरकार है।

मैट्रो हार्न सोसायटी धर्मकोट भागसूनाग धर्मशाला, जिला कांगड़ा ने अपने सर्वे में कई अहम चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इससे पहले सोसायटी धर्मशाला की ओर से ग्रामीण स्तर पर सिंथेटिक ड्रग्स के बड़े स्तर पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को लेकर वर्ष 2024 में ही अलर्ट किया गया था। इस दौरान सरकार, प्रशासन व पुलिस विभाग को ग्रामीण स्तर पर किए गए सर्वे के महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत किए गए थे। बावजूद इसके ग्रामीण स्तर पर पहुंच चुके चिट्टे व सिंथेटिक ड्रग्स को लेकर बड़े स्तर पर कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिली थी। सोसायटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बड़ाण ने बताया कि वर्ष 1995 से 2000 के दौरान ही पंजाब क्षेत्र के नशा तस्करों ने हिमाचल को टारगेट बनाना शुरू कर दिया था। शुरुआती दौर में पर्यटक स्थलों व आसपास के क्षेत्रों के गरीब युवा वर्ग को अपनी गिरफ्त में लेकर इसे आगे पहुंचाने का काम शुरू हुआ था। उसी दौरान शांत व देवभूमि कहे जाने वाले हिमाचल में मैट्रो सिटी की तर्ज पर अपराधिक घटनाएं सामने आने लगी थीं। संस्था की ओर से जिला कांगड़ा के सभी 15 ब्लॉकों में पंचायत स्तर पर नशे पर जागरूकता पर सर्वे करवाया गया था।

नरेंद्र बड़ाण ने कहा कि मौजूदा समय में हिमाचल में गुटका, खैनी व तंबाकू की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। बावजूद इसके शहरों की हर दूसरी दुकान व ग्रामीण स्तर में हर दुकान में खुलेआम गुटका, तबांकू व खैनी को बेचा जा रहा है। बस अब यह है कि उक्त नशे की सामग्री को दुकानों में डिस्पले नहीं किया जाता है, जबकि मांगने पर थोक व परचून में बेचा जा रहा है। ऐसे में इस दिशा की ओर भी पुलिस विभाग व समाज को सख्त होकर कार्रवाई के लिए आगे आना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### मैट्रो हार्न सोसायटी ने किए कई अहम चौंकाने वाले खुलासे



# अवैध हथियार समेत पकड़े दो युवक पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत खेड़ा में दो युवकों से अवैध हथियार बरामद करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड भेजा है। अब पुलिस आरोपियों से अवैध हथियार के मामले में पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि शनिवार देर शाम पुलिस ने खेड़ा में नाकाबंदी के दौरान एक कार को रोका, जिसमें दो युवक सवार थे जिसमें एक युवक मौके से फरार हो गया, जिसका तुरंत थाना प्रभारी राकेश रॉय ने पीछा करते पकड़ा। युवक के पास से हथियार 32 एमएम बोर पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान लव कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी रत्योड़ तहसील नालागढ़ और प्रभजीत सिंह पुत्र ओम प्रकाश निवासी हांडा कुंडी मानपुरा से हुई। जिला बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि आरोपियों को पांच दिन का पुलिस रिमांड दिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

कहानी-37

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# बाबा फकीरचंद ने दिलाई मावा कोहला गांव को ख्याति

## बीएड कॉलेज और सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनाकर सरकार को सौंपा









'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज में आज बात गगरेट विधानसभा क्षेत्र के एक ऐसे गांव की, जिसमें एक ऐसे दिव्य पुरुष का जन्म हुआ जो बचपन से ही बाबा बालक नाथ जी के उपासक थे। इस खूबसूरत गांव का नाम है मावा कोहला।

इस गांव की सबसे ज्यादा ख्याति इस बात से है कि सन 21 मार्च 1935 को जन्मे बाबा फकीर चंद का मन घर के पास बने मंदिर में ही लगता था। बड़े होकर वह सेना में भर्ती हो गए, लेकिन फौज में होने के बावजूद उनका मन भक्ति में ही लगा रहता था। सन 1971 में उन्होंने फौज की नौकरी छोड़ दी और अपने ही गांव में रहने लगे। अपने घर के पास ही एक जमीन के नीचे गुफा बनाकर भक्ति किया करते थे। उसी गुफा के अंदर सोते थे। जब उनका मन गांव के लोगों से ऊब गया तो वह गांव छोड़कर सुग भटोली चले गए और वहां भक्ति करने लगे तथा मंदिर बनवाए और वहां पर उन्होंने बीएड कॉलेज, एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एक बहुत बड़ी गोशाला बनाई। उन्होंने बाद में बीएड कॉलेज और सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकार के हवाले कर दिया और गगरेट में अपने गांव के पास ही बसे एक गांव हरबाल में रहने लगे।

वहां पर आकर भी भक्ति में लीन रहे और लोगों को दिव्य ज्ञान दिया। कभी-कभी अपने गांव में भी जाया करते थे, जहां पर उन्होंने गुफा बनाई थी कुछ साल पहले 22 दिसंबर 2020 को उन्होंने अपने पैतृक गांव में अंतिम सांस ली। वहीं पर उनकी समाधि बनी हुई है।



राकेश कुमार
दौलतपुर

### राजपूतों ने की गांव की रक्षा

**दूसरी** कहावत मावा कोहला की यह है कि इस गांव में सारे कोहल जाति के ब्राह्मण रहते थे। जब इन ब्राह्मण जाति के लोगों को गुर्जर मुसलमान बहुत परेशान करते थे तो उन्होंने पंजाब के डडवाल जाति के राजपूतों को अपने गांव में बसाया तथा उनको अपने गांव में जगह भी दी। इस डडवाल जाति के राजपूतों ने गुर्जरों को मार भगाया तथा इन ब्राह्मणों की रक्षा की। इस गांव में एक गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एक बहुत बड़ा खेल मैदान स्टेडियम इस गांव में राधा कृष्ण मंदिर, रविदास जी का मंदिर, पशु अस्पताल, दो डिस्पेंसरी एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी लगभग पूरे गांव को पंचायत ने पक्के रास्ते बना दिए हैं। अब पंचवटियों का काम चल रहा है। यहां बहुत भारी मेला और भंडारे लगे रहते हैं। यह विधानसभा क्षेत्र में एक बहुत जाना माना गांव है जो बाबा फकीरचंद जी के नाम से मशहूर है।

### गांव के कार्यों से संतुष्ट शक्ति चंद

**गांववासी** शक्ति चंद ने कहा कि गांव में रास्ते पक्के बने हुए हैं। हमारी पंचायत के प्रधान और उपप्रधान ने बहुत अच्छे काम किए हैं। हम उनके कार्य से संतुष्ट हैं। मैं एक आम कार्यकर्ता हूं और अपनी कमाई से गुजरा करता हूं।



शक्ति चंद

### गांव में हर सुख सुविधा उपलब्ध : मीना कुमारी

**पंचायत** प्रधान मीना कुमारी ने बताया कि हमारा गांव बाबा फकीरचंद जी के नाम के कारण आसपास के गांव में मशहूर है। उन्होंने यहां पर बाबा बालक नाथ जी की बहुत तपस्या की। हमारे गांव का नाम रोशन किया। हमारे गांव में सभी तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध हैं। हमने गांव में सभी रास्तों को पक्का कर दिया है, सड़कें बनी हुई हैं। जिन लोगों के पास घर नहीं थे, उनको घर दिए गए हैं। अभी हमारे गांव में तीन पंचवटियां बनने जा रही हैं। हमारे गांव में एक बहुत बड़ा प्ले ग्राउंड है, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल है, एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, एक पशु औषधालय और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल है। हमारे गांव में कई लोग फौज में भर्ती हैं।



मीना कुमारी

### बाबा फकीर चंद को था दिव्य ज्ञान : गरीब दास

**महात्मा** गरीब दास ने बताया कि मैं काफी समय तक बाबा फकीर चंद जी के साथ रहा हूं। उनको बहुत दिव्य ज्ञान था और बाबा बालक नाथ जी के भक्त थे। उन्होंने अपने गांव में 20 फुट नीचे बनी हुई गुफा में रहकर बहुत तपस्या की तथा समाज के लिए बड़े-बड़े कार्य किए। बीएड कॉलेज बनाया। बाबा जी ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एक बहुत बड़ी गोशाला बनाई। सुग भटोली में बनाए कॉलेज और स्कूल सरकार के हवाले कर दिए।



महात्मा
गरीब दास

### पंडितों ने हमारे बुजुर्गों को दी जमीन : प्रीत सिंह

**प्रीत** सिंह डडवाल ने बताया कि हम पंजाब से आए हुए हैं। हमारे बुजुर्गों को यहां के पंडितों ने बुलवाया था और हमें यहां पर रहने के लिए जगह दी और खेतीबाड़ी करने के लिए भी जगह दी। यहां पर गुर्जरों द्वारा इनको बहुत तंग किया जाता था तब हमारे बुजुर्गों ने उनको मार भगाया और इन लोगों की रक्षा की। हम सब यहां मिलजुल कर रहते हैं। हमारे ही परिवार से बाबा फकीरचंद जी बाबा फकीर चांदी थे। वह बचपन से ही बाबा बालक नाथ जी के उपासक थे। उन्होंने बहुत तपस्या की। बहुत मंदिर बनवाएं। हमारे और हमारे गांव का नाम भी रोशन किया। आज मावा कोहला गांव का नाम बाबा फकीरचंद जी के नाम से ही मशहूर है, जहां पर हर ज्येष्ठ रविवार को भंडारा होता है, श्रीमद् भागवत होती है। साल में दो बार धार्मिक अनुष्ठान होते हैं। बाबा जी के दरबार के साथ बहुत लोग जुड़े हुए हैं और यहां पर लोगों ने फल प्राप्त किया है। मैंने रेलवे में नौकरी की है और मैं भी बाबा जी का बहुत भक्त रहा हूं। हमारा गांव सुदृढ़ और खुशहाल है हमें अपने गांव पर गर्व है।



प्रीत सिंह डडवाल

# 8.590 ग्राम चिट्टे समेत दबोचा व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी द्वारा क्षेत्र में नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान के तहत धरपकड़ शुरू है। शनिवार को नालागढ़ शहर में पालिका गार्डन के पास घर से एक व्यक्ति को 8.590 ग्राम चिट्टे समेत गिफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल सैल ने एक घर में छानबीन की। इस दौरान एक युवक सतनाम उर्फ सोढी निवासी वार्ड नंबर 6 नालागढ़ से यह 8.590 ग्राम चिट्टा बरामद किया और उसे नियमानुसार हिरासत में लिया। जिला पुलिस बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# नकली ड्राइविंग लाइसेंस बनाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिले में एक बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहां नकली ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहनों को चलाए जा रहे है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब एक जेसीबी चालक द्वारा प्रस्तुत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी पाया गया। पुलिस को दी गई शिकायत में धर्मेंद्र कुमार, पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी गांव तड़ौन, जिला बिलासपुर ने बताया कि उसने अपनी जेसीबी मशीन पर दीपक कुमार, पुत्र कुलदीप सिंह, निवासी गांव तरेलू, तहसील झंडूता को बतौर चालक नियुक्त किया था। करीब दो महीने पहले उसकी जेसीबी मशीन भगेड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जब उसने इंश्योरेंस कंपनी से क्लेम के लिए आवेदन किया, तो कंपनी ने उसका क्लेम अस्वीकार कर दिया। इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बताया गया कि उसके चालक का ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी है।

डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह में और कितने लोग शामिल हैं। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि अब तक कितने ऐसे फर्जी लाइसेंस बनाए जा चुके हैं। इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आते हैं, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सरोकार** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कसौली विधानसभा क्षेत्र में लोगों की सुनीं समस्याएं

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता: शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. शांडिल आज सोलन जिला के कसौली विधानसभा क्षेत्र के जाबली में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर में 69 आदर्श स्वास्थ्य संस्थान आरंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी ताकि लोगों को बेहतर उपचार प्राप्त हो सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कैंसर की रोकथाम तथा उपचार के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। कैंसर पीड़ित मरीजों को प्रदेश में ही कीमोथेरेपी तथा पीड़ाहर सुविधा प्रदान करने के लिए जिला अस्पतालों तथा चयनित 'आदर्श स्वास्थ्य केंद्रों' पर 'कैंसर डे केयर सेंटर' की स्थापना की जाएगी। इस पहल से जहां कैंसर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी, वहीं उनकी धन की बचत भी होगी।

इस अवसर पर कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुलतानपुरी, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, नगर निगम सोलन के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर, ईशा पाराशर आदि उपस्थित थे।



जाबली में लोगों की समस्याओं को सुनते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल।

### नशे को खत्म करने के लिए चलाए जाएंगे व्यापक अभियान

**डॉ.** शांडिल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नशा के प्रचलन पर पूर्णतः रोक लगाने व युवाओं को इस कुरीति से बचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार प्रदेशभर में नशे के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाए जाएंगे।

# एपिस्टेक्सिस

## नाक से खून बहना

एपिस्टेक्सिस या नाक से खून आना, तब होता है जब नाक के अंदरूनी ऊतक से खून निकलता है। शुष्क हवा नाक से खून बहने का एक सामान्य कारण होती है। इसे रोकने और इलाज करने के लिए कुछ आसान उपाय किए जा सकते हैं। हालांकि यह परेशान करने वाला हो सकता है, लेकिन आमतौर पर चिंता की कोई बात नहीं होती। नाक से खून बहना वयस्कों और बच्चों, विशेष रूप से 3 से 10 वर्ष की उम्र के बच्चों में आम है। नाक से खून बहना एक या दोनों नथुनों में हो सकता है, लेकिन आमतौर पर यह केवल एक नथुने को प्रभावित करता है। नाक में कई छोटी रक्त वाहिकाएं होती हैं, जो आसानी से रक्तस्राव कर सकती हैं।



### क्यों बहता है नाक से खून

**नाक** के माध्यम से हवा के प्रवाह से अंदरूनी झिल्ली सूख सकती है और उनमें जलन हो सकती है, जिससे पपड़ी बन जाती है। जब नाक रगड़ने या जोर से साफ करने पर ये पपड़ियां हटती हैं, तो खून बह सकता है। नाक की परत कम आर्द्रता, एलर्जी, सर्दी या साइनस संक्रमण के कारण सूखने और जलन होने की अधिक संभावना होती है। होम्योपैथी नाक से खून बहने के मूल कारणों को लक्षित करती है, जिससे बार-बार होने वाले रक्तस्राव को रोकने और प्रबंधित करने में मदद मिलती है।

### अपने बच्चे की नाक से खून बहना कैसे रोकें

- **शांत रहें :** अपने बच्चे को आश्वस्त करें कि यह जल्द ही ठीक हो जाएगा।



डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम, कच्छ (गुजरात)

- **सीधा बैठाएं :** बच्चे को सीधा बैठाएं। सिर पीछे झुकाने से बचें, क्योंकि इससे खून गले में जा सकता है।
- **नथुनों को दबाएं :** नाक के दोनों नथुनों को हल्के से 10-15 मिनट तक दबाकर रखें। यह रक्त वाहिकाओं को थक्का बनाने में मदद करता है।
- **ठंडा सेक करें :** नाक या गर्दन के पीछे ठंडी पट्टी या आइस पैक लगाएं, जिससे रक्त वाहिकाएं संकुचित हो जाएं।
- **हवा में नमी बनाए रखें :** बच्चे के कमरे में ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें, ताकि नाक के अंदरूनी हिस्से सूखने न पाएं।

### कुछ प्रभावी होम्योपैथिक दवाएं

1. Arnica
   चोट या आघात से होने वाले नाक से खून बहने के लिए, खासकर यदि चोट के निशान हों।
2. Belladonna
   अचानक और तीव्र रक्तस्राव के लिए, जो अक्सर गर्मी और सूजन के साथ होता है।
3. Ferrum Phos
   हल्के रक्तस्राव के लिए, विशेष रूप से बच्चों में प्रभावी।
4. Hamamelis
   धीमे और स्थिर नसों से बहने वाले खून के लिए सर्वोत्तम।
5. Phosphorus
   जब रक्तस्राव गर्मी और जमाव (कंजेशन) के साथ हो।

### होम्योपैथी पद्धति से इलाज

**होम्योपैथी** व्यक्ति के मानसिक इतिहास के साथ-साथ उसकी कुछ विशेष स्वास्थ्य स्थितियों की प्रवृत्ति को भी ध्यान में रखती है। प्रत्येक मरीज को उसकी शारीरिक संरचना और मायाज्म्स (अनुवांशिक रोग प्रवृत्तियों) के अनुसार एक विशेष दवा संयोजन दिया जाता है। सही रोगी के लिए, सही खुराक में सही होम्योपैथिक उपचार का चयन करने से सबसे प्रभावी चिकित्सा प्राप्त होती है। होम्योपैथिक उपचार को सही तरीके से लेने के लिए किसी विशेषज्ञ से परामर्श करना उचित रहेगा।

# गर्भावस्था में होते हैं हृदय प्रणाली में कई परिवर्तन

गर्भवती माता-पिता गर्भावस्था के दौरान होने वाले स्पष्ट शारीरिक परिवर्तनों को देखेंगे, लेकिन प्रभाव का एक क्षेत्र जो उतना दिखाई नहीं देता है वह है हृदय में होने वाले परिवर्तन। 1 से 4 प्रतिशत महिलाओं को गर्भावस्था में हृदय रोग का अनुभव होगा। यही कारण है कि सिटी अस्पताल कांगड़ा (मटौर) के स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रबंधक निदेशक डॉ प्रदीप मक्कड़ डॉ. प्रदीप मक्कड़ गर्भवती या गर्भवती होने वाली महिलाओं को हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हृदय का स्वास्थ्य हमेशा महत्वपूर्ण होता है, लेकिन गर्भवती होने पर यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। अपनी गर्भावस्था को बेहतर बनाने के लिए, संभावित लक्षणों पर ध्यान दें और सुनिश्चित करें कि आप हृदय-स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखें।






डॉ. प्रदीप मक्कड़
स्त्री रोग विशेषज्ञ
सिटी अस्पताल कांगड़ा

### हृदय गति में वृद्धि, बीपी में बदलाव

गर्भावस्था के दौरान आपके हृदय प्रणाली में कई परिवर्तन होते हैं। आपके हृदय को आपके शरीर में अधिक रक्त पंप करना पड़ता है। एक मिनट में आपके हृदय द्वारा पंप किए जाने वाले रक्त की मात्रा, 50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे गर्भावस्था आगे बढ़ती है हृदय गति में वृद्धि होती है और आपका रक्तचाप बढ़ सकता है। ये परिवर्तन अलग-अलग रोगियों और गर्भावस्थाओं में भिन्न होते हैं और अधिकांश महिलाएं उन्हें महसूस नहीं करती हैं।



### स्वस्थ जीवनशैली गर्भावस्था में हृदय को करती है मदद

**स्त्री** रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली गर्भावस्था में आपके हृदय को बेहतर ढंग से कार्य करने में मदद करती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपका हृदय सर्वोत्तम ढंग से काम कर रहा है, अच्छे स्वास्थ्य उपायों का पालन करें जैसे नियमित व्यायाम करना, तनाव प्रबंधन करना और संतुलित आहार खाना। हृदय के लिए स्वस्थ आहार हमेशा महत्वपूर्ण होता है। पौष्टिक खाद्य पदार्थ जो आपको और आपके बच्चे को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं, उनमें बीन्स और नट्स, साबुत अनाज, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, मछली और मुर्गी जैसे लीन प्रोटीन और बहुत सारे फल और सब्जियां शामिल हैं। गर्भावस्था के दौरान कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ, पैरों में सूजन, कभी-कभी चक्कर आना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्याएं होती हैं। यह सामान्य है, लेकिन ध्यान देने योग्य भी। कुछ मामलों में ये संकेत कुछ ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। किसी भी असामान्य लक्षण के बारे में अपने प्रसूति विशेषज्ञ या हृदय रोग विशेषज्ञ से बात करना जरूरी है। नए शोध से पता चलता है कि गर्भावस्था के बाद हृदय-स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने से इन जटिलताओं वाले रोगियों के लिए हृदय रोग विकसित होने का जोखिम कम हो सकता है। इसके लिए डाक्टर की समय रहते सलाह लेनी चाहिए।

**प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

# मोटापा बनता जा रहा महामारी

### क्या है मोटापा ?

**लैंसेट** डायबिटीज एंड एंडोक्रोनोलॉजी कमीशन में पूरी दुनिया के कई एक्सपर्ट डॉक्टर्स ने मोटापे की नई परिभाषा दी है। अभी तक मोटापा पता करने के लिए पूरी दुनिया में इस्तेमाल हो रहा बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स टूल) अब काफी नहीं होगा। डॉक्टर्स का मानना है कि इसे और ज्यादा साइंटिफिक और क्लिनिकल तरीके से समझने की जरूरत है। रिसर्च में बताया गया है कि अगर मोटापे को ज्यादा साइंटिफिक ढंग से समझा जाए तो यह पहचानने में मदद मिलेगी कि किस तरह का मोटापा किन बीमारियों के लिए जोखिम बन सकता है। इससे हम उस दिशा में काम करके उन सभी बीमारियों का जोखिम टाल सकते हैं।



### मोटापे के कारण

**मोटापे** का सबसे बुनियादी कारण है रोजाना जरूरत से ज्यादा कैलोरी ग्रहण करना। इसके अलावा सिडेंटरी लाइफस्टाइल, लो फिजिकल एक्टिविटी, जंक फूड, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड, शुगरी ड्रिंक्स और नींद की कमी जैसे कई कारण हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और दुनिया के सभी बड़े डॉक्टर्स इस बारे में दुनिया को आगाह कर रहे हैं। मोटापे के कारण लगभग 13 तरह के कैंसर का जोखिम फिट लोगों की तुलना में कई गुना ज्यादा होता है।



डॉ. आशीष शर्मा
एमडी
श्री कृष्णा चिल्ड्रन हॉस्पिटल
ऊना हिमाचल प्रदेश

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक मोटापा एपिडेमिक बन गया है। एपिडेमिक का मतलब है ऐसी बीमारी, जो दुनिया में बहुत तेजी से फैल रही है। मोटापे की वजह से जानलेवा बीमारियों की जद में आकर हर साल 28 लाख वयस्कों की मौत हो रही है। भारत और दुनिया के सभी देश मोटापे को लेकर चिंतित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इसे लेकर फिक्रमंद है। पूरी दुनिया के डॉक्टर्स को लगता है कि मोटापे को अब हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसे ज्यादा ठीक ढंग से समझने की जरूरत है। इसलिए अब मोटापे को आइडेंटीफाई करने के तरीके को भी पहले से ज्यादा साइंटिफिक बनाने पर जोर दिया जा रहा है। भारत में डॉक्टर पिछले 15 सालों से मोटापे का पता लगाने के लिए बॉडी मास इंडेक्स टूल का इस्तेमाल करते रहे हैं। इसमें लोगों की लंबाई और वजन का अनुपात निकालकर तय किया जाता है कि कोई मोटा है या नहीं, लेकिन अब इसे लेकर नई गाइडलाइंस आई हैं। अब मोटापे का पता लगाने के लिए बीएमआई का इस्तेमाल सिर्फ एक सपोर्ट मॉनीटरिंग टूल की तरह होगा।

### पेट के निचले हिस्से में जमा फैट ज्यादा खतरनाक

**नई** रिसर्च में स्पष्ट किया गया है कि कमर के आसपास जमा फैट या फिर लिवर और हार्ट में जमा फैट ज्यादा खतरनाक होता है। यह हाथ-पैर या स्किन के नीचे जमा फैट की तुलना में ज्यादा हेल्थ प्रॉब्लम्स खड़ी कर सकता है। इससे कई क्रॉनिक डिजीज का जोखिम हो सकता है। दुनिया के सभी देश मोटापे की समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं। यह आने वाले समय में बड़ा जोखिम बन सकता है। इससे कई गंभीर बीमारियों का जोखिम पैदा हो सकता है। इसलिए नई गाइडलाइंस में इसे दो स्टेज में बांटकर ट्रीटमेंट करने की सलाह दी गई है।

**प्रस्तुतिः राजेश शर्मा, ऊना**

### प्रीक्लिनिकल ओबिसिटी

**प्रीक्लिनिकल** ओबिसिटी का मतलब है कि इस डिजीज के कारण अभी तक कोई हेल्थ प्रॉब्लम नहीं हुई है। हालांकि, इसकी वजह से टाइप-2 डायबिटीज, कार्डियोवस्कुलर डिजीज और कुछ कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ रहा है। इसके अलावा शरीर में एक्स्ट्रा फैट दिख रहा है। इसमें इस बात की बहुत गुंजाइश होती है कि अगर कुछ सुधार कर लिए जाएं तो गंभीर हेल्थ कंडीशंस का जोखिम टाला जा सकता है।

### क्लिनिकल ओबिसिटी

क्लिनिकल ओबिसिटी एक क्रॉनिक डिजीज है, जिसके कारण शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट के कारण ऑर्गन्स की फंक्शनिंग प्रभावित होने लगती है। रोजाना के कामकाज में मुश्किल होती है। रिसर्चर्स ने इसे पहचानने के लिए बच्चों और एडल्ट्स के लिए अलग-अलग क्राइटेरिया बनाए हैं। इसमें आमतौर पर जोड़ों का दर्द, सांस लेने में परेशानी, हार्ट फेल्योर, और ऑर्गन डिस्फंक्शन जैसे लक्षण दिखते हैं।

**इंसान को खाने पीने में सामान्य भोजन के साथ-साथ व्यायाम करना चाहिए। व्यायाम करने और खान पान के अलावा कोई रोग न हो इसके लिए चिकित्सक से संपर्क करें।**

# लौंग ही नहीं, इसका पानी भी सेहत के लिए वरदान

**दादी-नानी** के जमाने से लौंग को सेहत के लिए वरदान माना जाता रहा है, लेकिन क्या आपको पता है कि लौंग का पानी भी आपकी सेहत पर ढेर सारे पॉजिटिव असर डाल सकता है? सेहत से जुड़ी कई समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप लौंग के पानी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना सकते हैं। आइए हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानने से पहले इसे बनाने के तरीके के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।



### कैसे बनाएं लौंग का पानी?

**रात** में एक गिलास गुनगुने पानी में चार से छह लौंग डाल दीजिए। रात भर लौंग को पानी में भिगोकर छोड़ दीजिए। अगली सुबह लौंग के इस पानी को हल्की आंच पर बॉइल करें। आपको लगभग 15 मिनट तक औषधीय गुणों से भरपूर इस पानी को बॉइल करना है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आप सुबह-सुबह खाली पेट लौंग के पानी को पी सकते हैं।

### मिलेंगे फायदे ही फायदे

**लौंग** का पानी पीकर आप अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड रख सकते हैं। अगर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं, तो हर रोज लौंग का पानी पीना शुरू कर दीजिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लौंग का पानी शरीर में जमा फैट को आसानी से बर्न करने में मददगार साबित हो सकता है।

**( नोटः यह आर्टिकल सामान्य जानकारी के लिए है, किसी भी उपाय को अपनाने से पहले डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें)**

### दूर हो जाएंगी सेहत से जुड़ी कई समस्याएं

**पोषक** तत्वों से भरपूर लौंग का पानी पीकर आपको पेट में जलन, गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लौंग का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। अगर आप अपनी कमजोर इम्यूनिटी को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो भी लौंग के पानी को पीना शुरू कर सकते हैं।

# होली के रंग कहीं आपकी त्वचा को न कर दें बदरंग

### केमिकल युक्त रंगों से दूरी बनाए रखने से सुरक्षित रहेगी स्किन

**रंगों** की पर्व की खुशी और उमंग में कई बार होली का रंग हमारी स्किन को नुकसान पहुंचाता है। ऐसी परिस्थितियों में अपने शरीर का विशेष ध्यान रखने की जरूरत रहती है। रंगों से सिर्फ स्किन व आंखों को ही खतरा नहीं होता, बल्कि इससे लंग्स व पेट से जुड़ी दिक्कतें भी आ सकती हैं। इससे बचाव को लेकर सोलन अस्पताल से सेवानिवृत्त एमएस डॉ एनके गुप्ता ने कुछ खास बातों का ध्यान रखने को कहा है। केमिकल युक्त रंग होली पर आपको रोग न दे जाए इसके लिए सावधान लेने की जरूरत है। कई बार होली खेलने के दौरान या बाद में कई सारी सेहत संबंधी समस्या आ सकती है। रंगों से सिर्फ स्किन और आंखों को ही खतरा नहीं होता, बल्कि इससे लंग्स और पेट से जुड़ी दिक्कतें भी परेशान कर सकती हैं।



### आंखों में रंग चला जाए तो क्या करें?

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता बताते हैं कि यदि आंखों में अगर रंग चला भी जाए तो इसे साफ पानी से लगातार धोते रहना चाहिए। साथ ही डॉक्टर के परामर्श पर दवा का सेवन करना चाहिए। इनमें लाल, हरे रंग अधिक नुकसानदायक होते हैं, जिससे आंखों को बचाकर ही होली की मस्ती करनी चाहिए। डॉक्टर बताते हैं कि होली के केमिकल वाले रंगों से रैशेज, बर्निंग, खुजली और रेडनेस की समस्या देखने को मिल सकती है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

कुछ लोगों को रंगों से एलर्जी भी हो जाती है, जिसके चलते स्किन पर छोटे-छोटे दाने उभर जाते हैं। ऐसे में हरे रंग से दूरी बनाए रखना चाहिए, यही वो रंग है जिससे एलर्जी की समस्या अधिक रहती है। केमिकल वाले रंगों में खासतौर से सिलिका और सीसा मिलाया जाता है, जिनकी थोड़ी सी भी मात्रा आंखों में जाने पर आंखों को नुकसान हो सकता है। आंखों में खुजली के साथ जलन हो सकती है।

**प्रस्तुतिः मोहन चौहान, सोलन**

### होली खेलते वक्त बरतें ये सावधानियां

**बच्चों** के साथ बड़े हमेशा खड़े रहें। होली खेलने के लिए हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें। सूखे रंग चेहरे व बालों पर ना डालें। केमिकल वाले रंगों से चेहरे और स्किन को सुरक्षित रखने के लिए तेल लगाएं। आंख या मुंह में गलती से रंग चला जाए, तो तुरंत साफ पानी से धो लें और कुल्ला कर लें और मुंह के अंदर रंग न लगाएं।

# गुच्छी का आयुर्वेदिक उपयोग और लाभ

गुच्छी एक दुर्लभ और बहुमूल्य जंगली मशरूम है, जो मुख्यतः हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से उगती है। इसे आयुर्वेद में औषधीय गुणों के लिए अत्यधिक महत्व दिया गया है। यह पोषण से भरपूर होती है और कई बीमारियों के इलाज में सहायक मानी जाती है। आयुर्वेद में गुच्छी को गर्म तासीर वाला, बलवर्धक, वीर्यवर्धक, ओजवर्धक और संधानकारक (घाव भरने वाला) माना जाता है। यह वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करने में सहायक होती है, जिससे इसे त्रिदोष नाशक औषधि भी कहा जाता है।



### गुच्छी के प्रमुख आयुर्वेदिक उपयोग

- **रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए :** गुच्छी में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन-सी और पॉलीफेनोल्स पाए जाते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं।

**कैसे उपयोग करें?**
गुच्छी को दूध या सूप में मिलाकर सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। इसे शहद के साथ मिलाकर भी लिया जा सकता है।

- **हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभदायकः** गुच्छी में प्राकृतिक रूप से ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं।

**कैसे करें उपयोग ?**
गुच्छी को हल्दी और लहसुन के साथ पकाकर खाने से हृदय को लाभ मिलता है। इसे सलाद या ग्रेवी में डालकर सेवन करने से भी फायदा होता है।



डॉ. रंजना कपूर
जोगिंद्रनगर, मंडी

- **हड्डियों को मजबूत करने में सहायकः** गुच्छी में कैल्शियम, फॉस्फोरस और विटामिन ड की अधिकता होती है, जो हड्डियों को मजबूत बनाती है और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं को रोकने में मदद करती है।

**कैसे करें उपयोग ?**
गुच्छी को दूध में मिलाकर सेवन करने से हड्डियों को लाभ मिलता है। इसे घी में भूनकर खाने से भी यह फायदा पहुंचाती है।

- **शरीर को डिटॉक्स करने में सहायकः** गुच्छी में प्राकृतिक डिटॉक्सिफाइंग (विषहरण) गुण होते हैं, जो शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

**कैसे उपयोग करें?**
गुच्छी का सूप या काढ़ा पीने से शरीर में जमा टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। इसे हल्दी और अदरक के साथ पकाकर खाने से भी डिटॉक्सिफिकेशन में मदद मिलती है।

- **पाचन तंत्र को सुधारने में सहायकः** गुच्छी में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो पाचन क्रिया को सुचारु बनाती है और कब्ज की समस्या को दूर करती है।

**कैसे करें उपयोग ?**
इसे उबालकर या सूप के रूप में लेने से पाचन में सुधार होता है। इसे हल्दी और अजवाइन के साथ पकाकर खाने से गैस और अपच की समस्या दूर होती है।

1 त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद : गुच्छी में मौजूद विटामिन ई और विटामिन डी त्वचा को निखारने और बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मदद करते हैं।

**कैसे उपयोग करें?**
गुच्छी को पीसकर एलोवेरा जेल में मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में निखार आता है। इसे आंवला और bhringraj तेल के साथ मिलाकर लगाने से बाल मजबूत होते हैं।

- **गठिया और सूजन में राहतः** गुच्छी में प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गठिया, जोड़ों के दर्द और सूजन में आराम पहुंचाते हैं।

**कैसे करें उपयोग ?**
गुच्छी को अदरक और हल्दी के साथ पकाकर खाने से गठिया में आराम मिलता है। इसे सरसों के तेल में भूनकर हल्के गर्म पानी के साथ लेना भी फायदेमंद होता है।

### गुच्छी सेवन करने के तरीके

**सब्जी के रूप में :** गुच्छी को भिगोकर प्याज, लहसुन और मसालों के साथ पकाकर सब्जी बनाई जाती है।
**पुलाव या बिरयानी में :** इसे चावल के साथ पकाने से इसका स्वाद बढ़ जाता है।
**सूप और काढ़े में :** गुच्छी का सूप पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद होता है।
**चूर्ण के रूप में :** सूखी गुच्छी का चूर्ण दूध या शहद के साथ लिया जाता है।

### गुच्छी खाने में सावधानियां

- अधिक मात्रा में सेवन करने से पेट में गैस या एलर्जी हो सकती है।
- गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों को देने से पहले चिकित्सकीय सलाह लें।
- गुच्छी को अच्छी तरह धोकर और पकाकर ही खाना चाहिए, क्योंकि कच्ची गूच्छी में कुछ विषैले तत्व हो सकते हैं।

**गुच्छी** न केवल एक स्वादिष्ट और दुर्लभ खाद्य पदार्थ है, बल्कि आयुर्वेदिक दृष्टि से भी बेहद लाभकारी है। यह इम्यूनिटी को बढ़ाने, हृदय, हड्डियों, पाचन और मस्तिष्क स्वास्थ्य को सुधारने में मदद करती है। हालांकि, इसे सही मात्रा में और सही तरीके से सेवन करना आवश्यक है ताकि इसके औषधीय गुणों का पूरा लाभ मिल सके। अगर आप गुच्छी को अपने आहार में शामिल करना चाहते हैं, तो इसे विभिन्न व्यंजनों में मिलाकर या आयुर्वेदिक तरीकों से उपयोग कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हादसे को न्योता दे रही जर्जर वर्षाशालिका

**अनंत ज्ञान, कोटला।** विधानसभा क्षेत्र जवाली के अंतर्गत रानीताल 32 मील मार्ग कुठेड़ में बनी वर्षाशालिका इतनी जर्जर हो चुकी है कि वह कभी भी गिर सकती है। वर्षाशालिका की छत का पलस्तर भी गिर रहा है और दीवारों में भी दरारें पड़ गई हैं। जब कभी बारिश होती है तो जितना पानी बाहर सड़क पर होता है, उससे कहीं अधिक इस वर्षाशालिका के अंदर होता है। इन दिनों सर्दियों का मौसम है और बारिश के दिनों में वर्षाशालिका ही एक ऐसी जगह होती है जहां लोग आराम से खड़े होकर बसों का इंतजार कर सकते हैं, लेकिन यहां हालात ऐसे हैं कि लोग मजबूरन बाहर खड़े होकर परेशानियां झेलते हैं। इस बारे में लोकनिर्माण विभाग कोटला के एसडीओ राजेश से बात की गई तो उन्होंने कि वर्षाशालिका के साथ एक पेड़ है, जिसके काटने के लिए वन विभाग को अगवत करवा दिया है। जल्दी वर्षाशालिका का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

### थबकौर में 102 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत गांव थबकौर में कीर्ति चक्र प्राप्त शहिद संजीव सिंह की याद में आज रामलीला क्लब थबकौर तथा रामलीला क्लब डैंकवां के नौजवानों द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें काफी नौजवानों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया। जानकारी देते हुए इस रक्तदान शिवर के संयोजक राजीव वशिष्ठ ने बताया कि यह रक्तदान कैंप हमारे ही गांव के शहीद हुए संजीव सिंह के बलिदान दिवस को लेकर लगाया गया है, जिसमें रामलीला क्लब थबकौर तथा रामलीला क्लब डैंकवां के नौजवानों द्वारा आयोजित किया गया तथा यह कैंप अमनदीप हॉस्पिटल पठानकोट की तरफ से लगाया गया था, जिसमें कुल 102 यूनिट रक्त देकर अपना तथा समाज के प्रति एक दायित्व निभाया है।

### किरण बनी आशा वर्कर्स यूनियन की प्रधान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** भारतीय मजदूर संघ संबंधित आशा वर्कर्स यूनियन की बैठक रेस्ट हाउस फतेहपुर में संपन्न हुई। इसमें भारतीय मजदूर संघ प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। बैठक दौरान आशा वर्कर्स की समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान के लिए सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति बनाने के साथ ही आशा वर्कर्स यूनियन का चुनाव करते हुए किरण बाला को प्रधान बनाया गया। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए भारतीय मजदूर संघ प्रदेशाध्यक्ष मदन राणा ने बताया कि आशा वर्कर्स की मांगों को पूरा करवाने के लिए भारतीय मजदूर संघ द्वारा मांगपत्र तैयार कर सरकार को सौंपा गया है, लेकिन अभी तक मांगे पूरी नही की गई है। मांगों को पूरी करवाने के लिए अगर भारतीय मजदूर संघ को आंदोलन भी करना पड़ा तो वो भी किया जाएगा।

### कानूनगो-पटवारी हड़ताल पर, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां, लगडू, मझींन, भड़ोली व वालामुखीतहसीलों में कानूनगो तथा पटवारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण तहसील कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर युवाओं को जिन्होंने पुलिस, सेना भर्ती तथा अन्य सरकारी नौकरियों के लिए हिमाचली बोनोफाइड, जाति प्रमाण पत्र आदि बनवाने हैं, जिसके कारण उन्हें भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा कानूनगो तथा पटवारियों के जिला कैडर को बदलकर स्टेट कैडर करने से उक्त कर्मचारियों में राज्य सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। इसी कारण से कानूनगो तथा पटवारियों अपना विरोध जताते हुए हड़ताल पर चले गए हैं। ज्वालामुखी तहसील कार्यालय में राजस्व रिकार्ड की नकल लेने आए कमलोटा के हेमराज चौधरी ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले अपनी जमीन से संबंधित अति आवश्यक रिकार्ड की नकल के लिए तहसील कार्यालय ज्वालामुखी में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कानूनगो तथा पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से उन्हें रिकॉर्ड समय पर नहीं मिल पाया है।

### पंचायतों के विकास कार्यों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जिला परिषद जयसिंहपुर के सरी मोलग मैला धनीरी हारसी काथला संघोल चंबी हलेंड पचायतों की सामूहिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जयसिंहपुर के जिला परिषद के सदस्य संजीव ठाकुर लंबागांव समिति के अध्यक्ष कुलवंत राणा तथा विकास खंड अधिकारी सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा पंचायतों के सचिव तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में अब तक के विकास कार्यो की समीक्षा की गई जो कार्य अभी तक पूर्ण न होने पर भी जिला परिषद सदस्य संजीव ठाकुर ने नाराज़गी व्यक्त की और कहा कि 15 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करे बैठक में जिस प्रकार पूरा प्रदेश धीरे धीरे नशे की गिरफ्त में आ रहा है उस पर भी चर्चा की गई है और इस पर पंचायतों में लगाम कसने के लिए सभी से आग्रह भी किया।

### जयसिंहपुर में अब हर रोज होंगे अल्ट्रासाउंड

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में अब हर रोज अल्ट्रासाउंड होंगे। पहले यहां हफ्ते के दो दिन अल्ट्रासाउंड होते थे, लेकिन कुछ दिन पहले ही डॉ. वरुण सूद ने सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में ज्वाइन कर लिया है । डॉ. वरुण सूद के अब जयसिंहपुर अस्पताल में आने के बाद अब यहां रोज अल्ट्रासाउंड हो सकेंगे जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों व गर्भवती महिलाओं को सुविधा मिलेगी। जयसिंहपुर व्यापार मंडल, जयसिंहपुर जन सेवा समिति, विभिन्न महिला मंडलों व कई समाजिक संस्थाओं ने डॉ. वरुण सूद की सिविल अस्पताल में नियुक्ति के लिए आयुष खेल व कानून मंत्री यादविंदर गोमा का आभार जताया है । व्यापार मंडल के प्रधान अभिषेक सूद व जन सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार कटोच ने कहा कि मंत्री यादविंद्र गोमा ने अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉक्टर की यहां स्थायी नियुक्ति करवा दी है, जिससे जयसिंहपुर सहित आसपास के विस क्षेत्रों के लोगों को फायदा पहुंचेगा।

### नशा माफिया बेकाबू, सरकार नाकाम : संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में नशे का कारोबार अपने चरम पर है। नशे की वजह से प्रदेश में लोग जान गवां रहे हैं। नशे का कारोबार करने वाले पूरी तरह से बेकाबू है। सरकार इसपर लगाम लगाने में नाकाम रही है, जो बहुत चिंताजनक और शर्मनाक है। प्रदेश में पिछले एक हफ्ते में नशे के ओवरडोज की वजह से तीन युवाओं की दुखद मृत्यु का मामला सामने आ चुका है। यह आधिकारिक तौर पर समाचारों में आया है। असली संख्या और भी बड़ी है,। ऐसे बहुत मामले सामने भी नहीं आ पाते हैं। यह सोचकर मन दुख से भर जाता है कि नशे की वजह से लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। देवभूमि के युवाओं के साथ हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमें नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है।

### बैजनाथ शिवरात्रि मेले के महत्व और गरिमा को बरकरार रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : किशोरी लाल

# बैजनाथ शिवरात्रि को दिलाएंगे राष्ट्रीय दर्जा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



बैजनाथ बैजनाथ के विधायक, किशोरी लाल ने कहा कि राज्य स्तरीय शिवरात्रि उत्सव को ख्याति दिलवाने के प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि मेला, भगवान शिव की भूमि में प्राचीन उत्सव है। उत्सव के महत्व और गरिमा को बरकरार रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

किशोरी लाल, रविवार को पांच दिवसीय राज्य स्तरीय शिवरात्रि उत्सव बैजनाथ के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार मेले को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित किया गया और मेला सफल भी रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक वर्षा से यहाँ आने वाले व्यापारियों को नुकसान भी हुआ है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनके नुकसान की भरपाई के लिये मेले की दुकानों को 2-3 दिन बढ़ाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले मेले से पहले इंदिरा गांधी स्टेडियम में ड्रैनेज सिस्टम को बेहतर किया जाएगा, ताकि वर्षा इत्यादि होने की स्थिति में भी पानी की निकासी ठीक से हो सके। विधायक ने राज्य स्तरीय शिवरात्रि उत्सव के आयोजन के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि उत्सव के आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद देना किया। उन्होंने कहा कि उत्सव के समापन के बाद आगामी वर्ष में और अधिक भव्य आयोजन के लिये लोगों से सुझाव लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि उत्सव की यादों को संजोए रखने के लिये स्मारिका का भी प्रकाशन बहुत सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि उत्सव के माध्यम से एकता, समरसता और सामाजिक सेवा का महत्व बढ़ता है। उत्सव के आयोजन में सहयोग करने वालों का भी आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उत्सव में पारंपरिक संगीत, नृत्य, और कला का प्रदर्शन होने से सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। विधायक ने इस अवसर पर उत्सव की स्मारिका और कैलेंडर का विमोचन भी किया।

### देवी-देवता अध्यात्म की अलख जगाकर अपने-अपने मूल स्थान के लिए रवाना

**बैजनाथ।** राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन कांगड़ा मंडी और कुल्लू जिलों से आए देवी-देवता अध्यात्म की अलख जगाकर अपने-अपने मूल स्थान को रुखसत हो गए। इनमें कई देवता ऐसे हैं, जो बहुत ही ज्यादा न्याय प्रदत्त हैं। किसी को यह कतई मंजूर नहीं कि उनके दर पर कोई बीड़ी सिगरेट या फिर चमड़ा लेकर आए तो कोई स्वयंभू भूमि से प्रकट हुए हैं। इनमें से सबसे मुख्य आकर्षण देव गहरी रहे हैं जो दो भाई माने जाते हैं एक देव गहरी नियर छोटा भंगाल के रहने वाले हैं तो दूसरे हरा बाग जिला मंडी के हैं बताते हैं कि बीते वर्ष 40 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह दोनों देवता शिवरात्रि महोत्सव के दौरान बीते वर्ष इसी दिन बैजनाथ की शिव नगरी में ही मिले थे अगले वर्ष पुनः आने का वादा किया था लिहाजा एक वर्ष बाद यह फिर बैजनाथ में आए और शिवनगर बैजनाथ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में देवव्रतों के साथ साए यह दोनों देवता आपस में बड़ी आत्मीयता से मिले और अगले वर्ष फिर आनेका वायदा करके अपने-अपने मूल स्थान को लौट गए । कहा जाता है इन देवताओं के ऊपर ग्रामीणों को इतनी श्रद्धा और विश्वास है कि इनकी हर मुश्किल का निवारण इन्हीं देवताओं के आशीर्वाद से होता है बताते कि कुछ वर्ष पहले यहां इक्का-दुक्का देवी देवता ही शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करते थे लेकिन बीते वर्ष शिवरात्रि महोत्सव समिति के विशेष आग्रह पर तकरीबन दर्जन भर देवी देवता शिव नगरी में आए थे लेकिन इस बार इनकी संख्या कहीं ज्यादा रही क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल की घोषणा के अनुरूप स्थानीय प्रशासन ने उनके नजराने में भी वृद्धि की है और उनके रहने और खाने-पीने का पर्याप्त प्रबंध भी किया गया था।

### हैप्पी बर्थडे



सिद्ध पूनणी के संजय कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा की पिंकी देवी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### थुरल और भवारना भाजपा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विधानसभा क्षेत्र सुलह में थुरल मंडल अध्यक्ष विकास धीमान ने थुरल मंडल की, सुलह मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच ने सुलह मंडल की, भवारना मंडल अध्यक्ष हंसराज चौधरी ने भवारना मंडल की कार्यकारिणी घोषित की। इसमें भाजपा भवारना मंडलाध्यक्ष हंसराज चौधरी को चुना गया। उपाध्यक्ष सोनिया बंटा, अश्विनी पुरोहित, राजिन्द्र ठाकुर, सुमित्रा राणा को चुना गया। सुलह मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच ने सुलह मंडल की, भवारना मंडल अध्यक्ष हंसराज चौधरी ने भवारना मंडल की कार्यकारिणी घोषित की। इसमें भाजपा भवारना मंडलाध्यक्ष हंसराज चौधरी को चुना गया। उपाध्यक्ष सोनिया बंटा, अश्विनी पुरोहित, राजिन्द्र ठाकुर, सुमित्रा राणा को चुना गया। महामंत्री मंदीप अवस्थी व अनुज माहल को चुना। कोषाध्यक्ष किशोरी लाल शर्मा बने। सचिव विजय गुलेरिया,रीना धीमान, नीलम राणा, मदनलाल चौधरी व कुसुम ठाकुर बने। मीडिया प्रभारी राकेश गुलेरिया बने।

# राजेश, देशराज, विशाल और नंदनी को चुना उपाध्यक्ष

## अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया ने की धर्मशाला भाजपा मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह नैहरिया ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व और स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा के साथ चर्चा उपरांत धर्मशाला मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। रविवार को घोषित कार्यकारिणी के अनुसार राजेश वर्मा, देशराज पठानिया, विशाल जम्वाल, नंदनी थापा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा राजकुमार कश्यप और चंद्र भारद्वाज को महामंत्री, शेखर राय कोषाध्यक्ष, अशोक जरियाल, ओम प्रकाश, नीलम देवी, सरोज गुलेरिया और मीनाक्षी को सचिव, मीडिया प्रभारी स्नेह लता, प्रवक्ता डॉ अश्वनी कौल, कार्यालय सचिव शुभम सूद, आईटी संयोजक रघुवीर, सह संयोजक मणी महेश जौड़ा, सोशल मीडिया संयोजक सागर और सह संयोजक पारस को बनाया गया है। शहरी मंडल में सुदर्शना, अशोक, सुनील, मेहर सिंह, घनश्याम स्पेहिया, मोनिका, राजेश हैप्पी, दीना थापा, कंचना देवी, मदन, बिहारी लाल, चैन सिंह, विजय गुरंग, अंजना देवी, चंपा धीमान, सुमित महाजन, कमलेश देवी, निर्मला देवी, अनूप लता शर्मा, श्रवण चौधरी, अर्शद, अब्बू, रमेश चौधरी, सुभाष चंद और विकास छेत्री को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। विधायक सुधीर शर्मा, पूर्व विधायक विशाल नैहरिया, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, रमेश जरियाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष केप्टन रमेश अटवाल, सुनील मनोचा, राकेश शर्मा, विश्व चक्षु, संजय शर्मा और केप्टन प्रसोतम को स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। अस्थायी आमंत्रित सदस्य में उप महापौर तेजेंद्र कौर, पूर्व उप महापौर ऐंव पार्षद सर्वचंद गलोटिया, पार्षद रेखा शर्मा, पार्षद मोनिका पठानिया, पार्षद राजकुमारी, पार्षद संतोष शर्मा, पार्षद अनुज धीमान, पार्षद किरन देवी, तेज सिंह, निशा और प्रधान सुमित का नाम शामिल है।

### अनूप चुने कांगड़ा बज्रेश्वरी मंडल के कोषाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भाजपा के कांगड़ा बज्रेश्वरी मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। अध्यक्ष रंजीत सिंह ने नई टीम की घोषणा की। उपाध्यक्ष पद पर कमल कृष्ण, जितेंद्र गुप्ता, हरबंस लाल और अनुराधा को जिम्मेदारी दी गई। महामंत्री के रूप में चिंपा भारद्वाज और अमितेश शाह को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष अनूप अटवाल बनाए गए। सचिव पद पर अनीता देवी, कुसुम लता, अनूप कुमार, पुष्पा देवी और मुकेश मेहरा को जगह मिली। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी रितेश ग्रोवर को सौंपी गई। प्रवक्ता सुदेश सहोत्रा होंगे। कार्यालय सचिव अंकुश सैनी बनाए गए। आईटी संयोजक प्रणव त्रेहन और आईटी सह-संयोजक सवमल वासलया को नियुक्त किया गया। सोशल मीडिया संयोजक श्री ऋषभ दीक्षित होंगे। सोशल मीडिया सह-संयोजक विनायक को बनाया गया। कार्यकारिणी में तिलक सोनी, वंशदीप गोरला, राजेंद्र पप्पू, अजय कुमार, जसवंत, प्रविंद्र, प्रेम बलारू, कौशल्या देवी, सुरेश सैनी, हंस राज, सतीश सैनी, ओंकार सैनी, ओंकार चौधरी, डॉ. भगत राम, बाल कृष्ण, दीपक त्रेहन, रमेश शर्मा, मुनीश भल्ला, सुभाष कोटि, कैप्टन सुदर्शन कुमार, स्वरूप सिंह, विजय कुमार, वीना देवी, अंजना कुमारी, ममता बंसल, सुनीता रानी, सुनीता, रजनी, सरोज धीमान, अनुराधा, रेनू कुमारी और जगदीश चंद को सदस्य बनाया गया। स्थायी आमंत्रित सदस्यों में जयंती मंडल, पवन काजल, सत्य प्रकाश सोनी, सुरेश्वर मनकोटिया, देवी लाल और रोशन लाल सिहोता को शामिल किया गया।

### अश्विनी सुलह भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच ने सुलह मंडल की कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें उपाध्यक्ष सुखदेव मसंद, मेहर चंद, सुरेश वालिया, सरिता पठानिया, इसके साथ महामंत्री मोनिका राणा व राजकुमार चुने। कोषाध्यक्ष अश्विनी चौधरी बने। सचिव अरविंद समकड़िया, सुषमा भटेड़िया, प्रदीप भट्ट, अनुराधा, शशि बाला चुने मीडिया प्रभारी गगन सूद, प्रवक्ता मनोज शर्मा, कार्यालय सचिव शाम वेद प्रकाश, आई टी संयोजक शमशेर चौधरी, आई टी सह संयोजक पंकज ठाकुर सोशल मीडिया संयोजक विक्रम पटियाल, सोशल मीडिया सह संयोजक नीलम राजपूत। कार्यकारिणी सदस्य प्रेम लता देवी, आशा जम्वाल, सुरिंदर कुमार, राजू, राकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह चौधरी, बिधी चंद, सुनीता देवी, किरण रणौत,अमन शर्मा, अनु कुमारी, लवलीन परमार, पवना क्षोत्रि, मेहर सिद्धू, राजीव गांधी, ईश्वर दास चौहान, संसार चंद, अमन कांत, मनोज कानूनगो व अन्य को चुना गया।

# नशे के खात्मे को पंचायत प्रधानों का सहयोग जरूरी : उधम सिंह

**अनंत ज्ञान, गगल**

आज गगल पुलिस थाने में पंचायत प्रधानों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गगल पुलिस थाना के प्रभारी उधम सिंह ने बताया कि बढ़ते नशाखोरी धंधे को लगाम कसने के लिए पंचायत के प्रधानों का सहयोग जरूरी है। बैठक में सभी प्रधानों से थाना प्रभारी उधम सिंह ने कहा कि जल्द व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जाएगा। इसमें सभी पंचायत के प्रधान, प्रेस बंधु व अन्य संगठनों को जोड़ा जाएगा, जिसके माध्यम से कहीं भी किसी भी जगह कोई नशे के खिलाफ अप्रिय घटना होती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित कर सकते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस को उन अपराधी तक पहुंचने के लिए काफी मदद मिलेगी। गगल पुलिस थाना के प्रभारी ने कहा कि पुलिस जन प्रतिनिधियों के सहयोग के बिना कुछ नहीं कर सकती। उन्होंने कहा है कि जो भी सूचना देगा उसका नाम एवं मोबाइल नंबर गुप्त रखा जाएगा। बैठक में थाना प्रभारी ने कहा है कि इस व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से कोई भी अप्रिय घटना होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सके। उधम सिंह ने कहा है कि इस समय गगल पुलिस थाने में लगभग 31 पंचायतों की देखरेख करना पड़ती है, इसलिए पंचायत प्रधानों का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर पंचायत प्रधानों ने भी बैठक में अपने-अपने विचार पुलिस के साथ साझा किए।

### रजनी पाटिल के अनुभव का प्रदेश कांग्रेस को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने नूरपुर में प्रेस वार्ता के दौरान



कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राष्ट्रीय नेता राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल के अनुभव का भरपूर कांग्रेस को लाभ मिलेगा। रजनी पाटिल प्रभारी हिमाचल प्रदेश के सानिध्य में कांग्रेस संगठन और मजबूत होगा। प्रदेश प्रवक्ता ने बीजेपी को कई गुटों में बंटे हुए बताया, जिसका ज्वलंत उदाहरण देहरा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में रहे बीजेपी से वरिष्ठ मंत्री रमेश धवाला है, जोकि बीजेपी के लिए पतन का कारण होगा। जब पत्रकारों ने पूछा कि कांग्रेस के वरिष्ठ मंत्री प्रो.चंद्र कुमार द्वारा संगठन को पैरालाइज्ड बोलना उचित है के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी हित में वरिष्ठ मंत्री का बयान उचित है। कांग्रेस एक बहुत पुराना संगठन है जोकि अक्सर नियमावली अनुसार शिष्टाचार में रह कर जनहित में निर्णय लेती है।

# नूरपुर पुलिस की टीम ने चरस तस्करी के आरोपी को बद्दी से किया अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



पुलिस जिला नूरपुर एएसपी अशोक रत्न द्वारा चलाए गए नशे के खिलाफ अभियान के तहत पिछले साल 11 नवंबर को जसूर के पास एक नाकेबंदी के दौरान एक जीप नंबर एचपी 73 5581 को रुकने का इशारा करने पर वाहन चालक वाहन छोड़ भाग गया था। वाहन की तलाशी में 3 किलो 400 ग्राम चरस बरामद हुई थी, जिसके तहत अज्ञात लोगों पर 20-25 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जिला नूरपुर ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चंबा जिले तथा जम्मू-कश्मीर के विभिन्न विभिन्न इलाकों में लगातार कार्रवाई की, परंतु वह शातिर अपराधी हमेशा पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। परंतु पुलिस ने पेशेवर तरीके से कार्य करते हुए नवंबर 2014 को आरोपी अंकु पुत्र हंसराज निवासी तहसील सलूनी जिला चंबा को पंजाब राज्य के दुनेरा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की थी। कड़ी पूछताछ के दौरान उसने बताया कि इस अपराध में कई अन्य आरोपी भी शामिल है, जिसकी तलाश पुलिस जिला नूरपुर लगातार विभिन्न स्थानों जिला चंबा, मंडी, कुल्लू व बद्दी में अमल में लाई जाती रही। इस अपराध में शामिल एक अन्य आरोपी भूपेंद्र उर्फ विपिन कुमार पुत्र चमरू राम, निवासी तहसील सलूनी जिला चंबा को गत दिन पार्क फार्मा कंपनी बद्दी से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उपरोक्त आरोपी पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसकी पुष्टि करते हुए एएसपी धर्मचंद धर्म में बताया के नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# जीजीडीएसडी कॉलेज और सीटी यूनिवर्सिटी लुधियाना के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, राजपुर और सीटी यूनिवर्सिटी, लुधियाना के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर जीजीडीएसडी कॉलेज की ओर से निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा और सीटी यूनिवर्सिटी की ओर से कुलपति डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जीजीडीएसडी शिक्षा समिति, बैजनाथ के मुख्य सचिव डॉ. सतीश शर्मा भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सी.टी. विश्वविद्यालय के कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी, कुलपति एवं उनकी संपूर्ण टीम का इस एमओयू के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा और उन्हें अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करेगा। सीटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता है। अपने सुविधाजनक क्षेत्र (कंफर्ट जोन) से बाहर निकलना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की स्पष्ट योजना बनाने और निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। जीजीडीएसडी शिक्षा समिति के मुख्य सचिव डॉ. सतीश शर्मा ने इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करेगा।

### अक्षेणा का तीन दिवसीय शिवरात्रि मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, डरोह।** रविवार को अक्षेणा का तीन दिवसीय जिला स्तरीय शिवरात्रि मेला समापन हो गया। इसमें सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मेले में मुख्य आकर्षण विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियां रहीं व स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को भी मेले में प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विधायक परमार ने मेला कमेटी को 21000 रुपए अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की।

### विधायक के समक्ष रखी कुलथी में अंडरपास बनवाने की मांग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

मटौर-शिमला फोरलेन निर्माण से स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियों का जल्द समाधान होगा। रविवार को कुलथी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान ममता भंडारी की अध्यक्षता में विधायक पवन काजल से मुलाकात की। प्रधान भंडारी ने बताया कि फोरलेन के कारण ग्रामीणों को अपने गांव तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। उन्होंने कुलथी पंचायत में अंडरपास बनवाने की मांग रखी। विधायक काजल ने घोषणा की कि एक सप्ताह के भीतर वह लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के साथ पंचायत का दौरा करेंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के माध्यम से समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तरसूह में फुओवर ब्रिज और तकीपुर में कॉलेज के पास फुओवर ब्रिज का निर्माण भी कराया जाएगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निर्देश पर भांगबार, तरसूह और कुछ अन्य गांवों की समस्याओं का समाधान पहले ही कर दिया गया है। विधायक ने आश्वासन दिया कि शेष तीन पंचायतों की सड़क संबंधी समस्याओं का भी जल्द समाधान होगा। काजल ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत भड़ियारा, मटोर और खोली पंचायत का भी दौरा किया। इस अवसर पर कुलथी पंचायत से शशिपाल, मनीष, संजीव डोगरा, रजनीश शर्मा, जापान सिंह, सतीश कुमार और विनीत सिंह भंडारी भी मौजूद रहे।

# केवल पठानिया ने किया ठंबा से मनोह तक बनने वाली सड़क की साइट का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

आज शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने शाहपुर के बोड़ूसरना ग्राम पंचायत के दूरदराज गांव मनोह का पैदल दौरा कर ठंबा से मनोह तक बनाई जाने वाली सड़क की साइट का निरीक्षण किया । इस अवसर पर शाहपुर के सभी अधिकारी उनके साथ रहे। मनोह में लोगों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि ठंबा से मनोह तक प्रस्तावित सड़क, जोकि यहां के लोगों का सपना को वह अवश्य पूरा करेंगे और जल्द ही मनोह वासियों की यह मांग पूरी होगी। उन्होंने राजस्व,लोक निर्माण तथा वन विभाग के अधिकारियों को शीघ्र इसकी ज्वाइंट इंस्पेक्शन कर औपचारिकताएं पूरा करने के निर्देश दिए । उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि इस सड़क के अन्तर्गत आने वाली निजी भूमि के मालिक अतिशीघ्र जमीन की गिफ्टडीड प्रदेश सरकार के नाम करें ताकि बजट का प्रावधान कर निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि चढ़ी से ऊणी सड़क जोकि प्रधानमंत्री सड़क के तहत बनाई जानी प्रस्तावित है तथा 10 लाख से बनाई जाने वाली बलड़ी सड़क का निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा।

केवल पठानिया सरना से पैदल चलते हुए कुफरु, भतूणा, बसूना, थेड़ा, मनोह वापिस ठंबा पहुंचे। लगभग 7-8 किलोमीटर की इस यात्रा में उनके साथ शाहपुर के एसडीएम करतार चंद,अधिशासी अभियंता जलशक्ति कैप्टन अमित डोगरा, लोक निर्माण अंकज सूद, डीएम फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन नरेश, बीडीओ अनिल,एसडीओ लोक निर्माण विपुल,आरओ सुमित शर्मा,बैंक मैनेजर जेआर शर्मा, एचआरटीसी बीओडी के विवेक राणा, सेवानिवृत्त बीईईओ राजेश राणा, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय उनके साथ रहे। बोडुसरना की प्रधान मजनीश ने उपमुख्य सचेतक का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सब गांववासियों के लिए आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है क्योंकि पहली बार शाहपुर के विधायक विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हमारे बीच आए हैं।

**शिलान्यास** मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वालों की यादों को जिंदा रखने के लिए इंसाफ संस्था दृढ़ संकल्प

# सांसद ने रखी त्रिमूर्ति शहीद स्मृति वन वाटिका की आधारशिला

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सुप्रसिद्ध बाबा अनंत राम परिसर लाहला में समाज सेवा में समर्पित इंसाफ संस्था द्वारा प्रस्तावित त्रिमूर्ति शहीद स्मृति वन वाटिका की आधारशिला राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा रखी गई। समारोह की मुख्यातिथि इंदु गोस्वामी के स्वागत भाषण में इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने त्रिमूर्ति शहीद स्मृति वन वाटिका के सौंदर्यीकरण के लिए सांसद निधि से 15 लाख मंजूर किए जाने पर आभार व्यक्त किया। अपने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि वैसे तो संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में कई प्रोजेक्टों के ऊपर काम कर रही है, लेकिन पालमपुर हलके के अंतर्गत जिन वीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनकी कुर्बानी एवं बलिदान को हमेशा-हमेशा के लिए जिंदा रखने हेतु दृढ़ संकल्पित है, जिससे कि भावी नौजवान पीडी का मातृ भूमि के प्रति राष्ट्र प्रेम जगे।




प्रवीण कुमार ने कहा कि पालमपुर धरती के महान वीर सपूतो की वीर गाथा की कड़ी में इससे पूर्व संस्था के ही अथक प्रयासों एवं वन मण्डल पालमपुर के अभूतपूर्व सहयोग व पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार की दृढ़ता से अनुशंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने 4 करोड़ 10 लाख रुपए सौरभ वन विहार की तरह विंद्रावन में प्रस्तावित कैप्टन विक्रम बतरा वन विहार के लिए स्वीकृत किए हैं, जो कि वन विभाग के पास जमा पड़े हैं।

इसी तरह इंसाफ संस्था की ही प्रस्तावना पर भारत वर्ष के प्रथम परमवीर चक्र विजेता मेजर सोम नाथ शर्मा की यादगार में उनके पैतृक गांव डाढ में वन वाटिका के लिए 50 लाख रुपए पूर्व सांसद किशन कपूर ने मंजूर करवाए थे। प्रवीण कुमार ने कहा कि स्वर्गीय किशन कपूर की इच्छा थी कि मेजर सोम नाथ वन वाटिका का शिलान्यास किसी बड़े सैन्य अधिकारी से करवाया जाए। अब शीघ्र ही इसका शिलान्यास बड़े सैन्य अधिकारी से करवाया जाएगा। सांसद गोस्वामी ने इंसाफ संस्था की गतिविधियों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था सामाजिक क्षेत्र में अनेक सराहनीय कार्य कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बेसहारा गोवंश को गो सदन हांडाकुंडी भेजा

**कोटखाई, भरत ठाकुर।** सड़कों पर गोवंश का देखा जाना अब एक आम बात हो गई है न जाने कितनों ने तो सर्दियों में ठंड से दम तोड़ा होगा और न जाने कितनों पर जंगली जानवरों द्वारा अपना निशाना बनाया गया होगा, ऐसे में कोटखाई क्षेत्र के समाजसेवी विपिन चौहानऔर सेगा एनजीओ कहीं न कहीं इन बेसहारों के लिए बेशक सहारा बनकर आए हैं। विपिन चौहान की बात माने तो लगभग 150 गौवंशज जो सड़कों पर दर-दर भटकते थे अब गो सदन का हिस्सा बन चुके हैं। विपिन चौहान ने बताया कि चित्र के लोग भी आप उनकी सहायता इस पुनीत कार्य में कर रहे हैं और कोटखाई से इस माह छह गोवंशों को नालागढ़ की एक सेंचुरी भेजा गया।

### युवा मंडल बड़ेच ने लगवाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** कोटखाई की ग्राम पंचायत घूंडा बड़ेच में लाल पाथ लैब गुम्मा के माध्यम से बड़ेच सामुदायिक परिसर में युवा मंडल बड़ेच द्वारा स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन किया गया। कैंप में 50 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत घूंडा बड़ेच के वार्ड सदस्य एवं युवा मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने की। युवा मंडल बड़ेच के सचिव संदीप शर्मा, सुरेश शर्मा, गोपाल शर्मा, सुन्दर शर्मा भी उपस्थित रहे।

### पटवारी-कानूनगो हड़ताल पर, लोग परेशान

**आत्मा सिंह , रामपुर बुशहर।** राज्य कैडर के विरोध में पटवारी और कानून को की सामूहिक हड़ताल का व्यापार का असर देखने को मिल रहा है। इससे रामपुर, कुमारसेन, ननखड़ी के तहसील मुख्यालय सूने पड़े हैं। तहसीलों में राजस्व और अन्य प्रमाण पत्र संबंधी कार्य ठप पड़े हैं। इससे सबसे अधिक परेशानी नौकरी के लिए आवेदन करने वाले और अन्य प्रमाण पत्र बनवाने वालों को हो रही है। पटवारी एवं कानूनगो महासंघ रामपुर इकाई के अध्यक्ष राजेश झाई ने सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक सरकार अपने फैसले को वापस नहीं देती तब तक उनकी पेन डाउन स्ट्राइक जारी रहेगी। रामपुर इकाई अध्यक्ष राजेश भाई ने कहा कि सरकार राज्य कैडर का फैसला थोप रही है, जो कि उन्हें मान्य नहीं है।

### भाजपा शिमला ग्रामीण (सुन्नी) की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, सुन्नी ।** भाजपा शिमला ग्रामीण (सुन्नी) मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया । अध्यक्षा शिवानी ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के उपरांत शिमला ग्रामीण विधानसभा के सुन्नी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को मनोनीत किया गया । मंडल उपाध्यक्ष पद के लिए खेमराज ,जगदीश चंद,लालचंद मेहता तथा पुष्पा ठाकुर को जिम्मेदारी सौंपी गई । जबकि मंडल महामंत्री पद के लिए रोशन लाल वर्मा और महेश शर्मा को नियुक्त किया गया । मंडल सचिव के लिए जितेंदर भारद्वाज, सुनीता शर्मा, परस राम, कमलेश, नरेश कुमार को मनोनीत किया गया । मंडल कोषाध्यक्ष का दायित्व टेकचंद को सौंपा गया हैं। इसके अतिरिक्त मंडल प्रवक्ता अधिवक्ता राजेश कुमार, मंडल मीडिया प्रभारी यशपाल मतैईक को सौंपा गया । जबकि मंडल के कार्यालय सचिव के लिए रमेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गयी । आईटी प्रमुख कमलेश वर्मा तथा कुमारी शिवानी शर्मा को आईटी सहप्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया प्रमुख विनय गर्ग और सह सोशल मीडिया प्रमुख का दायित्व सुभाष शर्मा को सौंपा गया तथा कार्यकारिणी सदस्यों में खेमा नन्द शर्मा, हेमलता, रेणु, कांता नेगी, सत्या, अंजना वर्मा, महेंद्र वर्मा, सीता शर्मा, प्रेमलाल वर्मा, हेमराज, कुंदन लाल भंडारी, सेवा दास, तिलक राज, प्रेमलाल वर्मा, विद्या देवी, प्रभा ठाकुर, दिनेश शर्मा, नरेश देओग, नागेश, नरेश ठाकुर, प्रेम प्रकाश शर्मा, हेम प्रकाश, तेज प्रताप शंकर, बलदेव वर्मा, देशराज, हिमतु राम, राम रतन, निर्मला देवी, ताराचंद वर्मा, योगराज शर्मा, पूर्णचंद वर्मा तथा किशोरीलाल शर्मा को मनोनीत किया गया ।

### संजौली में भाजपा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** संजौली भारतीय जनता पार्टी मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नई कार्यकारिणी के गठन पर खुशी जताई और आगामी चुनावी संघर्ष के लिए पूरी मेहनत से काम करने का संकल्प लिया।

# नशा तस्कर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला पुलिस ने एक बड़े अभियान के तहत कुख्यात नशा तस्कर गिरोह से जुड़े पांच और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह उत्तर भारत में फैला हुआ था और पुलिस की जांच में इसके कई अहम खुलासे हो रहे हैं। अब तक इस गैंग से जुड़े 44 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं।



संजीव गांधी।

गिरफ्तार किए गए गिरोह के तस्करों की पहचान अभिषेक वर्मा, मनीष ठाकुर, शेखर ठाकुर, अरविंद कुमार गुप्ता और संतोष कुमार के रूप में हुई है।

ये सभी शिमला और ठियोग के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक ये आरोपी नशे की तस्करी में लंबे समय से सक्रिय थे और एक संगठित नेटवर्क का हिस्सा थे।

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह नशे की तस्करी के लिए आधुनिक तरीकों का इस्तेमाल कर रहा था। डिजिटल ट्रांजेक्शन और साइबर तकनीकों के जरिये यह प्रदेश में नशे का जाल फैला रहा था।

पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह से हिमाचल में करीब 200 लोग जुड़े हो सकते हैं जबकि उत्तर भारत में यह संख्या 400 तक पहुंच सकती है।

### सिंडिकेट को प्रभावशाली लोगों का था संरक्षण

जांच में यह भी पता चला है कि इस सिंडिकेट को कुछ प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त था। पुलिस पहले ही नशे की तस्करी में शिमला के एक तहसील कल्याण अधिकारी और एक महिला वकील को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह की पहुंच पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तराखंड तक थी जिससे पता चलता है कि यह एक अंतरराज्यीय नेटवर्क था।

### नशा तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा : संजीव

शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने रविवार को कहा कि संदीप शाह गिरोह के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के सरगना संदीप शाह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। नशा कारोबार से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ड्रग माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

### बैंक खातों और डिजिटल पेमेंट की गहन जांच

**शिमला** पुलिस अब आरोपियों के बैंक लेन-देन, कॉल डिटेल और डिजिटल ट्रांजेक्शन की जांच कर रही है ताकि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके। संदीप शाह गिरोह की फंडिंग के स्रोतों को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से भी मामले की पड़ताल कर रही है।

## जंगल में आग लगाने वाले व्यक्ति पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** रामपुर थाना क्षेत्र में जंगल में आग लगाने की घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी आयुष गुप्ता की लिखित शिकायत पर पुलिस थाना रामपुर में एफआईआर दर्ज की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 19 फरवरी को शरारती तत्वों ने जानबूझकर जंगल में आग लगा दी जिससे वन क्षेत्र की कई मूल्यवान पौधें और वृक्ष पूरी तरह जलकर राख हो गए। यह घटना जिला शिमला के रामपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले उरमन गांव में हुई। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी सुरजीत सिंह पुत्र सुनील कुमार, निवासी गांव उरमन, डाकघर मुनीश बहली, तहसील रामपुर जिला शिमला को नामजद किया गया है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी अयुष गुप्ता ने बताया कि आगजनी की इस घटना के पीछे मानवीय लापरवाही प्रतीत हो रही है।

वन विभाग ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## लिटिल फैशन आइकन में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला में ग्रोवर्स प्रोडक्शन की ओर से लिटिल फैशन आइकन का आयोजन किया गया जिसमें 1 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए रैंप वॉक, नृत्य, गायन, योग और ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शिमला काली गाड़ी मंदिर हाल में हुए इस कार्यक्रम में भाजपा मीडिया प्रदेश प्रभारी कर्ण नंदा बतौर मुख्य अतिथि शरीक हुए। करण नंदा ने ग्रोवर प्रोडक्शन के इस आयोजन को एक अच्छी पहल बताया है।

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि ग्रोवर प्रोडक्शन की ओर से यह एक अच्छी पहल की गई है उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से छोटे बच्चों को नृत्य गायन जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि ग्रोवर प्रोडक्शन इस क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहा है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्या कार्यक्रम कर चुके हैं। ऐसे में बच्चों को इस तरह के एक्सपोजर से विकास करने में लाभ मिलेगा।

इस दौरान ग्रोवर प्रोडक्शन टीम सदस्य मीतू ग्रोवर ने कहा कि ग्रोवर्स प्रोडक्शन की ओर से शिमला में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं वाले कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।

### भाजपा मंडल ठियोग के महामंत्री बने रामकृष्ण

**भरत ठाकुर, ठियोग**

पिछले 12 सालों से भाजपा के विभिन्न पदों पर रह चुके रामकृष्ण मद्राड़ी को भाजपा मंडल ठियोग में महामंत्री के पद पर तैनात किया गया है।

मद्राड़ी ने बताया की में आभार व्यक्त करता हूं सर्वप्रथम उन सहयोगियों का जिनके साथ रह कर मैने भाजपा संगठन में एक सदस्य से लेकर सफर शुरू किया। आज मुझे भाजपा मंडल ठियोग ने महामंत्री का दायित्व दिया मैं इस दायित्व का निर्वहन करने का पूर्ण प्रयास करूंगा।

उन्होंने भाजपा ठियोग कुमारसैन के नेता प्रतिपक्ष अजय श्याम, मंडल अध्यक्ष दूनी चंद कश्यप समेत सभी शीर्ष कनिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि जो दायित्व दिया गया है इसका निर्वहन करने का पूर्ण प्रयास करूंगा।(अनंत ज्ञान)

## कांग्रेस सरकार की धर्म विरुद्ध सोच की परिचायक : प्रेम पंडित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा देश समाज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रेम पंडित ने कहा को अनादि काल से मंदिर राजाश्रय से फलते फूलते रहे है।



सनातन के इन तीर्थ स्थलों पर मुस्लिम आक्रांताओं से लेकर अंग्रेजी शासको का लुट खसूट विंध्वश का दौर इतिहास के पन्नो में उनके जुल्म की तारीख लिख चुका है लेकिन जब भारतीय जनता पार्टी मोदी के नेतृत्व में और हिमाचल डॉक्टर बिंदल के प्रदेश नेतृत्व से सनातन के अभूतपूर्व पुनरुथान की और अग्रसर है तो प्रदेश में अधिग्रहित मंदिरों के चढ़ावे का प्रदेश सरकार द्वारा कानून के विपरीत सरकारी योजनाओं तथा विषयों पर व्यय कांग्रेस सरकार की धर्म विरुद्ध सोच की परिचायक है।

हिमाचल प्रदेश में हिंदू धार्मिक सार्वजनिक संस्थान एवं पूरत विन्यास अधिनियम अधिग्रहित मंदिरों के संचालन के लिए लागू है और इसके अंतर्गत सरकार के पास कोई ऐसा अधिकार प्राप्त नहीं है कि वो इन धर्म स्थलों के चढ़ावे की राशि का प्रयोग संबंधित मंदिर न्यास के मद्दों के अतिरिक्त किसी और कार्य या विषयों के लिए करे। सरकार का कार्य मंदिरों के विकास के साथ तीर्थ यात्रियों के लिए भूमि, धन वा मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाना है न कि मंदिरों को राजकोष भरने का माध्यम बनाना है।

### अथर्व अवाड्र्स ऑफ एक्सीलेंस एक जून को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा के क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा अथर्व अवाड्र्स ऑफ एक्सीलेंस 1 जून को आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित अवाड्र्स कार्यक्रम में भारत भर के उत्कृष्ट अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी शोधकर्ताओं को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए राष्ट्रीय मंच पर पहचान दी जाएगी।

अथर्व ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स के कार्यकारी अध्यक्ष सुनिल ने कहा कि शोध, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में असाधारण योगदानों का सम्मान कर हम भारत के युवा शोधकर्ताओं की बुद्धिमत्ता, क्षमताओं, दक्षता, प्रतिभा और बौद्धिक शक्ति को उजागर करना चाहते हैं। वहीं अत्याधुनिक क्षेत्रों में असाधारण योगदानों का सम्मान करेगा।

## दीक्षित शर्मा व आयूषी जोक्टा बने मिस्टर एंड मिस फेयरवेल

**दशमी रावत, रोहड़ू**

सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोली में बारहवीं कक्षा विज्ञान संकाय की फेयरवेल पार्टी संपन्न हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा ने सभी छात्रों को उनकी नई मंजिल का शुभारंभ करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ग्यारवीं कक्षा के छात्रों ने भव्यता के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर दीक्षित शर्मा मिस्टर फेयरवेल व आयुषी जोक्टा मिस फेयरवेल चुनी गई।

इस अवसर पर प्लस टू कक्षा के कक्षाचार्य देवेंद्र दत्त शर्मा, प्लस वन कक्षा के कक्षाचार्य अनिल शर्मा, शारीरिक शिक्षक सुनील नागटा व राजदेव शर्मा ने शुभकामनाएं दी।(अनंत ज्ञान)



### ठंड में बेसहारा बुजुर्ग का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला की हाड़ कंपा देने वाली ठंड में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर एक बुजुर्ग की जिंदगी पुलिस और समाजसेवियों की तत्परता से बच गई। पांच माह से लापता इस बुजुर्ग को जब उनके बेटे ने शिमला में गले लगाया तो भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

हरियाणा के पानीपत जिले के जोधन खुर्द गांव के रहने वाले 65 वर्षीय रणबीर सिंह मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। इसी बीच समाजसेवी संस्था उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव को शिमला के टालैंड क्षेत्र में एक रेन शेल्टर में असहाय हालत में रह रहे रणबीर सिंह के बारे में पता चला। उन्होंने एसएचओ ममता रघुवंशी से रेस्क्यू करने का आग्रह किया था।

## नलवाड़ मेला : 11, 12 व 14 मार्च को होंगे कलाकारों के ऑडिशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले में 17 से 23 मार्च तक होने वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले में होने वाली सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों के चयन के लिए किसान भवन में कलाकारों का ऑडिशन लिया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने कहा कि सांस्कृतिक संध्याओं के लिए अच्छे कलाकारों के चयन के लिए ऑडिशन का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति के लिए कलाकारों का ऑडिशन 11 और 12 मार्च और 14 मार्च को लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑडिशन में भाग लेने वाले कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। 11 मार्च को झंडूता और नयना देवी उपमंडल स्तर के कलाकारों को ऑडिशन देना होगा, जबकि 12 मार्च को सदर और घुमारवीं उपमंडल के कलाकार ऑडिशन दे सकेंगे।

जिला बिलासपुर के प्रतिभागी जिन्होंने मेले में योगा, कराटे, बॉलीवुड डांस और वेस्टर्न डांस प्रस्तुत करना है, उन कलाकारों का ऑडिशन 11 और 12 मार्च को ही लिया जाएगा। ऑडिशन के दिन कलाकार मौके पर ही आवेदन पत्र दे सकते हैं। चयन प्रक्रिया में आने वाले कलाकारों को यात्रा भत्ता और मानदेय या पारिश्रमिक देय नहीं होगा। बिलासपुर सहित जिन कलाकारों ने आकाशवाणी और दूरदर्शन से मान्यता प्राप्त की है और अंतरराष्ट्रीय, राज्यस्तरीय मेलों में प्राइम टाइम, स्टार नाइट में प्रस्तुति दी है, उनके ऑडिशन नहीं लिए जाएगा।

### शास्त्रीय और उपशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताएं भी होंगी

**नलवाड़** मेले के दौरान जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा भारतीय शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने कहा कि जिले में भारतीय शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का एंट्री-एग्जिट, अभिनय पक्ष, लय-ताल की समझ आदि पहलुओं पर मूल्यांकन किया जाएगा। 14 मार्च को किसान भवन में ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिलासपुर सहित सभी जिलों के प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जा रहा है। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों को नलवाड़ मेले की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### चाहे दोस्तों ने पिलाया या शौक में लगी लत, नशे से बच्चों को बचाना जरूरी

## चिट्टे के विरुद्ध अभियान चलाने वाली संस्कार सोसायटी पहली संस्था : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा के तहत संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने रैन बसेरा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसें मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ लेखक कुलदीप चंदेल उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारत के युवा को नशे से खोखला करने के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ हो सकता है। हमें चिट्टा सप्लायरों की चेन को तोड़ना होगा। अपने बच्चों के साथ मित्र की तरह रहे और बच्चों से दूरी बिलकुल भी न बनाए। कार्यक्रम अध्यक्ष रविंद्र शर्मा लेखक महासंघ महासचिव ने कहा कि संस्था नशे के प्रति समाज मे जागरूकता कर नेक कार्य कर रही है। पुलिस चाहे तो चिट्टा बिकना बन्द हो जाए अगर ईमानदारी से काम करे। सहानुभूति से बच्चों से नशे को छुड़ाए।



कवि सम्मेलन में जिला के प्रख्यात कवियों व युवा कवियों ने भाग लिया और कविताओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। नाम ही है चिट्टा काम है काले, माता पिता क्या करे जब हर जगह पहुच रहा चिट्टा, ढाई इंच की सूंज से युवा के खून को पानी बनाया जा रहा है चिट्टा, नशे से दुखने लगी हड्डियां,मत फसा इस चिट्टा रे नशा नहीं तो हो जाना बर्बाद, चिट्टे नो न लगायो हाथ मेरे युवा साथियो, उड़ता पंजाब कब बन गया शांत हिमाचल मेरा, चिट्टा चिट्टा गलि मोहले च बिक्रदा तस्कर बेची नी रजदा, फिटे मुह चिटुआ, नशा मुक्त अभियान चलाकर चिट्टा नामक राक्षस को भगाना है, शर्म करो चिट्टे रे बपारियो पुड़िया च मत बेचो मौत, मौत रे बपरिया जो चक्के भगवान, चिट्टे के खिलाफ है समाज में अलख जगाना है, बच्चा अपना हो या पराया सब को बचाना ह, चिट्टा है मीठा जहर ,चिट्टे रे नशे ज्यूंदे ही मारे, किने बगाड़े मारे गबरू आदि कविताओं से चिट्टे के प्रति जागरूक किया।

संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि चिट्टे से आज हमारे बच्चे ऐसे मर रहे है जैसे पेडों से पत्ते झड़ रहे हो , इसे रोकने के लिए नशे माफिया पर लगाना और चिट्टा के नशे में फंस चुके बच्चों को काउंसिलिंग की मदद से बाहर निकालने का काम करना होगा अब भाषण से काम नहीं चलेगा। बच्चों को चाहे शौक में या दोस्तों ने चिट्टा पिलाया हो, हमें उनकी काउंसिलिंग करनी होगी और बच्चों को ऐसा माहौल देना होगा कि वे अपने दिनचर्या की हर बात अपने माता-पिता से साझा करें। छोटे बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है।

### सांसद अनुराग कल बिलासपुर प्रवास पर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता सोनल शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर आगामी 4 मार्च को सुबह 11 बजे बिलासपुर के भड़ौली कलां में भारतीय स्टेट बैंक ( एसबीआई) की शाखा का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत अनुराग सिंह ठाकुर दोपहर 3 बजे बिलासपुर के सलवार में जनसभा को संबोधित करेंगे। अनुराग 5 बजे लुहणू में रेलवे के निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करेंगे।

### खेल कोटे से 116 युवा खिलाड़ी पहनेंगे खाकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश के सभी जिलों में चल रही पुलिस भर्ती के दौरान 116 युवा बिना ग्राउंड और लिखित परीक्षा के ही खाकी वर्दी पहनेंगे। बिना ग्राउंड और बिना लिखित परीक्षा दिए पुलिस कांस्टेबल बनने के पीछे का राज युवाओं द्वारा पूर्व में की गई कड़ी मेहनत का परिणाम है, जिसके चलते 116 युवाओं ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हिमाचल वॉटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव एवं हिमाचल प्रदेश टैनिकोईट एसोसिएशन (खेल संघ) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इशान अख्तर ने बताया कि पहली बार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों से 116 खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कोटे के तहत पुलिस कांस्टेबल नियुक्त किया जा रहा है। विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन एवं गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्राउन मेडल या इसके अलावा तीन बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके खिलाड़ियों को खाकी वर्दी पहनने का मौका मिल रहा है। हिमाचल के खेल जगत में यह बहुत ही गर्व का विषय है कि राज्य में बिना ग्राउंड टेस्ट व लिखित परीक्षा के 116 युवा पहनेंगे खाकी ।

### कोर्ट के आदेशों की अनुपालना न करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झबोला क्षेत्र के निवासी मोहर सिंह पुत्र काशी राम गांव गोचर पटवार सर्कल झबोला ने उच्च न्यायालय के आदेशों के सही कार्यान्वयन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने एक केस की अपील की थी, जिस पर हाईकोर्ट से दो बार आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन तहसील प्रशासन ने अदालत को गलत रिपोर्ट भेजी है कि अतिक्रमण हटा दिया गया है, जबकि हकीकत में मौके पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोहर सिंह ने उच्च न्यायालय से अपील की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जमीनी हकीकत जानने के लिए मौके पर कमीशन भेजा जाए। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह झूठी रिपोर्टिंग होती रही, तो अतिक्रमण बढ़ता जाएगा और सरकारी जमीन पर कब्जे होते रहेंगे। पैसे वाले लोग रास्ते और पानी के स्रोतों को बंद कर रहे हैं, जिससे आमजन को भारी दिक्कतें हो रही हैं। वहीं, इस मामले पर नायब तहसीलदार झंडूता संजय का कहना है कि उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे, जिसे नवंबर 2024 में लागू कर दिया गया था।

### बार एसोसिएशन के पदाधिकरियों ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्र सरकार द्वारा वकीलों पर अधिवक्ता संशोधन बिल लागू करने के खिलाफ जहां देशभर के वकील विरोध-प्रदर्शन कर अपना रोष प्रकट कर रहे हैं, तो वहीं इस बिल को वपस लिए जाने की मांग को लेकर हिमाचल प्रदेश के समस्त बार एसोसिएशन के पदाधिकरियों ने बिलासपुर में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया है। जिला न्यायालय बिलासपुर के बार एसोसिएशन हॉल में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश के 51 बार काउंसिल में से 38 काउंसिल के पदाधिकारियों ने भाग लिया और जो पदाधिकारी खराब मौसम व अन्य किसी कारण से बैठक में शामिल नहीं हो पाए, वे ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े। वहीं इस बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश बार एसोसिएशन कॉर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष एलआर नड्डा को बनाया गया है। बार काउंसिल के जिला प्रधान इस कमेटी के सदस्य रहेंगे। जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश बार एसोसिएशन कॉर्डिनेशन कमेटी के अध्यक्ष एलआर नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट 1961 में प्रस्तावित संसोधनों के खिलाफ देशभर के वकील आंदोलन कर रहे हैं, जिसका सीधा असर वकीलों की आजादी पर पड़ेगा।

### 100 पदों के लिए इंटरव्यू 4 व 5 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** माउंट टैलेन, नोएडा द्वारा परवाणू तथा बड़ोगवाला के लिए अप्रेंटिस ट्रेनिंग के 100 पदों हेतु 4 और 5 मार्च को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में कैंपस इंटरव्यू होगा। इच्छुक उम्मीदवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्रमाणित मैकेनिकल ट्रेड में आईटीआई पास होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को मासिक 17,000 रुपए दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

**धार्मिक**

### 18 हजार श्रद्धालुओं ने किए माता रानी के दर्शन, सुख और समृद्धि की कामना की

## नयना देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में रविवार के दिन लगभग अठारह हजार श्रद्धालुओं ने माता जी के दर्शन किए और अपने घर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। पंजाब, हिमाचल, यूपी, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से सुबह से ही मां के दरबार में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। दोपहर की आरती के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ फ्लाईओवर को पार कर गई। मंदिर की सुरक्षा में तैनात होम गार्ड इंचार्ज परमजीत ने बताया कि उनके जवानों ने श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे जत्थों में लाइनों में ही माता जी के दर्शनों के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि पूरी मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी को निभाया गया। माता जी के मुख्य और निकासी द्वार के पास श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर न्यास के सौजन्य से श्रद्धालुओं के लिए चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई थी, जिसकी श्रद्धालुओं ने काफी सराहना की।

**मुख्य और निकासी द्वार के पास भक्तों के लिए की गई थी चाय-पानी की व्यवस्था**



## 55 विद्यार्थियों ने दी एचपी स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों में स्थित चार परीक्षा केंद्रों में रविवार को एचपी स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट छात्रवृत्ति योजना के पहले चरण की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों के पांचवीं कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए बरठीं, जेजवी, झंडूता और तलाई में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे।

इस परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में आयोजित परीक्षा में कुल 60 छात्रों को परीक्षा देने का अवसर मिला, जिनमें से 55 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 5 अनुपस्थित रहे। प्रारंभिक शिक्षा चरण में प्रतिभावान छात्रों की पहचान और उनके पोषण के उद्देश्य से यह छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। इसके तहत राज्य स्तरीय परीक्षा के माध्यम से चयनित मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह परीक्षा राज्य स्तर पर एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, प्राथमिक विद्यालयों की पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले शीर्ष 100 छात्रों का चयन करने के लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। 12 जिलों के छात्रों में से विद्यालयों के औसत नामांकन के आधार पर निर्धारित कोटे के अनुसार 100 छात्रों को इस योजना के लिए चयनित किया जाएगा। आज आयोजित परीक्षा दोपहर 1 बजे से 3:15 बजे तक चली।

छात्रों में परीक्षा को लेकर उत्साह देखने को मिला। इस योजना के माध्यम से चयनित छात्रों को कक्षा 6, 7 और 8 में पढ़ाई के दौरान छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सुन्नी कॉलेज में 156 विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** सुन्नी कॉलेज का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूम धाम से मनाया गया। समारोह में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कॉलेज के होनहारों को पुरस्कृत किया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्य अंजली चौहान ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ अतिथिगणों को वर्ष भर की गतिविधियों से अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने लगभग 156 छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कॉलेज में वर्ष 2024-25 में आयोजित शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश और स्नेहा को एनएसएस के बेस्ट वॉलंटियर के खिताब से नवाजा गया जबकि यशिका और साहिल को बेस्ट एथलीट ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया। लोकेश को बेस्ट रोवर और पूनम को बेस्ट रेंजर का पुरस्कार दिया गया तथा ईशान को राज्य पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। एन सी सी में धर्मेंद्र कुमार और लिजा कंवर को बेस्ट कैडेट ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया तथा यतिन शर्मा को एक्सिलेंस इन सर्विस अवॉर्ड से नवाजा गया। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा पधर मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**कविता, पधर।** भारतीय जनता पार्टी के पधर मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। पधर मंडल अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार निम्नलिखित कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है जिसमें हरीश, सुभाष, प्रेम सिंह, खेखा राम को उपाध्यक्ष, सुरेश कटारिया, शेर सिंह को महामंत्री, कोषाध्यक्ष राजेश सेन, मीडिया प्रभारी, शिव कुमार, घनश्याम, नागेश्वरी, रीता देवी, गंगी देवी, शीला देवी व संजय कुमार को सचिव, कार्यालय सचिव विनय शर्मा, आईटी संयोजक हरि सिंह, आईटी सह संयोजक सुनीता देवी, सोशल मीडिया संयोजक महेश ठाकुर तथा सोशल मीडिया सह संयोजक सुरजीत कुमार को नियुक्त किया गया। इसके अलावा, राम दास, लाल सिंह, नानक चंद, पदम सिंह, सोहन सिंह, कुशल कुमार, मान सिंह, बेसर सिंह, गोपाल कृष्ण, गुरदेव, ब्रेस्ती देवी, सरोज कुमारी, पूजा देवी, कविता, रीता देवी, कविता चौहान, सपना देवी, बिमला देवी, कांटा देवी, चंद्रमणि, राम सिंह, प्रवीण कुमार, चिंत राम, घनश्याम, दारा सिंह, प्रेम सिंह, संतोष कुमार, दिना नाथ, रमेश चंद और भागमल को सदस्य नियुक्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

### पाटिल ने सुक्खू से की भेंट



शिमला। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की हिमाचल प्रदेश की प्रभारी और राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल ने आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके सरकारी आवास ओक ओवर में भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने पार्टी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

# पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे हुआ बहाल

**ओपी शर्मा, भरमौर**

पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश के कारण पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे रविवार को लगभग 48 घंटे बाद बहाल हो गया है। इसके साथ ही खड़ामुख होली मार्ग भी 24 घंटे बाद सभी प्रकार के वाहनों के आवाजाही के लिए बहाल हो गया है।

गौरतलब है वीरवार और शुक्रवार को हुई भारी बारिश के चलते जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पठानकोट -भरमौर नेशनल हाईवे कई जगह टूट गया है। इसके चलते लाहल में दो दिनों तक लगातार हो रहे भारी लैंडस्लाइड के चलते नेशनल हाईवे बंद रहा। हालांकि शनिवार को एनएचएआई ने खड़ामुख तक सड़क को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया था, लेकिन खडामुख से आगे लाहल में लगातार हो रहे भूस्खलन के चलते मार्ग बहाल नहीं हो पाया था। वहीं दूसरी ओर खड़ा मुख होली सड़क पर सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से धंस जाने के कारण पूरी तरह से बंद हो गई थी। रविवार को विभाग ने दोपहर बाद लाहल में कड़ी मशक्त के बाद इस सड़क को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दी है। सड़क की खुल जाने



के बाद लोगों ने यहां पर राहत की सांस ली है। हालांकि पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे बग्गा से भरमौर तक अभी तक भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। यहां पर कई जगह अभी भी लगातार भूस्खलन जारी है। हालांकि विभाग की ओर से सड़क को खोलने के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। की जगह जमीन धंसने के कारण सड़क कई फुट नीचे भी बैठ गई है।

भारी बारिश के कारण यहां पर होली और भरमौर की कई पंचायतों का संपर्क दो दिन शेष विश्व से कटा रहा। उधर जनजातीय क्षेत्र भरमौर के कई संपर्क मार्ग अभी ग्लेशियर करके चलते बंद पड़े हुए हैं। विभाग व कर्मचारियों के द्वारा लगातार प्रयास जारी है। (अनंत ज्ञान)

### पांगी से एक मरीज को एयरलिफ्ट कर भेजा मनाली

**आवासीय** आयुक्त, पांगी रमन घरसंगी ने बताया कि पांगी घाटी के धनाला गांव के निवासी संत राम को गंभीर चिकित्सा आपातस्थिति के तहत साच हेलिपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा एयरलिफ्ट कर उच्च चिकित्सा केंद्र, मनाली भेजा गया। मनाली हॉस्पिटल में उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया जा रहा है। इस आपातकालीन राहत अभियान में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर मरीज को समय पर उपचार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गौरतलब पिछले दिनों जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी हुई है। जिसके चलते संपूर्ण घाटी का संपर्क एक जगह से दूसरी जगह तक पूरी तरह से कट गया है। भारी बर्फबारी के चलते यहां की 21000 से अधिक की आबादी घरों में दुबकने को मजबूर हो गई है। हालांकि प्रशासन की ओर से जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर आवासीय आयुक्त, पांगी ने हिमाचल प्रदेश सरकार, जनजातीय विकास मंत्री श जगत सिंह नेगी उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, पांगी के मेडिकल स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारियों, हेलीकॉप्टर क्रू और इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### गरोला पंचायत का पैदल रास्ता हुआ जमींदोज

**विधानसभा** क्षेत्र भरमौर के गरोला पंचायत में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते पैदल चलने वाला रास्ता भी पूरी तरह से जमींदोज हो गया है। जिसके चलते पंचायत के लगभग करीब आधा दर्जन गांव को आने जाने के लिए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं मुख्य मार्ग होने के चलते अब मवेशियों के लिए भी चलने के लिए रास्ता नहीं बचा है।

यहां के लोगों ने इसके लिए पंचायत की घटिया कार्य प्रणाली को जिम्मेदार माना है। स्थानीय निवासी एवं प्रभावित शंकर शर्मा ने कहा है कि पंचायत यहां पर अवैज्ञानिक तरीके से कूहल का निर्माण करवा रही थी। यहां पर पंचायत द्वारा की गई खुदाई के कारण पानी इकट्ठा होकर निकला। जिसके कारण तीन-चार गांव को जोड़ने वाला रास्ता भी पूरी तरह से टूट गया है। उन्होंने कहा है कि इस वजह से रास्ते व दूसरा मालवा उनके सेब के बगीचे में पहुंच गया है। जिससे उनके बगीचे को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने संबंधित विभाग व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस रास्ते का निर्माण करवाया जाए। ताकि गांव के आने-जाने वाले लोगों व मवेशियों के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। शंकर शर्मा ने कहा है अगर जल्द रास्ता नहीं बना तो लोग और सेब के बगीचे से जाएंगे जिससे काफी नुकसान होगा।

# भक्ति भाव से भटकने पर प्रभु ही संभालते हैं: महात्मा रतन चंद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें प्रवचन करते हुए महात्मा रतन चंद ने फरमाया कि जब हम भक्ति भाव से कभी भटकते भी हैं तो ये परमात्मा हमें संभाल लेता है; बस जरूरत पूर्ण समर्पण की है। हम अपने अहंकार को खोकर इसके प्रति ऐसे हो जाएं जैसे एक पत्ता पानी पर तैरता है। चाहे नदी उछल रही है या शांत होकर बह रही है, वो पत्ता अनेक बाधाओं के बावजूद पानी के ऊपर तैरते हुए आगे की अपनी यात्रा पूरी करता है।

जीवन में हम जब परमात्मा का सहारा लेते हैं तो वाकई ही हमारा मन इतना हल्का हो जाता है कि हमारी पूरी जीवन यात्रा ही बहुत सहज हो जाती है।

जब संसार में इतनी अलग-अलग मान्यताओं, भावनाओं वाले लोग हैं तो हर एक से प्यार कैसे किया जाए और अपने अहंकार को कैसे छोड़ा जाए। दूसरों को प्यार करते हुए उनको कैसे अपनाया जाए? बात वही कि जब हमें हर एक में यह परमात्मा दिखेगा तो वाकई ही हमें सभी श्रेष्ठ दिखेंगे, सभी प्यारे दिखेंगे।

हर एक से कुछ सीखने का भाव रखें जब हर एक से कुछ न कुछ सीखने का भाव रहेगा तो हर एक से मिलकर यही लगेगा कि इनके जीवन जैसा, हमारा भी जीवन हो। इनके जीवन में जो मानवीय गुण हैं, वो हम भी अपनाएं । जब-जब भी हम इस परमात्मा को भुलाते हैं, तब-तब हमें गलत रास्ते पर जाने में देर नहीं लगती। ये निहरराकार हमसे भूला नहीं कि फिर हम नकारात्मकता अपने अंदर ले आते हैं, फिर चाहे वो छोटी-छोटी बातों का अहंकार वाला रूप ही क्यों न हो।

भक्ति कोई काल्पनिक बात नहीं है, यह एक वास्तविक सच्चाई है । आध्यात्मिकता होती ही वास्तविक है। भक्ति अपने आपको संसार, समाज, घर-परिवार से अलग करके नहीं की जाती। ये तो हर एक के बीच में रहकर, खुद के अंदर जो सुकून है, उसे महसूस करने की बात है।

परमात्मा की भक्ति का भाव भी यही है कि पहले इस परमात्मा को जानकर, फिर अपने जीवन में लाकर, श्रद्धा-विश्वास से भक्ति की यात्रा शुरू करनी है। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षक युद्धवीर टंडन ने यूजीसी नेट में हासिल की शानदार उपलब्धि

**अनंत ज्ञान, चंबा**



यूजीसी-नेट दिसंबर 2024 की परीक्षा में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं शोधार्थी युद्धवीर टंडन ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस युवा शोधार्थी ने शिक्षा विषय में पीएचडी प्रवेश के लिए योग्यता हासिल कर ली है, साथ ही सहायक प्रोफेसर पद के लिए भी मात्र चार अंकों से पात्रता हासिल करने से रह गए।

शिक्षक युद्धवीर टंडन ने अपने पहले प्रयास में ही यह उपलब्धि हासिल की है। 300 अंकों की परीक्षा में 174 अंक उनका परसेंटाइल स्कोर 95.90 है, जो कि बहुत ही प्रभावशाली है। कुल शिक्षक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शक, डॉ. राजेंद्र चौहान को दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ. चौहान की मार्गदर्शन और समर्थन ने उनकी सफलता में बहुत बड़ा योगदान दिया है। जीवन में शोध करने की प्रेरणा उन्हें अपने जीवन के आदर्श डॉ. विपिन चंद राठौर से महाविद्यालय में शिक्षक हासिल करने के दौरान मिली है।

शिक्षक युद्धवीर टंडन हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत सिंगापुर से लौटे हैं।

# चोरी के आरोपी को पंजाब पुलिस ने किया काबू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज पुलिस थाना डलहौजी के अंतर्गत गांव पुखरी में निजी गेस्ट हाउस को लीज पर चला रहे। एक पंजाबी युवक विकास गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता निवासी मिस्त्रियां मोहल्ला सुजानपुर को बीते कल पंजाब पुलिस थाना सुजानपुर के दल द्वारा हिरासत में लिया गया।

जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति गत वर्ष मई महीने सुजानपुर में किसी चोरी के मामले में लिप्त था। जिसके चलते हुए पंजाब पुलिस की आंखों में धूल झोंकते हुए हिमाचल प्रदेश डलहौजी के बनीखेत के साथ लगते पुखरी में एक निजी गेस्ट हाउस को लीज पर लेकर चलाता आ रहा था, किंतु जैसे ही सूत्रों से पंजाब पुलिस को विकास गुप्ता के बारे में जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने बीते कल बनीखेत में दबिश देकर स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर



पंजाब ले जाया गया। इस सारे मामले की पुष्टि डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर द्वारा की गई है।

इस मामले को लेकर होटल मालिकों को सबक जरूर मिला है कि किसी भी व्यक्ति को होटल लीज पर देने से पहले उसके करैक्टर को लेकर जरूर जांच पड़ताल कर लेनी चाहिए वरना बाद में कानूनी झमेलों का सामना करना पड़ सकता है।

# मंडी यूनिवर्सिटी को बंद करने के कुचक्र से बाज आए सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मण्डी को बंद कर करने के कुचक्र रचने से बाज आए। पहले सरकार ने एसपीयू से उसके क्षेत्र छीन लिए जिसके कारण यूनिवर्सिटी के में कॉलेज की संख्या में भारी कमी आई, इसके बाद बजट में कटौती की गई, सरकार ने बिल्डिंग छीन ली जिससे यूनिवर्सिटी बंद हो जाए। इन सबके बाद भी जब सरकार का जी नहीं भरा तो अब मंडी यूनिवर्सिटी से सरकार सभी बीएड कॉलेज छीनने की कोशिश कर रही है, जिससे यूनिवर्सिटी के आय का बड़ा साधन अपने आप समाप्त हो जाए और सरकार को यूनिवर्सिटी पर ताला लगाने का बहाना मिल जाए।

सरकार अपनी हरकतों से इस बार भी मुकर जाएगी। झूठ बोल देगी कि ऐसी बात नहीं है इसलिए मैं इस बारे में साजिश रचती फाइल का नंबर भी बता दे रहा हूं कि बड़े-बड़े पदों पर बैठे लोग झूठ बोलने से पहले यह फाइल पढ़ लें। इस तरह से सरकार मंडी यूनिवर्सिटी के आय के साधन पर कैंची चलाने के साथ हजारों बच्चों और उनके अभिभावकों के ऊपर आर्थिक बोझ डालने की तैयारी कर रही है।

# भक्तों ने सुनी सुखदेव संवाद की पावन कथा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के ऐतिहासिक मच्छिंद्रनाथ शनि मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन जारी है। इस सात दिवसीय कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास आचार्य तिलक शर्मा ने श्रद्धालुओं को राजा परीक्षित के जन्म और सुखदेव संवाद की पावन कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे, जिनकी भगवान श्रीकृष्ण ने गर्भ में ही रक्षा की थी और दर्शन दिए थे।

कथा में यह भी बताया गया कि कलियुग के प्रभाव के कारण राजा परीक्षित को सात दिनों में मृत्यु का श्राप मिला। इस श्राप से बचाव के लिए उन्होंने अपना राजपाट त्यागकर सुखलाल की पवित्र स्थली पर शरण ली, जहां उनकी भेंट



महामुनि सुखदेव जी से हुई।

कथा व्यास ने बताया कि परीक्षित जी ने सुखदेव जी से प्रश्न किया कि जल्दी मरने वाले व्यक्ति के लिए मोक्ष प्राप्ति का क्या उपाय है? इस पर महामुनि सुखदेव ने उत्तर दिया कि जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति का एकमात्र मार्ग श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण है। उन्होंने सात दिनों तक परीक्षित जी को श्रीमद् भागवत कथा सुनाई, जिससे राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर भजन-कीर्तन किया और कथा के महत्व को आत्मसात किया।

श्री मच्छिंद्रनाथ शनि मंदिर कमेटी के प्रधान श्री चुन्नीलाल शर्मा और सचिव श्री दुनी चंद चौधरी ने बताया कि यह भागवत कथा 7 मार्च 2025 तक चलेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारे और लंगर की विशेष व्यवस्था की गई है।

आज की भागवत कथा में स्वर्गीय उधो राम की धर्मपत्नी सिमरी देवी और उनके परिजन मुख्य यजमान बने। उनकी ओर से आज के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।(अनंत ज्ञान)

# शिवरात्रि पर बाथरी के मटैना गांव में लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

ग्राम पंचायत बाथरी के अंतर्गत गांव मटैना में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य लंगर का आयोजन किया गया। बता दें कि यह लंगर शिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित किया जाता आ रहा है। बीते कल सुबह ही मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत भगवान के समक्ष भोग लगाकर भव्य लंगर का शुभारंभ किया गया।

लंगर कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि बीते कई सालों से इस लंगर का आयोजन समस्त ग्रामवासी मिलजुल कर करवाते आ रहे हैं तथा इस लंगर में क्षेत्र के अन्य लोग भी अपनी हाजरी लगवाते हैं। उन्होंने बताया कि यह लंगर हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है तथा यह भविष्य में भी इसी तरह भव्य रूप से आयोजित करवाया जाता रहेगा अध्यक्ष ने यह भी बताया कि मंदिर के साथ लगते एक प्राकृतिक जल स्रोत है और उसका विस्तारीकरण सौंदर्य करण करवाने हेतु उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत, जल शक्ति विभाग तथा प्रशासन को अवगत करवाया है किंतु अभी तक इस स्तोत्र के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

अगर यह जल स्रोत का सौंदर्यीकरण विस्तारीकरण हो जाता है तो गांव वासियों के लिए पेयजल की आधी समस्या खुद व खुद समाप्त हो जाएगी जो हमेशा गर्मियों के दिनों में उत्पन्न होती है।

# पांगी घाटी में मनाया जुकारू महोत्सव

**आरके सहगल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली पर्व, जुकारू महोत्सव इस वर्ष भी पांगी कल्याण संघ द्वारा जिला मुख्यालय चंबा में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। यह उत्सव जो पांगी घाटी के पांगवाल समुदाय की पहचान है, हर वर्ष आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देता है।

पांगी कल्याण संघ के अध्यक्ष भगत बड़ोत्रा, जो लगातार तीसरी बार संघ के अध्यक्ष बने हैं, इस आयोजन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका समर्पण और नेतृत्व इस महोत्सव को हर वर्ष और अधिक भव्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जुकारू महोत्सव



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

सर्दियों के अंत में लगभग 12 से 15 दिनों तक मनाया जाता है। इसकी शुरुआत सिलाह नामक दिन से होती है, जब घरों की सफेदी की जाती है और आटे से विशेष आकृतियां बनाई जाती हैं। इसके बाद बली राजा की पूजा की जाती है, जो इस महोत्सव का एक प्रमुख अनुष्ठान है।

दूसरे दिन लोगों के घरों में मिलने-जुलने और आशीर्वाद लेने का दिन होता है। तीसरे दिन, जिसे मंगल या पन्हेई कहा जाता है, सामूहिक भूमि पूजन किया जाता है, जिसमें सत्तू, घी, शहद, आटे से बने बकरे और जौ-गेहूं के बीजों का उपयोग किया जाता है। यह उत्सव न केवल पांगी घाटी की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संजोए हुए है, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाता है। पांगी कल्याण संघ के अध्यक्ष 'भगत बड़ोत्रा' ने सभी प्रवासी पांगवालों एवं चंबा वासियों से आयोजन में भाग लेने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकु नवताल- 7358

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7357 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

# लडभड़ोल मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

भाजपा जोगिंद्रनगर मंडल लडभड़ोल की नई कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। मंडल अध्यक्ष ठाकुर लविंदर सिंह लक्की ने बताया कि यह निर्णय विधायक प्रकाश राणा और ज़िला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा के मार्गदर्शन में लिया गया। कल्याण सिंह, संजीव कुमार, कमला देवी और ध्यान सिंह (फोनु बड़ा ठाना) को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

अनिल कुमार और विजय चौहान महामंत्री होंगे, जबकि करतार सिंह, नीतू देवी, माया देवी, खेम सिंह और संत सिंह राणा सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

मीडिया प्रभारी मंजीत राणा, प्रवक्ता खेम सिंह, कार्यालय सचिव रत्नचंद, आईटी संयोजक मान सिंह और सोशल मीडिया संयोजक सुनील राणा को बनाया गया है। कार्यकारिणी में रमेश राणा, मनी राम वर्मा, सुरेश कुमार, गीता देवी, संजय कुमार समेत कई अन्य कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। मंडल अध्यक्ष ने सभी नए पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# सिराज भाजपा ने किया कार्यकारिणी विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा सिराज मंडल जंजैहली के अध्यक्ष भीष्म ठाकुर ने मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया, जिसमें चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री व चार सचिव बनाए गए, उपाध्यक्ष ओम चंद शर्मा छतरी, संतोष कुमार बागराथाच, कृष्णा देवी व देशराज को बनाया गया।

जोधवीर सिंह व चंद्रावती महा मंत्री होंगे। सचिव में सुनीता देवी खौली, राजेश्वर कदवाड़, उमा टिपरा, विनय कुमार ब्रेयोगी बनाया गया है। खजाना राम शर्मा शंकरदेहरा को प्रवक्ता, देवी सिंह फौजी को मीडिया प्रभारी, महेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष, डेविन ठाकुर को मंडल आईटी विभाग का संयोजक व माहेश्वर को सोशल मीडिया विभाग का संयोजक बनाया गया है। ईश्वर (इशू) घाट को आईटी विभाग का मंडल सह संयोजक व काहन सिंह खुनची को सोशल मीडिया का मंडल सह संयोजक तथा धर्मेंद्र कुमार जंजैहली को कार्यालय सचिव का दायित्व सौंपा गया है। 31 कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए है। जयराम ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष सहित दस लोगों को स्थाई आमंत्रित तथा दस और कार्यकर्ता विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 मार्च, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : फाल्गुन, **तिथि** चतुर्थी (06:04): **नक्षत्र** अश्विनी (04:30), **पक्ष** : शुक्ल, **योग** : शुक्ल (08:56) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:10-12:56), **राहुकाल** (08:11-09:39)।

### विशेष दिन

- 03 मार्च 2025 : विनायक चतुर्थी आज।
- 04 मार्च 2025 : राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस कल।

**मेष:** अपने करियर के प्रति महत्वपूर्ण फैसले लेने पड़ेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। परिवार के साथ लंबी यात्रा के योग हैं।

**वृषभ:** सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आप क्यों दूसरे के मामलों में पड़ते हैं, नुकसान आप का ही होगा।

**मिथुन:** धार्मिक कार्यों में सहभागिता होगी। कार्यों को पूर्ण करें आपके आलसी रवैये से नुकसान हो सकता हैं। कारोबार में कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कर्क:** मनचाहा जीवन साथी मिलने से प्रसन्न होंगे। आप के व्यवहार से लोग आकर्षित होंगे कार्यस्थल पर पूजा पाठ में शामिल होंगे।

**सिंह :** पूंजी निवेश से अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। नए वस्त्रों की प्राप्ति आज हो सकती है। जरूरतमंद की मदद करें रुके कार्य बन जाएंगे।

**कन्या :** कारोबार में नई तकनीक से लाभ होगा। कार्य की अधिकता से तनाव रहेगा। कार्य स्थल पर कर्मचारियों की अनियमिता से परेशान रहेंगे।

**तुला:** वित्तीय मामलों में दूसरों पर भरोसा न करें। भावनात्मक संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। किसी भी नए कार्य को करने के पूर्व रणनीति तैयार करें।

**वृश्चिक:** व्यस्त जिन्दगी में कुछ समय अपनों को भी दें। आप मन के साफ है पर किसी को समझाने के लिए नरमी से पेश आएं।

**धनु:** भगवान को मंजूर होता है। व्यर्थ की चिंता छोड़ दें और अपने सपने पुरे करने में लग जाएं। आकस्मिक धन प्राप्त आज हो सकता है।

**मकर :** लम्बे समय से चले आ रहे विवाद आज सुलझ सकते हैं। संतान सुख संभव है। विदेश जाने के योग हैं। जीवन-साथी के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे।

**कुंभ :** व्यवहार और आचरण बदलें। सब आपके हो जाएंगे। माता-पिता से ऐसा व्यवहार ठीक नहीं है। अपनी भूल सुधारें, लाभ होगा।

**मीन :** आज आप परिवार के खिलाफ जा सकते हैं। जल्दबाजी में कुछ फैसले लेने पड़ेंगे। संचित धन का उपयोग सतर्कतापूर्वक करें।

## मसला | बजरंग दल चंबा ने गांव भुनाड़ (खैरी) में पहुंचकर राम मंदिर का किया दौरा

# मंदिर में मूर्तियां खंडित करने के मामले ने पकड़ा तूल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

खैरी पुलिस थाना के अंतर्गत गांव भुनाड़ में श्री राम मंदिर में राम सीता लक्ष्मण की मूर्तियों को खंडित किए जाने वाले मामले ने तूल पकड़ लिया है।

बता दें कि बीते कल रविवार बजरंग दल जिला चंबा इकाई द्वारा गांव भुनाड़ के श्री राम मंदिर पहुंचकर हुए सारे मामले पर गांव वालों से मिलकर चर्चा की गई। इस पर समस्त गांव वालों ने प्रभु श्री राम सीता एवं लक्ष्मण की खंडित हुई मूर्तियां के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी सांचा की और बताया कि उन्हें शक है कि यह नीच काम किसी पागल शराबी या किसी



मूर्तियां खंडित करने के मामले में एकजुट हुए लोग व साथ हैं बजरंग दल चंबा के सदस्य।

धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाले व्यक्ति की ही कारगुजारी है जिसने मंदिर में रखी मूर्तियों को क्षत-विक्षत कर दिया।

बता दें कि यह सारा मामला धर्म से जुड़ा हुआ है इसलिए स्थानीय पुलिस में हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है। थाना प्रभारी खैरी मैं जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने गांव में जांच परिक्रिया को तेज कर दिया है और शक के आधार पर पूछताछ भी जारी है।

**थाना प्रभारी बोले- धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाले को बक्शा नहीं जाएगा**

इस बारे में उन्होंने बताया कि धार्मिक आस्थाओं को ठेस पहुंचाने वाले व्यक्ति को किसी भी तरह से बक्शा नहीं जाएगा चाहे वह किसी भी धर्म समाज या समुदाय से हो। तो वही ग्रामपंचायत भुनाड़ के उप प्रधान मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बजरंग दल चम्बा इकाई के समस्त सदस्य उनके गांव भुनाड़ के रामलीला ग्राउंड के साथ लगते मंदिर में पहुंचे थे जहां उन्होंने मंदिर का दौरा कर उन्हें आश्वस्त किया कि वे वे किसी तरह से भी अकेले नहीं है।

तमाम हिंदू संगठन चाहे बजरंग दल हो विश्व हिंदू परिषद हो या फिर अन्य धार्मिक संगठन हो वो सभी गांव वालों के साथ है।

आप स्वाद को बदल सकते हैं, परंतु जहर को अमृत में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। –डॉ. भीमराव अंबेडकर

## संपादकीय

# नशे के खिलाफ जंग

हिमाचल में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सुक्खू सरकार एक्शन मोड में है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पुलिस विभाग को राज्य में मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अगले छह माह तक व्यापक अभियान चलाने का निर्देश देकर वाकई समझदारी वाला काम किया है। यह जरूरी इसलिए भी था, क्योंकि अभी तक हिमाचल में नशे के खिलाफ कुछ समय के लिए ही कार्रवाई की जा रही थी, जिससे नशा माफिया थोड़े समय के लिए शांत रहकर दोबारा अपनी कलुषित गतिविधियों में शामिल हो जाता था, लेकिन अब लंबा अभियान चलाने से उसकी कमर अवश्य टूटेगी। इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य राज्य में मादक पदार्थों के बढ़ते खतरों से निपटना है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह कदम निश्चित रूप से राज्य में मादक पदार्थों की समस्या से निपटने में मदद करेगा और नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों को मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना बेहद लाजिमी है।

नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए। नशा हमारे समाज को कई तरह से खोखला कर रहा है। प्रतिबंधित दवाओं का सेवन स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। लिवर और फेफड़ों की बीमारियां होने से व्यक्ति की सेहत का पूरा ढांचा ही हिल जाता है। वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगता है। नशे वाली दवाओं की लत आर्थिक समस्याओं का कारण बनती है। निश्चित रूप से इससे आय की हानि होती है। नशे की आपूर्ति करने के लिए व्यक्ति के पास पैसा नहीं रहता तो वह उधार लेना शुरू कर देता है और इस चक्कर में कई बार उस पर इतना कर्ज हो जाता है जिसे चुकाना उसके लिए आसान नहीं होता। दवाओं की लत सामाजिक समस्याओं का कारण बनती है, जैसे कि पारिवारिक तनाव और सामाजिक अलगाव का आना भी चिंता का कारण बन जाता है। यही नहीं, नशे की लत मानसिक समस्याओं का कारण भी बन जाती है और इससे व्यक्ति अवसाद और चिंता में डूब जाता है। नशा न मिलने पर व्यक्ति अक्सर अपराध की दुनिया में अपने कदम रख लेता है और वह धीरे-धीरे हिंसा पर उतारु हो जाता है।

चोरी और मारपीट की घटनाओं में वृद्धि होना इसी का नतीजा है। नशे से उत्पन्न इन समस्याओं को दूर करने के लिए समाज को एकजुट होकर काम करना होगा और नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करना होगा। नशा इतनी गंभीर समस्या है जो युवा वर्ग की क्षमता पर सवालिया चिन्ह लगाती है। हिमाचल में शराब, दवाओं के अलावा भांग और चिट्टे का सेवन बहुत ज्यादा हो रहा है। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस निठल्ली बैठी है। पुलिस नशा करने वालों से सख्ती से निपट रही है और इस धंधे से जुड़े लोगों के नेटवर्क को बड़ी तेजी से ध्वस्त भी कर रही है, लेकिन इस सबके बीच समाज की भूमिका उस तरीके से सामने नहीं आ रही जितनी आनी चाहिए।

दरअसल, नशा इस कदर हिमाचल की शांत वादियों में कोलाहल मचा रहा है, जिसकी चर्चा अब हर घर में होने लगी है। चर्चा जरूर हो रही है, लेकिन आमजन में नशे के खिलाफ उठ खड़ा होकर लड़ने की कुव्वत अभी पैदा नहीं हो रही और जब तक यह भावना अपने चरम तक नहीं पहुंच जाती तब तक नशे का समूल नाश नहीं हो सकता। जिस तरह से नशा तेजी से हर गांव, गली और मोहल्लों में पहुंच रहा है और उसकी उपलब्धता आसान हो रही है उसी तरीके से तथा उतनी ही तेजी से नशे के खिलाफ लड़ने का वक्त अब आ गया है। समाज में न जाने कितनी तरह की सामाजिक बुराइयां पहले थीं, लेकिन उन सबका अंत भी तो हुआ है। नशे का अंत भी जरूर होगा, बशर्ते आमजन को इसके खिलाफ डटकर मुकाबला करना होगा।

नशा बेशक समाज को कुछ समय के लिए कमजोर कर सकता है, लेकिन समाज में बहुत ताकत होती है और इससे पार पाने का सामर्थ्य और शक्ति उसके पास है। युवा पीढ़ी को नशे की दलदल से निकालना लाजिमी है वरना हमारी आने वाली नस्लों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। समाज में नशे की बढ़ती लत को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, परिवारों में खुलकर संवाद और सख्त कानूनी प्रावधान इस समस्या से निपटने में प्रभावी कदम हो सकते हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि नशे की समस्या पर काबू पाया जा सके और युवा पीढ़ी का भविष्य संवारा जा सके। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नशारूपी इस नामुराद बीमारी का इलाज हम सब मिलजुलकर कर लेंगे और इस काम में हमें कामयाबी जरूरी मिलेगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय प्रसिद्ध हास्य अभिनेता

**जसपाल** भट्टी भारतीय हिंदी फिल्मों के अभिनेता और प्रसिद्ध हास्य कलाकार थे। जसपाल भट्टी सिर्फ हास्य कलाकार नहीं थे, बल्कि वह जीवन की विडंबनाओं पर चुटीली टिप्पणियां करने वाले सधे हुए व्यंग्यकार थे। महंगाई, भ्रष्टाचार, नेताओं के पाखंड या जीवन के दूसरे सवालों पर उन्होंने बहुत सधे हुए संवाद किए। जसपाल भट्टी का जन्म अमृतसर में हुआ। जसपाल भट्टी ने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर की उपाधि ली। अपने कॉलेज के दिनों में ही वह अपने नुक्कड़ नाटक नॉनसेंस क्लब से मशहूर हो गए थे। उनके लोकप्रिय होने की वजह थी मध्यम वर्ग के रोजमर्रा के मुद्दों को दिलचस्प अंदाज में उठाना। टेलीविजन में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करने से पूर्व वह चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कार्टूनिस्ट थे। उन्होंने पंजाब पुलिस पर करारा व्यंग्य करते हुए 'माहौल ठीक है' का निर्देशन किया और उनका यह पहला निर्देशन ही काफी चर्चित रहा। उन्होंने 'फना' फिल्म में एक गार्ड जाली गुड सिंह की भूमिका अदा की थी। उन्होंने पंजाबी की हास्य फिल्म 'जीजाजी' में भी अभिनय किया था। भट्टी और उनकी पत्नी सविता ने 2008 में रियलिटी शो 'नच बलिये' में भी भाग लिया था और दोनों ने अपने नृत्य एवं हास्य के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। ■



जसपाल भट्टी
जन्म : 3 मार्च, 1955
मृत्यु : 25 अक्तूबर, 2012

## कविता

# एक चिराग तो सुकून का जलाया होगा




कनुप्रिया शर्मा, सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूरपुर (कांगड़ा)

*कुछ तो सीखा होगा, कुछ तो सिखाया होगा।*
*जिंदगी को जीने का दस्तूर, तूने बखूबी निभाया होगा।*
*कभी बेवजह हंसी, तो कभी गम में काजल बहाया होगा।*
*संग दिलों के मेले में,*
*तूने भी वजूद दिलों में बनाया होगा।*
*परवाह बेपरवाह की नाव में,*
*कश्ती तो खूब डोली होगी।*
*पर यकीन है तूने भी चप्पू खूब चलाया होगा।*
*मिट्टी तो कई बार पांव के नीचे से खिसकी होगी।*
*पर तूने पांव तो पक्का जमाया होगा।*
*किरदार तेरी आंखों के सामने कितने बदले होंगे,*
*सुना, तूने फिर भी रिश्ता निभाया होगा।*
*तेज आंधियों ने जाने कितने दीप बुझाने होंगे,*
*पर फिर भी तूने अपने लिए,*
*यकीन है एक चिराग तो सुकून का जलाया होगा।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# डिजिटल धोखाधड़ी वित्तीय और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम



यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

साइबर क्राइम एक ऐसा नासूर बन चुका है, जिसने हमारे देश की आधी आबादी को अपना शिकार बना लिया है। साइबर फ्रॉड से सब बर्बाद हो रहा है और हम कुछ खास नहीं कर पा रहे हैं। डिजिटल धोखाधड़ी न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा में सेंध लगा रही है, बल्कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी जोखिम पैदा हो गया है। साइबर खतरों के प्रति सचेत करने वाली आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के सहारे रिसर्च करने वाली कंपनी क्लाउडसेक ने अपनी हालिया रिपोर्ट में यह दावा किया है कि भारत में बड़े-बड़े ब्रांडों के नाम पर ठगी का खतरा सबसे अधिक है। यहां तक कि देश की डिजिटल इकोनमी भी सुरक्षित नहीं है। बाकायदा चेतावनी दी गई है कि साइबर धोखाधड़ी की वजह से इस साल 20 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। भारत में साइबर फ्रॉड के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, उन्हें रोकने की कोशिशें उतनी तेजी से नहीं हो रही हैं। साइबर क्राइम के खिलाफ एक्शन लेने के लिए बेशक अलग से साइबर थाने और साइबर सेल बनाए गए हों, लेकिन उनकी हकीकत जो बयां करती है वह बेहद हैरान करने वाली है कि इन साइबर थानों और साइबर सेल में स्टाफ के नाम पर आईटी एक्सपर्ट्स हैं ही नहीं। इससे भी हैरानी की बात यह है कि कई अयोग्य पुलिस कर्मियों को साइबर जांच में लगा दिया जाता है। यही वजह है कि साइबर अपराध के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति होती है। साइबर क्राइम होने पर निरीक्षक से नीचे के पुलिसकर्मी अनुसंधान नहीं कर सकते।

साइबर अपराधी इसी का फायदा उठाते हैं। वहीं, एक और हकीकत यह भी अक्सर सामने आती है कि साइबर अपराधियों के गढ़ में दूसरे राज्य की पुलिस की ओर से कार्रवाई करना आसान नहीं होता है। ऐसे मामले भी सामने आते हैं जिसमें बहुत सारे इलाके साइबर ठगी में संलिप्त होते हैं जो जांच में सबसे बड़ी बाधा बन जाते हैं। साइबर अपराधी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क यानी वीपीएन तकनीक का इस्तेमाल करते हैं जिसके लिए कई देशों का इंटरनेट इस्तेमाल हो रहा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सभी राज्यों की पुलिस अगर एक संयुक्त सेल बना ले तो इन पर कार्रवाई हो सकेगी। इसके अलावा आईटी एक्ट में अनुसंधान का स्तर उपनिरीक्षक स्तर तक किया जाना चाहिए। तुरंत कार्रवाई करने के लिए पुलिस का हाईटेक सॉफ्टवेयर और तकनीक से लैस होना बेहद लाजिमी है। भारत में डिजिटल युग शुरू हो चुका है और इस डिजिटल इंडिया में अब डिजिटल स्कैम्स की बाढ़ आ रही है। ऐसे ऐसे स्कैम सुनने को मिल रहे हैं कि आपके होश उड़ जाएंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अप्रैल 2021 से दिसंबर 2023 तक भारत में 10 हजार 139 करोड़ का साइबर फ्रॉड हुआ था। इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 तक यानी सिर्फ चार महीने में ही भारत में 74 हजार करोड़ के फ्रॉड की शिकायतें दर्ज हुई हैं। सोशल सर्किल के एक सर्वे में दावा किया गया है कि पिछले तीन साल में देश की आबादी के 47 प्रतिशत लोग एक या एक से ज्यादा स्कैम का शिकार हुए हैं। अगला नंबर आपका भी हो सकता है। इतनी अवेयरनेस फैलाने के बावजूद ये स्कैम रुकने का नाम नहीं ले रहे। जानते हैं क्यों, क्योंकि एक तरफ आपको लगता है कि आपके साथ ऐसा कभी नहीं होगा और दूसरी तरफ शातिर बाकायदा स्कैम करने का कोर्स कर रहे हैं। विश्वास नहीं होता न, लेकिन यह हकीकत है। नई-नई टेक्नोलॉजी सीखने के लिए शातिर विदेश तक जा रहे हैं और स्कैमर्स आपके घर में बैठे लोगों को निशाना बनाने में जुटे हैं। आपके पैरों के नीचे से जमीन खिसकने वाले स्कैम्स सामने आने लगे हैं। साइबर अपराधियों ने नाक में दम कर रखा है। पिछले तीन साल के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो देशभर में 14 हजार करोड़ से अधिक की साइबरी धोखाधड़ी हुई है।

गृह मंत्रालय ने अपनी 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा किया था। हैरानी इस बात की है कि इस दौरान साइबर अपराध की 2.16 करोड़ शिकायतें सामने आई थीं। बड़ी हाईटेक तकनीकें साइबर अपराधियों की सक्रिय पहचान और उन पर कार्रवाई करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हालांकि, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने सक्रिय कार्रवाई के लिए खुफिया जानकारी और संकेत साझा करने के लिए गूगल और फेसबुक के साथ साझेदारी की है। शातिर गूगल सेवा प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। ज्यादातर बेरोजगार युवाओं, गृहिणियों, छात्रों और जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाया जाता है। जांच एजेंसियों ईडी और सीबीआई की दहशत समाज में इस कदर फैल गई है इनका नाम सुनते ही लोगों से डर के मारे पसीने छूटने लग पड़ते हैं। मनी लांड्रिंग का पैसा खातों में जमा होने का हवाला देकर लोगों पर ईडी और सीबीआई के छापे पड़ने का डर बिठाया जाता है और फिर उनसे मोटी रकम ऐंठ ली जाती है। लोग भी गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने खाते से साइबर अपराधियों के खातों में पैंसा ट्रांसफर कर देते हैं। अब ऐसे मामलों में गलती किसकी मानी जाए? जाहिर है संबंधित व्यक्ति की। ईडी और सीबीआई का खौफ लोगों के मन में इस तरह से बैठ गया है कि लोग अपने जीवनभर की कमाई का बड़ा हिस्सा शातिरों को देने से संकोच नहीं करते। आखिर हम सब डर क्यों जाते हैं? हम सीबीआई और ईडी का नाम सुनते ही क्यों कांपने लग जाते हैं? निश्चित रूप से यह डर आम नागरिकों के बीच कानून और न्याय तंत्र की समझ के अभाव को भी दर्शाता है। दरअसल, ईडी और सीबीआई भी अब इतनी तेजी से कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं कि उससे घबराकर विधायक से लेकर सांसद तक अपनी पार्टी बदल ले रहे हैं तो ऐसे में आम आदमी अपने खाते से पैसा ट्रांसफर कर ही देगा। यह वाकई बहुत हैरानीजनक है कि ईडी तथा सीबीआई का डर इतना बैठ गया है कि उनके नाम पर जब भी किसी को फोन आता है तो लोग यह नहीं सोचते कि वह जांच एजेंसी असली है या नकली।

लोग अपने होश गंवा बैठते हैं। सोचिए, मनी लांड्रिंग के नाम पर ठगी का एक नया अपराध भारत में किस तरह से फैल चुका है जिसके चक्कर में लोग अपनी पूंजी गंवा रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि राज्य की सत्ता न्याय के रास्ते पर चल रही है या नहीं? न्याय मिलेगा ही, लोगों का यह विश्वास भी कमजोर होता जा रहा है इसलिए भी लोग ऐसे जालसाजों के झांसे में आ जाते हैं, क्योंकि कितनी बार तो खुद राज्य की कानून व्यवस्था ऐसे ही मनमाने तरीके से आपको उठाकर किसी फर्जी केस में फंसा देती है। सिस्टम ही कुछ ऐसा बना गया है कि उसके नाम पर कोई और आपको ठग लेता है। ऐसा नहीं है कि साइबर अरेस्ट के जाल में वही लोग फंसते हैं जिनके पास काला धन है और उसके पकड़े जाने का डर है, बल्कि मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले भी साइबर ठगों के जाल में आ जा रहे हैं और लाखों रुपए अपने खाते से ट्रांसफर कर दे रहे हैं। यह शायद इसलिए भी होता है, क्योंकि भारत में किसी को भी फर्जी तरीके से फंसा देना बहुत आसान है। यही हमारी कानून व्यवस्था का असली चेहरा है। आम नागरिक इस बात को जान गया है कि जब भी उसे इस तरह का फोन आता है तो उसे यही डर लगता है कि अब लंबी कानूनी लड़ाई में फंस जाएंगे। अदालत के चक्कर लगाते रह जाएंगे। वहां भी पैसा देना पड़ेगा तो क्यों न फोन करने वाले के हवाले ही कुछ कर दिया जाए और पीछा छुड़ाया जाए।

साइबर अरेस्ट के नाम की जो ठगी हो रही है उसकी जड़ दुनिया में नहीं, बल्कि उस संवैधानिक कानूनी न्यायिक व्यवस्था में है जहां इंसाफ की लड़ाई दशकों तक चलती रहती है। इससे भी भयाभह यह है कि आपको फोन कॉल या ई-मेल आ जाएगा उसमें लिखा होगा ईडी व सीबीआई या इनकम टैक्स का अफसर बोल रहा हूं। आपके नाम से गिरफ्तारी का वारंट जारी हो चुका है यह होने वाला है, अगर इससे बचना है तो इन खातों में पैसा ट्रांसफर तुरंत करें। लोग डर के मारे पैसा ट्रांसफर कर देते हैं इसी को डिजिटल अरेस्ट कहते हैं। यहां पर स्कैमर आमतौर पर पीड़ित को या शिकार को फोन करता है और उसे सूचित करता है कि उन्होंने अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या कोई अन्य प्रतिबंधित पार्सल भेजा है। कभी-कभी यह भी कहता है कि पीड़ित का रिश्तेदार, दोस्त किसी अपराध दुर्घटना में शामिल था और उनकी हिरासत में है। ऐसे में समझौता करने के लिए पैसे की मांग की जाती है। कभी-कभी बिना सोचे समझे घबराहट में शिकार या पीड़ित डिजिटल गिरफ्तारी के लिए वीडियो कॉल पर आ जाता है तथा स्कैमर की मांग पूरी होने तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के सामने से हटता भी नहीं। केंद्र सरकार ने माइक्रोसॉफ्ट से मिलकर ब्लैकमेल ऑनलाइन धमकी में इस्तेमाल 1000 से अधिक स्काइप आईडी को ब्लॉक कराया है, लेकिन यह किस्सा खत्म नहीं हो रहा।

भारत में साइबर फ्रॉड का बढ़ना एक बहुत बड़ा और चिंताजनक मुद्दा है। सरकार ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से लड़ने और डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक 13-आयामी रणनीति अपनाई है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में शुरू किए गए फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग और मैनेजमेंट सिस्टम के तहत अब तक 9.94 लाख से ज्यादा शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए 3,431 करोड़ रुपए की राशि धोखाधड़ी से बचाई जा चुकी है। साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले तो अपने ऑनलाइन अकाउंट्स के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। पासवर्ड को नियमित रूप से बदलें और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें। दो-कारक प्रमाणीकरण (2एफए) का उपयोग करें, जो आपके अकाउंट्स की सुरक्षा को बढ़ाता है। संदिग्ध ईमेल और मैसेज की जांच करें। ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें। अपने कंप्यूटर और मोबाइल डिवाइस के सॉफ्टवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम को नियमित रूप से चेक करें। एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का उपयोग करें। सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग न करें। अपने बैंक खातों की निगरानी करते रहें और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक रहें। इसके अलावा साइबर सुरक्षा के लिए सरकारी संसाधनों का उपयोग करें। हालांकि, साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए केंद्रीय इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना तकनीक मंत्रालय ने आई4सी के नोडल अफसरों को फर्जी और संदिग्ध डोमेनों को हटाने की शक्ति दे रखी है, लेकिन इसके साथ ही लोगों को सतर्कता को खुद ही ज्यादा बरनी होगी। फूंक-फूंक कर कदर रखना और अनजाने कॉल आने पर जल्दबाजी न करना भी काफी हद तक राहत दिला सकता है। साइबर फ्रॉड से बचने का एकमात्र तरीका यही है कि जब भी आपके साथ कोई ऐसा वाकया पेश आता है तो आप किसी से न डरें और बस तुरंत इनकार कर दें।

रिस्पांस करें: ditoranantgyaan@gmail.com

# भारतीय न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार

देश की न्याय व्यवस्था कई महत्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे।

नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में, 'लंबित मामलों' का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहां अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएं 'न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है' कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को खत्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को खत्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है।

भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को खत्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है। न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहां हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं।



सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए जिम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं।

मैन्युअल दस्तावेजीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएं पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेजी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुंचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है।

वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन कानूनी प्रणाली में विश्वास बहाल करने और विवादों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास महत्वपूर्ण हैं। भारतीय न्यायपालिका मूल कारणों से निपट सकती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभिनव समाधान लागू कर सकती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# हिंदी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास जुड़ा है



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिंदी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिंदी में। सोए हिंदी के आंचल में। जागे तो हिंदी सुने।

उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिंदी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिंदी में। गुस्साए और रूठे भी हिंदी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिंदी में। प्रीति, रीति, नीति हिंदी की। हमारी प्रकृति हिंदी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिंदी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिंदी है। हम हिंदी में सोचते हैं, हिंदी में प्रकट होते हैं। हिंदी हमारी मां है। अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते, लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इंडोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कंबोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है। यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है, लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैंड व पोलैंड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है।

सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैंड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है? लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था 'उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परंपरा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती, इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें, कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं।' भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई।



एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा, 'हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिंदी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है।' डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा, 'अंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षों तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाए। स्वराज्य के पश्चात भी हमारे स्कूल, विश्वविद्यालय तथा वैज्ञानिक अंग्रेजी में ही काम करते रहेंगे, तो यह सुनकर मैं कांप उठता हूं।' सेठ गोविंददास ने कहा 'हमने सेक्युलर स्टेट मान लिया है। मगर इसका यह अर्थ कभी नहीं समझा कि सेक्युलर स्टेट मानना अनेक संस्कृतियां मानना हैं। यह एक प्राचीन देश है और इसका पुराना इतिहास है। इस देश में हजारों वर्षों से एक ही संस्कृति चली आई है।

इस परंपरा को रखने के लिए और इस बात का खंडन करने के लिए कि हमारी दो संस्कृतियां हैं, हम एक भाषा और एक लिपि रखना चाहते हैं।' सभा की बहस रोमांचकारी है। राजभाषा प्राविधान के प्रस्तावक हिंदी को कमतर बता रहे थे। सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा बनाया। 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परंतुक' जोड़ा। संविधान के अनु0 343 (1) में हिंदी राजभाषा बनी, किंतु अनु0 343 (2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्राविधान हुआ। हिंदी के लिए आयोग/समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनु0 351) केन्द्र पर डाली गयी। मूल प्रश्न यह है कि क्या अंग्रेजी ज्यादा ज्ञानबोधक है? अमेरिकी भाषा विज्ञानी ब्लूम फील्ड ने अंग्रेजी की बाबत हिंदी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास भी जुड़ा हुआ है। स्टालिन पुनर्विचार करें। तमिल और हिंदी साथ-साथ चलें। राष्ट्र भाषा को वास्तविक सम्मान मिलना ही चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# वाद्य यंत्रों की धुन पर निकली श्रीराज माधव राय की शाही जलेब

**अनिल शर्मा, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में श्रीराज माधव राय की दूसरी शाही जलेब पारंपरिक रीति रिवाज के साथ निकली। जलेब में सबसे पहले शिवजी के गण भूत.प्रेत, यक्ष, किन्नर, गंधर्व, नाग, सिद्ध, मुनि और देवलु पड्डुल की ओर प्रस्थान कर रहे थे। घुड़सवार, पुलिस जवान, होमगार्ड जवानों की टुकड़ी ने कदम से कदम मिला कर अनुशासित जलेब का परिचय दिया। भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इसके पश्चात विभाग के कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य करते हुए पड्डुल मैदान की ओर कूच किया। तदोपरांत देव छांजणु और देव छमाहू ने जलेब में सबसे आगे चलकर रास्ता बनाया और जलेब की अगवाई की। दोनों ही देवता अपने देवलुओं द्वारा वाद्य यंत्रों की थाप पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे।

बाद इसके कतारबद्ध एक के बाद एक देवता जलेब की शोभा बढ़ा रहे थे। विष्णु मतलोड़ा, विट्ठु नारायण सहित शैटीनाग, शुकदेव ऋषि, मार्कंडेय ऋषि, देव मगरू महादेव, देव चपलांदू नाग, बायला नारायण, देव हुरंग नारायण, घडौणी नारायण, देव पशाकोट, देव पेखरू गहरी, देव चुंजवाला शिव जलेब की शोभा बढ़ाते हुए पड्डुल मैदान पहुंचे। इसके पश्चात श्रीराज माधव राय चार घटी उपरांत अपने मंदिर में लौट आए।

इस मौके पर डीसी मंडी अपूर्व देवगन, एडीसी रोहित राठौर, एसपी मंडी साक्षी वर्मा, एएसपी सागर चंद्र सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी जलेब में शामिल हुए।( अनंत ज्ञान)



श्रीराज माधव राय की दूसरी शाही जलेब का दृश्य।

## खिली रही धूप

गत महाशिवरात्रि महोत्सव की दूसरी जलेब 12 मार्च को हलकी बूंदाबांदी हुई थी, जिस कारण कुछ देवलुओं ने देवताओं के रथ को कवर कर दिया था। लेकिन रविवार को मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। जलेब भी क्रमबद्ध चलती रही, पुलिस जवान लोगों को मार्ग से हटाते रहे।

**देव छांजणु और देव छमाहू ने की जलेब की अगुवाई**



## शोभायात्रा में उपमुख्यमंत्री की बेटी भी हुई शामिल

श्री राज माधो राय की दूसरी शाही जलेब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शामिल हुए। दूसरी जलेब में शामिल उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ आई उनकी बेटी मंडीवासियों के आकर्षण का केंद्र बन गई। उप मुख्यमंत्री, विधायक चंद्रशेखर व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ जब खुली जीप पर सवार होकर निकले तो उनके साथ उनकी बेटी भी पगड़ी पहने हुए मुस्कुरा कर सभी के अभिवादन का जवाब दे रही थी।

**अलग अलग वेशभूषा में देव रथों ने मोहा मन**

उल्लेखनीय है की मंडी में उपमुख्यमंत्री का ससुराल और बेटी का ननिहाल है। हालांकि आईटीआई चौक पर उपमुख्यमंत्री ने पैदल चलने का निर्णय लिया और जलेब में पैदल चले।

उपमुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि महोत्सव की मध्य जलेब में शामिल होने से पहले राज देवता माधोराय मंदिर में पूजा अर्चना की। देव ध्वनियों के साथ श्री राज देवता माधोराय के मंदिर से शुरू होकर मध्य जलेब पड्डुल मैदान में संपन्न हुई।

## महाशिवरात्रि में देव कृपा



श्रीदेव गरहल घाटीहाड़ सराज सराची।



श्रीदेव टिकरू बालाकामेश्वर बल्ह।



श्रीदेव बालाकामेश्वर भंगरोही मौवीसेरी नाचन।



श्रीदेव अंसुर दानू चमरास डाहर।



देव घुगता बालाकामेश्वर पंडोह।



श्रीदेवी लंघवार की काश्मीरी पंडोह।



दूसरी जलेब में श्री राज माधव राय की पालकी।



जलेब के दौरान पूजा करते हुए अग्निहोत्री व साथ हैं अन्य।

# उपमुख्यमंत्री ने रोड सेफ्टी रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

परिवहन विभाग द्वारा जिला प्रशासन मंडी के सहयोग से अन्तराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रोड सेफटी जागरूकता रैली निकाली गई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस रैली को सेरी मंच से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली सेरी मंच से मंगवाई, चक्कर, नेरचौक होते हुए डडौर में जाकर संपन्न हुई। रैली में 100 बाइक और 25 कारें शामिल रही। रैली में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने भी भाग लिया। वह वाईक पर सवार थे। उपमुख्यमंत्री रैली को हरी झंडी दिखाने के उपरांत अपने संदेश में कहा कि जोश में नहीं होश में गाड़ी चलाएं।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में रोड सेफ्टी के प्रति लोगों को लगातार जागरूकता किया जा रहा है। इस अवसर पर एचआरटीसी की बीओडी के निदेशक धर्मेंद्र धामी, जगदीश रेड्डी, एसपी साक्षी वर्मा, एडीएम डॉ. मदन कुमार, आरटीओ गिरीश समरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मुकेश अग्निहोत्री रोड सेफ्टी अवेयरनेस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## सांप के काटने पर भक्तों की रक्षा करते हैं देव माहूंनाग



**देव** माहूंनाग सांप के काटने पर भक्तों की रक्षा करते हैं और विष को हर लेते हैं। मंडी मुख्यालय से 35 किलोमीटर की दूरी पर तरौर नामक स्थान पर श्रीदेव मांहूनाग का लकड़ी और पत्थर से निर्मित प्राचीन शैली का मंदिर है। पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि देव माहूंनाग का प्राचीन मंदिर जबराट जंगल में विराजमान है। प्राचीन समय में वहां दो चबूतरे मिले थे एक चबूतरे पर देव माहूंनाग के कड़ोले व त्रिशूल और दूसरे चबूतरे पर देवता का मंदिर निर्मित है।

जिस समय मंदिर का निर्माण हुआ उस समय देवता ने स्वयं बता कर धन की व्यवस्था की थी। इसके साथ ही राज बेहड़े के साथ ही रियासत काल में राजा ने देवता को अलग से स्थान दिया है, जिसमें देवता महाशिवरात्रि महोत्सव के दौरान निवास करते हैं। देव माहूंनाग को विष का भंडारी कहा जाता है, अगर किसी को सांप, बिच्छू, पागल कुत्ते इत्यादि विषैली चीज ने काट लिया तो देवता को गाय के गोबर से चौका लगा याद किया जाता है और छोटा सा पत्थर श्रद्धानुसार दक्षिणा रख कर बांधा जाता है और फिर देवता के आदेशानुसार चरणामृत व विभूति खाने को दी जाती है तत्पश्चात रोगी ठीक हो जाता है। देवता का उत्पत्ति उत्सव ऋषि पंचमी को मनाया जाता है, इसके साथ ही देवता के पास चैत्र नवरात्रों में दुर्गा पाठ का आयोजन होता है। मेले में देवी चतुर्भुजा शिरकत करती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्यक्रम में सचिन कर रहे मंडी का प्रतिनिधित्व



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेहरू युवा केंद्र, माई भारत कार्यक्रम, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में सारनाथ में अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में मंडी जिला नेहरू युवा केंद्र से 12 युवाओं का प्रतिनिधिमंडल मारुती युवा मंडल कोठी गैहरी प्रधान सचिन सकलानी की अध्यक्षता में वाराणशी में हिस्सा ले रहे हैं। इसमें बल्ह क्षेत्र के दो युवा भी भाग ले रहे है, सचिन सकलानी 3 वर्ष तक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी रहें। अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 1 से 5 मार्च तक सारनाथ वाराणसी में चल रहा है।

### चच्योट मंडल भाजपा की उपाध्यक्ष बनी मीना

**सुनील शर्मा, गोहर।** भारतीय जनता पार्टी सुंदरनगर जिला के चच्योट मंडल अध्यक्ष हुकम ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए मीना देवी, ईश्वर दास, रणजीत और धर्मपाल को चुना गया। महामंत्री टीकम सिंह और पंकज ठाकुर को चुना गया। कोषाध्यक्ष हेमराज और सचिव बाला नन्द, पूजा ठाकुर, मुरतू, रक्षा और डिंपल को बनाया गया। मीडिया प्रभारी लीला प्रकाश लबलु को चुना गया। प्रवक्ता राजकुमार और कार्यालय सचिव कश्मीर सिंह चुने गए। आईटी संयोजक संतोष कुमार तथा आईटी सह सचिव भाग चंद चुने गए। सोशल मीडिया संयोजक यादविंदर कुमार और सह संयोजक धमेश्वर को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में डोले राम, बीर, हरीश, दीपा, पुष्प राज, जगत राम, सुषमा, दिनेश, यशमा, मीना कपूर, जीत राम, रुकमणी, हुकम चंद, खेम राज, कोलू राम, घनश्याम, तेज सिंह, खेम चंद, नरेंद्र, यशवंत, हिमाचली, रुकमणी, पेवेंद्र, महेंद्र वर्मा, सोहन, धनदेव, मीना, सीमा रानी, नरोत्तम, ओमा, सुनीता, जितेंद्र तथा मुरारी लाल बनाए गए। स्थायी आमंत्रित सदस्यों में विनोद कुमार, मनोज, राजकुमार नारद, सावित्री, धमेश्वर, ओम प्रकाश, वेद प्रकाश, यादवा ठाकुर, रवि को बनाया गया।

### चमन राही ने टिब्बी साहिब गुरुद्वारा में टेका माथा



**अनंत ज्ञान, मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने ऐतिहासिक टिब्बी साहिब गुरुद्वारा में माथा टेक कर मंडी व मंडीवासियों के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। चमन राही ने कहा कि टिब्बी गुरुद्वारा बड़ा एतिहासिक और सिद्ध स्थल है। यहां जो भी प्रार्थना की जाती है वह पूर्ण होती है। हमने यहां क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उनकी बेटी दिव्या राही भी उनके साथ थी।

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक 5 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक 5 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री करेंगे। बैठक में पेंशनरों के लंबित वित्तीय लाभों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### ललित कुमार बने बालीचौकी भाजपा मंडल प्रवक्ता

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** बालीचौकी भाजपा मंडल ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मंडल कार्यकारिणी में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। कार्यकारिणी में ललित कुमार ठाकुर को मंडल प्रवक्ता के पद पर नियुक्ति दी गई है। इसके अलावा बलदेव राज शर्मा और केवल कृष्ण को महामंत्री बनाया गया है। कार्यकारिणी में रेवती राम, देवी राम,तारा चंद व बंती देवी को उपाध्यक्ष, पुने राम को कोषाध्यक्ष खेम राज, गीता देवी, बूंदी देवी, निरंजनी देवी व गंगा राम को सचिव बनाया गया है। विजय शर्मा को कार्यालय सचिव, देवेंद्र कुमार को मीडिया प्रभारी, मोहन लाल को आईटी संयोजक, सवित्रा देवी को सह आईटी संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा संजय जमोत्रा को सोशल मीडिया संयोजक व पोख राज को सह सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा दिले राम, मीर चंद, कर्म सिंह, हीरा लाल, चमन लाल, पूर्ण चंद,इंदर सिंह, योग राज, मोहन लाल, भगवती देवी, तारा देवी, गोकला देवी, जयवंती देवी, दिले राम भूमे राम, बुद्धी सिंह, जीवन लाल, हरबंस लाला, मनी राम, प्रेम सिंह, गोबिंद राम, लाल दास, भगत राम, इंदरा देवी, पिंकी देवी, बीना देवी, डोलमा देवी, बोदी देवी, हिमी देवी, हीरा लाल, देव राज, झाबे राम व तावे राम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# शिवरात्रि महोत्सव मैदान में नहीं एक भी स्वागती गेट

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान पूरे मंडी शहर को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन हैरानी की बात है कि जहां पर इस महोत्सव के मेलों का आयोजन हो रहा है उस पड्डुल ग्राउंड में एक भी स्वागती द्वार नहीं बनाया गया है।

यह मैदान चारों ओर से खेल विभाग द्वारा स्टेडियम की पौड़ियों व अन्य बाड़ बंदी से बाउंड्री युक्त है लेकिन 5-7 जगहों से मैदान में आने-जाने के लिए प्रवेश द्वारा छोड़े गए हैं। इनमें दो मुख्य द्वार हैं। पहला तो कॉलेज का मुख्य गेट है जहां से लगभग सभी देवी-देवता कालेज मैदान के लिए प्रवेश करते हैं व कॉलेज मैदान में ही विराजते हैं।



**सजावट तो क्या पोस्टर तक नहीं उतारे गए गेटों से**

अब कॉलेज परिसर में विशालकाय भवन निर्माण से कुछ देवी-देवताओं को कॉलेज मैदान के बाहर पड्डुल मैदान की पौड़ियों पर भी बिठाया जाता है। दूसरा मुख्य द्वार थाना की तरफ से है। हालांकि पहले यही मुख्य द्वार होता था जिस पर स्थाई तौर पर शिवरात्रि मेला उकेरा गया था। यह दोनों ही गेट उदासीन हालत में हैं। कॉलेज गेट के एक ओर भले ही दीवार पर प्रशासन ने स्वागत लिखा हुआ एक फ्लेक्स टांगा है लेकिन किनारे पर होने के चलते यह औचित्यहीन है। इसके अलावा भी मेला मैदान में जाने आने के लिए चार पांच द्वार हैं। उन पर भी कोई स्वागती संदेश नहीं है। मुख्य गेटों पर कुछ पोस्टर भी ऊपर चिपके हुए हैं।

कुछ जगहों व मंदिरों पर रंग बिरंगी रोशनियां शाम ढलते ही जहां शहर में एक रंगीन छटा बिखेर देती है वहीं सजावटी झंडे भी कोई कसर नहीं छोड़ पाते। शहर व्यक्तिगत स्वागती बैनरों व फ्लेक्सों से अटा पड़ा है। मेले का आयोजन तो पड्डुल मैदान में हो रहा है। वहां कोई स्वागती द्वार नहीं लेकिन कई स्थानों पर स्वागती बैनर लगे हुए हैं।(अनंत ज्ञान)

# एनएसएस वॉलंटियर ने पुलिस के साथ किया ट्रैफिक कंट्रोल

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान मंडी शहर में जहां पुलिस यातायात को संभाल रही है वहीं पर राजकीय बल्लभ महाविद्यालय में एनएसएस के वॉलंटियर भी पुलिस के साथ मोर्चा संभाले हुए हैं।

यह छात्र एवं छात्रा वॉलंटियर पुलिस के साथ बिलकुल कंधे से कंधा मिलाकर यातायात संभालने में सहयोग कर रहे हैं। यह वॉलंटियर कई चौराहों व व्यस्त स्थान पर पुलिस के साथ यातायात को नियंत्रित करते हुए देखे जा रहे हैं।



आईटीआई चौक पर मोर्चा संभाले हुए वॉलंटियर वीरेंद्र ने बताया कि वे इस काम को करने में बहुत ही सहज महसूस कर रहे हैं। उन्हें एसा करना बहुत ही अच्छा लग रहा है।

## जलरक्षक को नियमित न करना दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंचायत के माध्यम से लगे जलरक्षक लंबे समय से बिना अवकाश के अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। 650 जलरक्षक 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। उनका अभी तक नियमित न होना बहुत बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जलरक्षक संघ की प्रमुख मांग जो जलरक्षक 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं उन्हें रेगुलर किया जाए। जल रक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष रूप लाल ज्वालू राम ने मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि समय रहते उनकी उचित मांगों को बजट सत्र से पहले पहले पूरा किया जाए। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन कर सकते हैं।

# केंद्रीय भंडारण डिपो नेरचौक ने मनाया स्थापना दिवस

**आदर्श, नेरचौक**

केंद्रीय भंडारण डिपो नेरचौक ने अपना 69वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर ट्रक यूनियन के प्रधान अजय ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि व्यापार मंडल के प्रधान अमृतपाल ने विशेषअतिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर वेयर हाउस प्रबंधक राजवंती ने निगम की गतिविधियों व कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्रीय भंडारण निगम की स्थापना 2 मार्च 1957 को हुई थी, तब से लेकर केंद्रीय भंडारण निगम कृषि उत्पादों के वैज्ञानिक भंडारण आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय ठाकुर ने निगम के सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी।

समारोह के विशेष अतिथि नेरचौक व्यापार मंडल के प्रधान अमृतपाल सिंह ने कहा कि निगम बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है। इस दौरान भारतीय खाद्य निगम के प्रबंधक( गुणवत्ता नियंत्रक) नलसर, अन्य पदाधिकारी व श्रमिक कर्मचारी भी मौजूद रहे।( अनंत ज्ञान)

# अभिभावक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर के अभिभावक संघ ने आदरणीय जीवन ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सत्र 2025-2026 से सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय के प्रस्ताव में जोगिंद्रनगर कन्या विद्यालय को शामिल न करने की मांग की गई है, क्योंकि इस विद्यालय में 500 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने हाल ही में 99 शून्य छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद करने और 460 स्कूलों का विलय करने का निर्णय लिया है इसके अतिरिक्त, 700 से अधिक सरकारी स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया भी जारी है।

अभिभावक संघ का कहना है कि जोगिंद्रनगर कन्या विद्यालय प्रदेश की अग्रणी पाठशालाओं में से एक है और इसने विभिन्न गतिविधियों एवं शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की इच्छानुसार प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है, ताकि छात्राओं का भविष्य उज्ज्वल बना रहे।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य ममता ठाकुर, संतोष, सुनीता ठाकुर, सावित्री देवी, नीषा देवी, अनीता ठाकुर, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार सम्मानित नेक राम शास्त्री, परमा देवी, मिलाप चंद आदि उपस्थित रहे।

**विरोध** मांगों को लेकर राज्य कार्यकारिणी ने लिया 6 मार्च को हड़ताल करने का निर्णय

# सरकाघाट में ड्राइवर-कंडक्टरों ने लगाए सरकार विरोधी नारे

**रितेश, सरकाघाट**

हिमाचल परिवहन निगम की स्टेट कंडक्टर यूनियन और ड्राइवर युनियन ने निगम व सरकार को मांगों को लेकर सरकाघाट एचआरटीसी बस अड्डे पर स्थानीय ड्राइवर और कंडक्टर यूनियन के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन किया और सरकार व एचआरटीसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।



एचआरटीसी चालक यूनियन के राज्य प्रधान मानसिंह ठाकुर ने कहा कि चालक परिचालक यूनियन द्वारा अपने मांग पत्रों के द्वारा बार-बार सूचित किया मगर न ही प्रबंधन ने और न ही सरकार ने इस पर गौर किया है । हिमाचल सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्वर्णजयंती समारोह 12 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री ने इस बाबत मंच से घोषणा की थी , जिसमें 50 करोड़ रुपये रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ता तथा 9 करोड़ रुपए मेडिकल बिल के दिसंबर 2024 तक देने की बात कही थी । उसके उपरांत 1 जनवरी 2025 को हमारे संगठन का शिष्टमंडल दोबारा माननीय मुख्यमंत्री से उनके आवास ओक ओवर में मिला जिसमें माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने 15 करोड़ रुपए रात्रि व अतिरिक्त समय भत्ते को देने की बात को फिर स्वीकारा था ।

मगर सरकार द्वारा उसे 20 फरवरी तक भी नहीं दिया गया , इससे तो साफ प्रतीत होता है कि सरकार बार बार झूठ बोलकर अपने हर वादों से मुकर रही है।

इस गेट मीटिंग में ड्राइवर यूनियन के प्रांतीय प्रधान मानसिंह, कंडक्टर यूनियन के प्रांतीय प्रधान प्रीत महिंद्र, उपप्रधान नवीन ठाकुर, महासचिव दीपेंद्र कंडक्टर यूनियन राज्य कार्यकारिणी सदस्य जीवन राणा, राजेंद्र ठाकुर , गीत महेंद्र, विजय कुमार व सुरेश ठाकुर सरकाघाट कंडक्टर यूनियन के प्रधान वीरेंद्र ठाकुर सहित दर्जनों पदाधिकारी ने भी भाग लिया।( अनंत ज्ञान)

# शिवरात्रि मेला मंडी में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर लगाई प्रदर्शनी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला, मंडी में इस वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की ओर से एक विशेष प्रदर्शनी सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और राष्ट्रीय एकता में उनकी भूमिका को दर्शाने के लिए लगाई गई है। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने मेले के शुभारंभ अवसर पर किया।

विधायक चंद्रशेखर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि सरदार पटेल का योगदान केवल राजनीतिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं रहा है अपितु सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी एकजुट किया।

# जिया के शरीर से उतारे खून से सने कपड़े पंजाब में बरामद

**राजेश शर्मा, ऊना**

- मुख्य आरोपी वंश की निशानदेही पर किए बरामद
- नहर से अभी तक नहीं हुआ शव बरामद

अपहृत हुए अरनियाला के युवक जिया की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी और उसके कपड़े नंगल नहर के किनारे खेतों में मिले हैं। मुख्य आरोपी वंश की निशानदेही पर कपड़े बरामद किए गए हैं। इसमें वह बेल्ट भी बरामद हुई है जिसके साथ लापता हुए जिया को कथित तौर पर मौत के घाट उतारा गया था। अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है। गोताखोर भी नहर में शव को तलाश रहे हैं।

तो क्या हरदीप उर्फ जिया को मारने के बाद नंगा करके नहर में फेंका गया था? उसके कपड़े मिलने के बाद यह अंदेशा हुआ है कि आरोपितों ने जिया के साथ कुछ भी अच्छा नहीं किया था। नहर से उसके कपड़ों से पहचान न हो सके, शायद इसी मकसद से उसके कपड़े उतारकर नहर में फेंका गया था। हैवानियत का ऐसा दृश्य शायद किसी ने कल्पना में भी नहीं देखा होगा। पुलिस रविवार सुबह ही आरोपित को लेकर घटनास्थल पर पहुंची हुई थी। हैरानी की बात तो यह है कि जहां जिया को नहर में धकेला गया था, उससे करीब आठ किलोमीटर दूर कपड़े फेंके गए थे। पूरी योजना से इस कथित हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। कपड़े उतारकर शव को पंजाब के ब्रह्मपुर में नंगल नहर में फेंक दिया गया।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बता दें कि पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उन्होंने इस खौफनाक वारदात को कबूल किया था। हालांकि, पुलिस अब भी उनकी गवाही की सत्यता की जांच कर रही है। हालांकि, अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है, जिससे हत्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को मौके पर बुलाकर तलाशी अभियान तेज कर दिया है। फोरेंसिक टीम भी ब्रह्मपुर का दौरा कर सबूत जुटा चुकी है।

आरोपियों ने खुलासा किया था कि युवक हरदीप उर्फ जिया को ऊना के अप्पर कोटलाकलां से अरनियाला रोड ले जाया गया, जहां कार में उसकी बुरी तरह पिटाई की गई। इसके बाद बेल्ट से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय गाड़ी में चारों आरोपी मौजूद थे। हत्या के बाद वे शव लेकर चंडीगढ़ रोड की ओर निकल पड़े और रास्ते में ब्रह्मपुर के पास नहर में फेंक दिया। शव को फेंकने के बाद वे चंडीगढ़ निकल गए और वहां उन्होंने होटलों में कमरा लेना चाहा, लेकिन बिना दस्तावेज के उन्हें कमरा नहीं मिला। इसके बाद वह अगले दिन वापस ऊना आ गए और तरणजीत सिंह निवासी देहलां को उसके घर छोड़ दिया। फिर दोबारा वह ऊना से गाड़ी लेकर निकल गए और फरार हो गए। (अनंत ज्ञान)

## किशोरी को लेकर रची गई थी साजिश

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की यह साजिश एक किशोरी को लेकर रची गई थी। किशोरी पंजाब के ही किसी मेडिकल सेवाओं से जुड़े संस्थान अध्ययनरत थी और 19 फरवरी को वह वहां से ऊना के लिए आई थी। इससे पहले अप्पर अरनियाला निवासी दोनों युवकों वंश और हरदीपजिया की आपसी तकरार किशोरी को लेकर पहले से चल रही थी। किशोरी सहित तीनों आरोपी ऑल्टो कार में अप्पर कोटलाकलां पहुंचे थे, जहां किशोरी ने बहाने से जिया को फोन दोनों के बीच आपसी विवाद खत्म करने की बात कहते हुए बुलाया था। यह उसने स्वेच्छा से किया था अथवा तीन अन्य साथियों के दवाब में लेकिन उसकी सहभागिता सबसे बड़ी थी। अरनियाला अप्पर की ओर आने वाले रास्ते में जैसे ही जिया अपनी बाइक पर पहुंचा तो आरोपियों ने कार से उसकी बाइक को टक्कर भी मार दी थी, जिससे वह नीचे गिर गया था। इसके बाद तीनों ने उस पर हमला कर दिया और फिर उसे अगवा कर लिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल आल्टो कार को जब्त कर लिया है, जिसमें खून के निशान भी मिले हैं। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया किजल्द ही इस खौफनाक वारदात से जुड़ी हर कड़ी को सुलझा लिया जाएगा।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में दो महीनों में 17वां मर्डर हुआ है। ऊना जिले से किडनैप किए गए 19 साल के युवर हरदीप उर्फ जिया की हत्या कर दी गई है। हालांकि, एक हफ्ते बाद भी उसकी लाश नहीं मिली है। इसके साथ ही गन कल्चर भी बढ़ने लगा है। हरोली और बंगाणा क्षेत्र में चौबीस घंटों में दो स्थानों पर गोलाबारी हुई है। हालांकि एक मामले में आरोपी को काबू किया गया है।

# वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज समाधिलीन

## नारी स्थित आश्रम डेरा बाबा रुद्रानंद के अधिष्ठाता ने पीजीआई चंडीगढ़ में ली अंतिम सांस, अंतिम संस्कार आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

नारी स्थित आश्रम डेरा बाबा रुद्रानंद महाराज के अधिष्ठाता वेदांताचार्य श्री श्री 1008 सुग्रीवानंद महाराज समाधिलीन हो गए। उन्होंने रविवार सुबह पीजीआई चंडीगढ़ में अंतिम सांस ली और हमेशा के लिए समाधि में लीन हो गए। वर्ष 1928 में ऊना जिले के गूगलैहड़ क्षेत्र में उनका जन्म हुआ था। आपके गुरुदेव स्वामी आत्मानंद जी ने वर्ष 1952 को आपको गद्दी पर बिठाया था, तब से लेकर आज तक आपने सनातन का प्रचार प्रसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और आश्रम के विकास में दिन-दोगुनी तथा रात चौगुनी तरक्की की।

आपके सानिध्य में आश्रम और डेरा बुलंदियों तक पहुंचा है। आश्रम की प्रतिष्ठा सारी दुनिया में आपकी वजह से ही हो रही है। आप तपस्वी जीव थे और चार वेदों के ज्ञाता होने के साथ-साथ विद्यालंकार हुए। महाराज जी की देखरेख में ही संस्कृत महाविद्यालय आश्रम में बना। करोड़ों रुपए खर्च करके श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई सराय भवनों का निर्माण करवाया। आपके श्रद्धालु अपने देश में ही नहीं विदेशों तक भी लोग माथा टेकने के लिए आते हैं और आशीर्वाद लेते थे। पावन धूना और आश्रम की गरिमा को बनाए रखने के लिए आपका तप और त्याग धर्म के क्षेत्र में हमेशा याद रखा जाएगा। आपके माता-पिता का दिया गया नाम करमचंद था, क्योंकि इनके गुरुदेव आत्मानंद जी ने बदलकर सुग्रीवानंद रखा।



भक्तों के दर्शनों के लिए डेरे में रखी महाराज जी की पार्थिव देह।

प्रारंभिक शिक्षा आपने आश्रम में ही प्राप्त की उसके उपरांत बनारस में जाकर चारों वेद और उपनिषदों का अध्ययन किया आपके मुख से बोला हुआ एक-एक शब्द हमेशा सत्य सिद्ध होता था। लोग इन्हें भगवान के समान पूजते हैं और अपने परिवार में प्रत्येक कार्य महाराज श्री जी के आशीर्वाद से ही शुरू करते हैं। कई कोटि भक्तों सहित आपका मार्गदर्शन सनातन के लिए मिला और मिलता भी रहेगा। आपके द्वारा श्रद्धालुओं को दी गई सीख उनके हृदय में आखिरी सांस तक रहेगी। आश्रम में अन्य मंदिरों का निर्माण भी करवाया तथा श्रद्धालुओं को भोजन करवाने के लिए बड़े-बड़े शेड का निर्माण भी हुआ। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को गुरु मंत्र देकर उन्हें सीधे रास्ते पर चलाए, इसलिए जनता हमेशा आपकी ऋणी रहेगी।

महाराज जी के समाधिलीन होने का समाचार पाकर उनके हजारों भक्त डेरे में पहुंचे हुए हैं। इसके साथ ही विधायक सुदर्शन बबलू, विधायक विवेक शर्मा, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, डीसी जतिन लाल सहित कई गणमान्य लोगों ने डेरे में पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। भक्तों के दर्शनों के लिए महाराज जी की पार्थिव देह को डेरे में ही रखा गया है।

## शोक में प्रदेश, सीएम-डिप्टी सीएम ने जताई संवेदनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद, नारी, ऊना के अधिष्ठाता परम पूज्य श्री श्री 1008 वेदांताचार्य स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज के ब्रह्मलीन होने से संपूर्ण ऊना जिला समेत पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। वे 98 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। रविवार को पीजीआई में उनका देहावसान हो गया।

दोपहर बाद उनकी पार्थिव देह डेरे में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखी गई, जहां विधायक सुदर्शन बबलू, विवेक शर्मा, राकेश कलिया, एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान, जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह समेत विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी, समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने शोक संदेश में लिखा कि ऊना जिले के डेरा बाबा रुद्रानंद जी के प्रमुख गुरु, श्री श्री 1008 सुग्रीवानंद जी महाराज के ब्रह्मलीन होने का समाचार अत्यंत दुखद है। महाराज जी ने जीवनपर्यंत धर्म, सेवा और सद्भाव के प्रकाश को फैलाने का कार्य किया। उन्होंने समाज को आपसी भाईचारे और सौहार्द की मजबूत डोर में बांधने का संदेश दिया। ईश्वर से प्रार्थना है कि पूज्य गुरुजी को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके अनुयायियों को इस कठिन समय में संबल एवं धैर्य प्रदान करें।

वहीं, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि उत्तर भारत के प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद जी आश्रम के अधिष्ठाता, चारों वेदों के ज्ञाता परम पूज्य श्री श्री 1008 वेदान्ताचार्य स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज का देहावासन अध्यात्मिक जगत के साथ संपूर्ण विश्व के लिए अपूरणीय क्षति है।

### आज दर्शनों के उपरांत अंतिम संस्कार

डेरे के सचिव प्रवीण शर्मा ने बताया कि परम पूज्य स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज की पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए सोमवार, सुबह 11 बजे तक आश्रम में लक्ष्मी नारायण सभागार में रखी जाएगी, जहां सभी श्रद्धालु उनके पावन दर्शन कर सकते हैं। इसके पश्चात महाराज जी के प्रधान शिष्य एवं उत्तराधिकारी आचार्य हेमानंद जी द्वारा दोपहर 12 बजे महाराज जी की पार्थिव देह को पंचतत्व में विलीन करने की विधियां प्रारंभ की जाएंगी।

### महाराज जी ने जीवन भर सनातन धर्म, वेदांत और मानव सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया

उनका आशीर्वाद और शिक्षाएं लाखों श्रद्धालुओं के जीवन का मार्गदर्शन करती रहेंगी। ईश्वर महान पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान दें व सभी भक्तों और अनुयायियों को महाराज जी का वियोग सहने की शक्ति प्रदान करें।

# अंतिम दर्शन को उमड़े वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज के भक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

आज हम सभी अत्यंत शोकाकुल हृदय से यह स्वीकार कर रहे हैं कि हमारे आराध्य, धर्मरक्षक, सनातन संस्कृति के महान प्रवर्तक विद्यालंकार वेदांताचार्य श्री श्री 1008 स्वामी सुग्रीवानंद महाराज जी ने इस नश्वर संसार को त्यागकर वैकुंठ धाम की यात्रा कर ली है, परंतु वह केवल देह से विलुप्त हुए हैं।

उनका दिव्य प्रकाश, उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा और आशीर्वाद सदैव हमारे साथ विद्यमान रहेंगे। जिस प्रकार शरीर में बाल्यकाल, यौवन और वृद्धावस्था आती है, उसी प्रकार आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरे शरीर में जाती है। ज्ञानीजन इस सत्य को समझकर शोक नहीं करते। महाराज श्री केवल एक संत नहीं थे, वे साक्षात् नारायण स्वरूप थे, जिन्होंने अपने दिव्य ज्ञान, स्नेह, और आशीर्वाद से असंख्य श्रद्धालुओं को जीवन का सही मार्ग दिखाया।



हमारे परिवार के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है, क्योंकि महाराज श्री ने हमें कभी अपने वात्सल्य से वंचित नहीं किया। उनका वरदहस्त सदैव हमारे ऊपर बना रहा, उन्होंने हर संकट में श्री कृष्ण की भांति हमारा मार्गदर्शन किया। कोरोना कॉल में जब उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, तब भी उन्होंने अपने भक्तों की चिंता पहले की और हमें अपने आशीर्वाद से संबल प्रदान किया व हमें हर कठिनाई से उबारा, हर अवसर पर मार्गदर्शन दिया और जीवन को धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। आज भले ही उनकी दिव्य देह हमारे बीच नहीं है, परंतु उनका प्रकाश हमारे अंत:करण में सदा प्रज्वलित रहेगा।

'यस्य देवे परा भक्ति: यथा देवे तथा गुरौ। तस्यैते कथिता ह्यर्था: प्रकाशन्ते महात्मन:' जो अपने गुरु में परम श्रद्धा रखते हैं, उन्हें समस्त दिव्य ज्ञान स्वत: प्राप्त हो जाता है। हम प्रार्थना करते हैं कि परमपिता परमात्मा, बाबा रूद्रानंद जी, बाबा अच्युतानंद जी, बाबा आत्मानंद जी हमारे श्री महाराज सुग्रीवानंद जी को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और हमें उनकी शिक्षाओं पर चलने की शक्ति प्रदान करें। यद्यपि हमारे नेत्र अब उन्हें देख नहीं पाएंगे, हमारे कान उनके दिव्य वचनों को सुन नहीं पाएंगे, परंतु वे हमारे हृदय में सदा अमर रहेंगे।

## विधायक विवेक ने दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने डेरा बाबा रुद्रानंद धाम के संस्थापक और सनातन धर्म के प्रचारक श्री श्री 1008 सुग्रीवानंद महाराज के अकस्मात निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे एक युग का अंत बताते हुए कहा कि महाराज जी का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। विवेक शर्मा रविवार को डेरा बाबा रूद्रानंद धाम पहुंचे, जहां उन्होंने महाराज जी के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके अनुयायियों को सांत्वना दी।

## कुटलैहड़ भाजपा मंडल की कार्यकारिणी गठित, रमेश- जोगिंद्र बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल का विस्तार मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो की सहमति से कर दिया है। इसमें बंगाणा मंडल के 72 बूथों पर उपाध्यक्ष राजकुमार, कमल सिंह, अशोक कुमार और जोगेंद्र कुमार को बनाया है। महामंत्री रमेश चंद और जोगेंद्र कुमार को बनाया है, जबकि नरेंद्र कुमार, कर्ण सिंह, कमल सिंह, लीला देवी, सीमा देवी, मधुबाला को सचिव बनाया है।

मीडिया प्रभारी अंजना को बनाया है, जबकि सुदर्शन शर्मा को प्रवक्ता बनाया है। कार्यालय सचिव राजेंद्र सिंह आईटी आयोजिक संजीव ठाकुर, सह आयोजिक अनिल कुमार सोशल मीडिया आयोजिक सुशील सह सायोजिक अंकित शर्मा और अनूप सिंह ठाकुर कार्यकारणी सदस्य श्याम लाल, मोहन लाल, अशोक कुमार, मेहर चंद, मच्छेंद्र सिंह, केहर सिंह, भूषण शर्मा,अश्वनी कालिया, अजय कुमार, गुरनाम पठानिया, श्वेता कुमारी, रिंकी देवी, उषा सिंह, नीलम ठाकुर, पुष्पा रानी, रेखा राणा, रजनी देवी, त्रिशला देवी, मुकेश कुमारी, पूजा शर्मा, बिक्रम सिंह, रमेश चंद, सुरेश कुमार, तरसेम लाल, शीशन ठाकुर, बालम को कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्यों में चंद्र कुमार, सुखदेव शर्मा, मोहिंदर राणा, निर्मल ठाकुर, शिव कुमार, प्रवीण पादा, विपिन कुमार शर्मा, राकेश कुमार, हुस्न लाल, सतीश धीमान को बनाया है। वहीं, विशेष आमंत्रित सदस्यों में वीरेंद्र कंवर, दविंदर भुट्टो, कृष्ण पाल शर्मा, रमेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, सुभाष शास्त्री, योगराज भारद्वाज, राजेश खियाल, ईश्वर कुमार विजय कुमार को बनाया है।

## दो युवक चिट्टे के साथ किए काबू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मादक द्रव्य पदार्थों के विरुद्ध गगरेट पुलिस द्वारा छेड़े गए विशेष अभियान के तहत गगरेट पुलिस ने हमीरपुर जिला के दो युवकों से 5.03 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। गगरेट पुलिस ने मादक द्रव्य पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को गगरेट पुलिस की एक टीम इलाके की गश्त पर थी तो पुराना अंब रोड पर एक बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर घबरा गए।

पुलिस ने उसे रोक कर जब तलाशी ली, तो उसके पास से 5.03 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। युवकों की पहचान आकाश निवासी बड़ा ग्राम तहसील डटवाल जिला हमीरपुर व शशि जसवाल निवासी घोड़ी धबीडी तहसील डटवाल जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। डीएसपी अंब डॉ वसूदा सूद ने कहा कि युवकों के पूछताछ की जा रही है और यह भी पता किया जा रहा है कि ये सप्लायर हैं या नशे के आदी हैं।

## बारिश से हुए नुकसान का आकलन लगाने में जुटा विभाग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

- हरोली और बंगाणा में सबसे अधिक नुकसान की जताई जा रही आशंका

दो दिन तक जिले में हुई भारी बारिश से फसलों का नुकसान भी हुआ है। गेहूं की फसल कई जगह खेतों में ही बिछ गई है। इसमें हरोली क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हुआ है। हरोली के अधिकांश गांवों में गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है। किसान यहां पर मुर्गी की खाद का अधिक प्रयोग करते हैं। इससे गेहूं की फसल की पैदावार तेजी से बढ़ती है और ग्रोथ हो जाती है, ऐसी स्थिति में तना कमजोर होने से बारिश के साथ हवाएं चलने की सूरत में फसल ध्वस्त हो गई है।

दूसरी ओर उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के अधिकतर हिस्सों में यह बारिश किसानों पर कहर बनकर बरसी है। बारिश और तेज हवाओं के चलते गेहूं, सरसों, जेई, कमांद सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। किसान गिरी हुई फसलों को फिर से उठने के लिए आसमान की तरफ निगाहें गढ़ाए बैठे हैं। किसानों में राजीव कुमार, श्रवण सिंह, पवन शर्मा, राजकुमार, हर्ष कुमार, राकेश शर्मा, विजय शर्मा, राजन कुमार, यशपाल सिंह और धर्मपाल सहित अन्य किसानों का कहना है कि अगर और अधिक बारिश हुई तो फसलें खेतों में सड़ जाएंगी। अब मौसम साफ होने का ही इंतजार कर रहे हैं।

धूप खिलने से फसलों को कुछ तो राहत मिलने के आसार हैं। उधर, कृषि विभाग के उपनिदेशक कुलभूषण धीमान का कहना है कि जिले में बारिश से सबसे ज्यादा हरोली एरिया प्रभावित हुआ है। किसानों को बारिश से फसल का कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है।

## हुनर वाले युवाओं को रोजगार से कोई नहीं रोक सकता

**अनंत ज्ञान, अंब**

- अंब में लगे रोजगार मेले में करीब पचास युवाओं ने किया आवेदन

हिमालया जन कल्याण समिति और लघु उद्योग संघ के संयुक्त तत्वावधान में उपमंडल अंब के आदर्श नगर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस मेले में अंब उपमंडल की करीब एक दर्जन पंचायतों से काफी संख्या में आए बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया और अपना पंजीकरण कराया। रोजगार मेले का शुभारंभ मिशन रोजगार, जिला ऊना के संयोजक डॉ. विनीत सिंह ठाकुर ने रिबन काटकर किया।

इस अवसर पर लघु उद्योग संघ के चेयरमैन विचित्र सिंह पटियाल, हिमालय एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. रानेश राणा और प्रेस क्लब अंब के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहे। रोजगार मेले में पचास से अधिक युवाओं ने विभिन्न कंपनियों और उद्योगों में नौकरी पाने के लिए आवेदन किया। हिमालय एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. रानेश राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, अंब और गगरेट में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अगर युवाओं में हुनर है तो उन्हें रोजगार पाने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर उन्होंने निजी और सरकारी आईटीआई संस्थानों के प्रमुखों का आभार प्रकट किया, जिन्होंने युवाओं को उद्योगों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर इस मुहिम में सहयोग दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. विनीत सिंह ठाकुर ने कहा कि मिशन रोजगार हिमाचल की यह पहल बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार किसी सामाजिक संस्था ने घर-द्वार रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रयास किया है। यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने इस रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए हिमालय जनकल्याण समिति, लघु उद्योग संघ, जॉनसन एंड जॉनसन, सिगमा क्योर, माइलस्टोन गियर, बिरला टेक्सटाइल, निक बेकर्स, कोसी ऑटो, राणा पैकेजिंग और अन्य सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया और इसे भविष्य में भी जारी रखने की बात कही। रोजगार मेले के सफल आयोजन में हिमालय जनकल्याण समिति के संयोजक डॉ. रानेश राणा और डिंपल परमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

उन्होंने रोजगार मेले में सहयोग देने के लिए हैप्पीनेस होटल के मालिक अरुण कुमार सहित सभी संस्थाओं और उद्यमियों का आभार जताया। यह रोजगार मेला न केवल युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन देने के लिए भी उपयोगी साबित हुआ। इस आयोजन से प्रेरित होकर आने वाले समय में और भी रोजगार मेलों के आयोजन की योजना बनाई जा रही है, ताकि हिमाचल के युवाओं को उनके गृह जिले में ही रोजगार मिल सके।

**सम्मान** हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 51वां वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से संपन्न

# शहीद दिलवर खान को शौर्य और शहीद कुलविंद्र को हिमाचलश्री पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमोत्कर्ष साहित्य, संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का 51वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को एक स्थानीय होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन कुलदीप कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक ओपी रत्न विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलदीप कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक शर्मा ने ऊना जिल के दो शहीद सैनिकों को मरणोपरांत हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता शौर्य व हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री राष्ट्र समर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार शहीद सैनिकों के परिजनों ने प्राप्त किए। समारोह में स्व. आयशा पटियाल स्मारक हिमोत्कर्ष छात्रवृत्ति के अंतर्गत प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से बीएससी माईक्रोबायोलोजी की टापर नंदिनी बाली को 25 हजार रुपए छात्रवृत्ति, स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र तथा राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना की छात्रा मोनिका ढिल्लों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की बीएससी परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित करने पर 11 हजार रुपए छात्रवृत्ति, स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।



ऊना जिले से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में पहले दस स्थानों पर रहने वाले दसवीं कक्षा के 34 मेधावी विद्यार्थियों तथा जमा दो कक्षा के 17 विद्यार्थियों को स्व. संतोष कंवर स्मारक हिमोत्कर्ष मेधावी छात्रवृत्ति के अंतर्गत एक-एक हजार नकद छात्रवृत्ति, प्रशस्ति पत्र व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एक किडनी रोगी आईटीआई युवक तथा एक बीमार परिवार को एक वर्ष के लिए दो हजार रुपए प्रति माह की सहायता भी शुरू की गई तथा दोनों परिवारों को सहायता चेक प्रदान किए गए।

अधिवेशन में हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत 56 पात्र विधवाओं को 126000 रुपए का राशन प्रदान किया गया, जबकि कुष्ठ आश्रम ऊना को 11 हजार रुपए की आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई गई। एक महिला मंजीत कौर को स्वरोजगार में स्थापित होने के लिए सिलाई मशीन भेंट की गई, जबकि ऊना के छात्र शौर्य ठाकुर को सैनिक स्कूल परीक्षा में देशभर में 21वां स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुख्यातिथि कुलदीप कुमार ने संबोधित किया तथा परिषद के जनकल्याण कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक विवेक शर्मा तथा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने भी समारोह को संबोधित किया। कार्यक्रम में हिमोत्कर्ष महिला मंच की सदस्यों ने वंदे मातरम् व हिमोत्कर्ष संस्थाल की छात्राओं ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कुलदीप कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक विवेक शर्मा को परिषद सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

### ये हुए हिमोत्कर्ष पुरस्कार से सम्मानित

**राष्ट्रीय** एकात्मकता पुरस्कार के तहत जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 24 जुलाई, 2024 को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में अदम्य साहस व वीरता का परिचय देते हुए एक आतंकवादी को मार गिराते हुए शहादत का जाम पीने वाले 28 आरआर में तैनात सिपाही (गनर) शहीद दिलवर खान, कीर्ति चक्र निवासी घरवासड़ा ऊना को अमर शहीद कैप्टन अमोल कालिया स्मारक हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता (शौर्य) पुरस्कार मरणोपरांत से अलंकृत किया गया। यह पुरस्कार उनके पिता कर्मदीन ने प्राप्त किया, जबकि जम्मू के आर्मी बेस में हुए भीषण अग्निकांड में आग पर काबू पाने के प्रयास में आग की लपटों की चपेट में आने के कारण वीरगति को प्राप्त हुए 4 डोगरा रेजीमेंट के शहीद कुलविंद्र सिंह को स्व. रोशन लाल शर्मा स्मारक हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री राष्ट्र समपर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनकी पत्नी कंचन व दोनो बेटों अयांश व अर्नब ने प्राप्त किया।

## भारतीय जनता पार्टी दौलतपुर मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, अंब**

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व एवं मार्गदर्शन से दौलतपुर मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पार्टी नेतृत्व के इस सशक्त दिशानिर्देश के लिए दौलतपुर भाजपा मंडल उनका हार्दिक आभार व्यक्त करती है।

नवगठित कार्यकारिणी में अजय ठाकुर (चलेट) को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके साथ, नरिंदर परमार (कुनेरन), सरला देवी (रामनगर), तरसेम लाल राणा (रायपुर) और विशाल शर्मा (डंगोह खास) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विकास ढडवाल (संघनई) और राजीव शर्मा (घनारी) को महामंत्री, जबकि कीर्ति शर्मा (बबेहड़) को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मीडिया और प्रवक्ता टीम में रविकांत मुंजाल (बबेहड़) को मीडिया प्रभारी, और सतपाल भारद्वाज (भद्रकाली) को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सविता कुमारी (सलोह बेरी), अशोक कुमार (अंबोआ), बलवंत सिंह (कुनेरन), राकेश कुमार (गोंदपुर बनेहड़ा लोअर) एवं उषा देवी (भंजाल लोअर) को सचिव बनाया गया है। कार्यालय संचालन की जिम्मेदारी सीमा देवी (भंजाल लोअर) को कार्यालय सचिव के रूप में सौंपी गई है।

डिजिटल और तकनीकी विस्तार को ध्यान में रखते हुए जीतन कुमार (गोंदपुर बनेहड़ा लोअर) को आईटी संयोजक तथा शुभम जरियाल (नंगल जरियाला) को आईटी सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, परमवीर सिंह (चलेट) को सोशल मीडिया संयोजक और अनुज शर्मा (मवा कोहला) को सोशल मीडिया सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। गगरेट भाजपा नेतृत्व द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा गगरेट विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता श्र्चैतन्य शर्मा जी ने नवगठित मंडल एवं कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि यह टीम संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगी और पार्टी की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के भरे जाएंगे 120 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि मैसर्ज एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के कुल 120 रिक्त पदों की भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार करवाएगी। जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू उपरोजगार कार्यालय बंजार और उपरोजगार कार्यालय आनी में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास, लंबाई 168 सेमी और उससे अधिक तथा आयु 19 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 15,000 से 22,000 रुपए मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ है। योग्य पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 4 मार्च को सुबह 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय बंजार में, 5 मार्च को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में और 10 मार्च को सुबह 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय आनी में पहुंच कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं है, तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल www.eemis.hp.nic.in पर जाएं और अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू 01902 222522 पर संपर्क करें।

### युवाओं ने सुचारु की हलाण-2 की सड़क

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** उझी घाटी की हलाण-2 के युवाओं ने रविवार को हलाण की सड़क को यातायात के योग्य बनाया। गत वीरवार से हलाण के आराध्य देवता नाग धुंबल की फागली को मनाया जा रहा है। इस दौरान देवता की चाकरी के लिए कई श्रद्धालु हलाण आए हुए थे। भारी बर्फबारी के कारण श्रद्धालुओं के वाहन हलाण में ही फंस गए। रविवार सुबह हलाण के युवाओं ने मिलकर सड़क को साफ करने का कार्य आरंभ कर दिया और दोपहर तक सड़क को वाहन चलने योग्य बना दिया। युवाओं के श्रमदान के चलते जो लोग बर्फबारी के चलते हलाण में फंस गए थे, वे सभी रविवार को अपने वाहनों को निकाल पाए। साथ ही रविवार को फागली के अंतिम दिन श्रद्धालु भी शीश नमाने देवता नाग धुंबल के प्रांगण में पहुंच पाए।

### 5 प्रशिक्षु डॉक्टरों से परिजनों का संपर्क कटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल में ट्रैकिंग पर गए जयपुर मेडिकल कॉलेज के 5 प्रशिक्षु डॉक्टरों को पूर्व विधायक रवि ठाकुर के प्रयासों से जिला प्रशासन ने उनकी लोकेशन ट्रेस कर परिजनों को राहत दी है। जयपुर से आए इन पांच परिजनों से संपर्क न होने पर उन्होंने लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर से संपर्क किया कि किस तरह पिछले 3 दिनों उनका संपर्क ट्रैकिंग पर गए जयपुर के सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर के रेजिडेंट डॉक्टरों डॉ. रशा एम (30 वर्ष), डॉ. अक्षय एम बास्टियन (31 वर्ष), डॉ. केविन जॉर्ज (28 वर्ष), डॉ. एल्विन जॉर्ज (29 वर्ष) और डॉ. विवेक जोशी (28 वर्ष) से उनका संपर्क नहीं हो रहा है। लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक ने बताया कि जिले में पिछले 5 दिनों से भारी बर्फबारी हो रही थी, जिसको देखते हुए स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने जिला प्रशासन से संपर्क किया। लाहौल-स्पीति के डीसी राहुल कुमार द्वारा तुरंत रेस्क्यू टीम का गठन कर काजा प्रशासन से बात कर ट्रैकिंग पर गए डॉक्टरों का पता लगाने के निर्देश दिए। काजा से एसडीएम शिखा सिमटा ने बताया कि स्पीति में ट्रैकिंग पर आए जयपुर के प्रशिक्षु डॉक्टरों से संपर्क हो गया था, जो शनिवार देर शाम सुरक्षित सुमदो बॉर्डर को क्रॉस कर गए थे।

### निरमंड में कुर्पन वैली क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड खेल परिसर में रविवार को कुर्पन वैली यूनाइटेड क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। यह टूर्नामेंट नॉक आउट फॉरमेट पर आधारित है। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार ने किया। विशिष्टातिथि के रूप में जिला परिषद चायल वार्ड के सदस्य पूर्ण ठाकुर मौजूद रहे। क्लब के प्रधान जितेंद्र चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 64 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विजेता टीम को एक लाख 11 हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी दी जाएगी। उपविजेता टीम को 55 हजार 500 रुपए और ट्रॉफी मिलेगी।

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड में बाल विकास परियोजना के तत्वाधान में रविवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायत समिति निरमंड हॉल में आयोजित इस कार्यशाला में जिला परिषद चेयरमैन पंकज परमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने फ्रंटलाइन वर्कर्स को गिरते लिंगानुपात, मासिक धर्म स्वच्छता, पॉक्सो एक्ट और घरेलू हिंसा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिला परिषद चेयरमैन ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विभागीय योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की अपील की। पोषण अभियान के खंड को-ऑर्डिनेटर भूपेंद्र कुमार ने पीपीटी के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। पूरन ने समाज के रूढ़िवादी विचारों में बदलाव लाने में महिलाओं की भूमिका की सराहना की।

### मनाली आएं, बिना दिक्कत के घूमने का आनंद उठाएं

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि हिमपात से पर्यटन नगरी मनाली चमक उठी है। चारों ओर बिछी बर्फ की परत से मनाली के सौंदर्य में चार चांद लग गए हैं। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में गोविंद ने कहा कि पर्यटक व पर्यटन कारोबारी सभी बर्फ का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। लंबे अरसे बाद मौसम मेहरबान हुआ और घाटी में अच्छा हिमपात हुआ। हिमपात के समय थोड़ी बहुत परेशानी हुई, लेकिन अब हालात सामान्य हो गए हैं। सभी विभागों ने युद्धस्तर पर काम करते हुए सभी सुविधाओं को सुचारु कर दिया है। सड़कों को बहुत जल्द बहाल कर दिया है। बिजली आपूर्ति भी लगभग सुचारु हो रही है। होटलों में भी सभी सुविधाएं बेहतर हो गई हैं। पर्यटकों का मनाली में स्वागत है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया में व्यवस्थाओं की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। पर्यटक मनाली आएं और बिना दिक्कत के घूमने का आनंद उठाएं। रविवार को पूरा दिन धूप खिली रही और पर्यटकों ने दिन भर मनाली के पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद लिया। पूर्व मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया में कुल्लू प्रशासन द्वारा कूड़े के ढेर को सरवरी नदी में फेंकते हुए दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह प्रशासन के इस कार्य की कड़ी निंदा करते हैं। बड़ी मशीन लगाकर दर्जनों टन कूड़े को फेंका गया है। प्रदेश की सरकार कोई व्यवस्था नहीं कर रही, बल्कि व्यवस्थाओं को बिगाड़ने का काम कर रही है।

# चार दिन से अंधेरे में डूबा मलाणा गांव

## पेयजल पाइपें जाम, अंधेरे में जीवन बसर कर रहे ग्रामीण, सड़क भी आठ माह से बंद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के प्रसिद्ध मलाणा गांव में बर्फ की करीब तीन फुट से अधिक सफेद चादर बिछ गई है। हालांकि, दो दिनों से हिमपात का सिलसिला बंद हो गया है, लेकिन जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। गांव में जहां करीब तीन फुट बर्फ की परत बिछी है।

वहीं चार दिन से गांव में बिजली भी गुम है और ठंड के कारण पेयजल लाइनें भी जाम हो चुकी हैं। इस कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में बिजली न होने के कारण अधिकतर ग्रामीणों के मोबाइल फोन भी बंद हो गए हैं, जिससे लोगों से उनका संपर्क नहीं हो पा रहा है। साथ ही बच्चों को पढ़ाई करने में सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। इसके अलावा कड़ाके की ठंड के कारण पेयजल पाइपें जम चुकी हैं जिससे पेयजल की समस्या पैदा हो गई है। वहीं, गांव की ओर आने वाली सड़क पिछले आठ माह से बंद पड़ी है, जिस कारण लोगों को कई किलोमीटर पैदल सफर कर जरी पहुंचना पड़ता है। गत वर्ष जुलाई माह में बाढ़ के मलबे व पत्थरों से मलाणा सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हुई है, जिस कारण आठ माह से यातायात भी अवरूद्ध है। यही नहीं सड़क बाधित होने के कारण आठ माह से कई जगह ग्रामीणों के वाहन भी फंसे हुए हैं, जो कि पूरी तरह से खराब हो गए हैं। वहीं, अभी हुई बारिश से सड़क को और भी नुकसान हुआ है।



बर्फ के आगोश में शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति का केलांग।

### भवन की छत पर गिरा पेड़, नुकसान

**उपप्रधान** ने बताया कि मलाणा में बर्फबारी के कारण एक भवन की छत पर पेड़ गिरने से भी नुकसान हुआ है। इस भवन में पंचायत, स्कूल व डिस्पेंसरी चलती है। लोगों के अनुसार इस छत में अंदर बारिश व बर्फबारी घुसने से काफी नुकसान हुआ है।

उधर, बारिश के कारण बिजली लाइनें व ट्रांसफार्मर टूटने के कारण चार दिनों से मलाणा गांव के बाशिंदे अंधेरे में जीवन बसर करने को मजबूर हैं।

स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुए जल्द गांव में बिजलर व पेयजल आपूर्ति बहाल करवाई जाए। साथ ही निजी कंपनी को भी सड़क की मरम्मत करने की मांग रखी है। उधर, मलाणा के उपप्रधान रामजी ने बताया कि हिमपात के कारण गांव में बिजली की लाइनें टूट गई हैं, पेयजल पाइपें जम गई हैं। इस कारण लोगों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

> **जिला** प्रशासन की ओर से सभी संबंधित विभागों को जहां-जहां बारिश बर्फबारी से नुकसान हुआ है, वहां पर बिजली, पानी, सड़क बहाली कार्य युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **तोरुल एस रवीश डीसी कुल्लू।**

गांव में फागली पर्व मनाया जा रहा है, लेकिन ऐसे हालातों में बहुत मुश्किल हो गया है। वहीं, जिले के अन्य ऊपरी व निचले सभी क्षेत्रों में भी बारिश व हिमपात से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के अन्य कई क्षेत्र अभी तक अंधेरे में डूबे हैं, जबकि पानी की समस्या कुल्लू सहित अन्य विभिन्न स्थानों में पेश आ रही है। कई सड़कें बाधित होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

# स्पीति में हिमस्खलन, बाल बाल बचे आईटीबीपी जवान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी में ग्यू गांव के पास हिमस्खलन हुआ है।

हिमस्खलन होता देख लोग इधर-उधर भागे और सभी में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि हिमखंड आईटीबीपी कैंप से मात्र 200 मीटर पहले ही थम गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए। वहीं, लाहौल-स्पीति जिले में कई अन्य जगहों पर भी हिमस्खलन की घटनाएं पेश आई हैं। हालांकि, अभी तक हिमस्खलन के कारण किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन लगातार हो रहे हिमस्खलन से स्थानीय लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। उधर, मनाली की ओर धुंधी के पास हुए हिमस्खलन ने सड़क मार्ग अवरुद्ध कर दिया था, जिसे बीआरओ की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बहाल कर दिया है। वहीं, जाहलमा के सामने दारा फाल में गिरे हिमखंड से चंद्रभागा नदी का प्रवाह पिछले दो दिनों से रुका हुआ है। पानी का स्तर अब जोबरंग पुल तक पहुंच गया है, जिससे खतरा बना हुआ है।

### हिमस्खलन से चंद्रभागा का प्रवाह रुका, जलस्तर जोबरंग पुल तक पहुंचा, बढ़ा खतरा

### दो दिन में रेस्क्यू किए 718 पर्यटक

**वहीं,** डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा कि भारी हिमपात के कारण हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की है। लाहौल-स्पीति घाटी में दो दिनों में 107 वाहनों सहित कुल 718 पर्यटक रेस्क्यू किए गए हैं। रेस्क्यू किए गए पर्यटकों में 7 विदेशी भी शामिल हैं। पहली मार्च को 51 वाहन और 174 टूरिस्ट फंस गए थे, जिन्हें निकाल लिया गया है। वहीं, 2 मार्च को 56 वाहन और 544 पर्यटक फंस गए थे, जिन्हें रविवार को रेस्क्यू कर लिया गया है। दो दिनों में 107 वाहनों सहित कुल 718 पर्यटक रेस्क्यू किए गए हैं।

# देवेंद्र और पन्ना ठाकुर को भाजपा मनाली मंडल महामंत्री की कमान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

भाजपा मनाली मंडल के अध्यक्ष जोगेंद्र मेहरा ने रविवार को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक और मंत्री गोविंद ठाकुर की उपस्थिति में कार्यकारिणी का विस्तार किया।

मेहरा ने बताया कि प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर और अन्य नेताओं से विचार-विमर्श करने के पश्चात कार्यकारिणी का गठन किया गया। हुकम चंद, मुकेश ठाकुर, निर्मला ठाकुर और नीतीश उपाध्याय को मनाली मंडल के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। महामंत्री की जिम्मेदारी पन्ना ठाकुर और देवेंद्र ठाकुर को सौंपी गई। वहीं, हीरा लाल मंडल को कोषाध्यक्ष और रवि, अनीता शाशनी, रजनी, शरव नेगी और रंजना को सचिव का कार्य सौंपा गया। सुजेद कुमार मीडिया प्रभारी का कार्य देखेंगे साथ ही प्रवीन को प्रवक्ता और लोत राम कार्यालय सचिव का दायित्व निभाएंगे। इसी प्रकार नीलम को आईटी संयोजक, जितेंद्र आईटी सहसंयोजक, चंपा शर्मा सोशल मीडिया संयोजक, अमित आर्य को सोशल मीडिया सह संयोजक का कार्य सौंपा गया। रोशन लाल, गायत्री दत्त, रोशन लाल, ठाकुर चंद, उपकार ब्यास, नैन प्रकाश, मोनिका नेगी, केहर सिंह, तारा देवी, रीना, रमेश, हुकम राम, मोहन लाल, वीर सिंह, नवनीत जंबाल, भुवनेश्वर, मूल चंद, रमेश, गोवर्धन, निहाल चंद, हीरा लाल, राजेंद्र कुमार, कौशल्य, सीमा, पुष्पा, चंपा देवी, दीपिका, मीना कुमारी और डिंपल ठाकुर को मनाली मंडल से कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया। उधर, भाजपा पदाधिकारी गोविंद सिंह ठाकुर, धनेश्वरी ठाकुर, दुर्गा सिंह, बालमुकुंद राणा, जगदेव ठाकुर, अरविंद चंदेल, डॉ. गोपाल, टेडी सिंह, मनोज लारजे, अखिलेश कपूर मनाली मंडल के स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे। वहीं, जय चंद करदार, मेहर चंद, रणधीर, मंजरी नेगी, ओम शाशनी, नीमा देवी, नारायण नेगी, कमला देवी, युवराज और संगत राम विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

## प्रदेश और जिला नेतृत्व से चर्चा के उपरांत कुल्लू भाजपा मंडल की कार्यकारिणी का गठन

# प्रयाग कात्यान और यशपाल बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के कुल्लू भाजपा मंडल के द्वारा अब अपनी नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। ऐसे में इस कार्यकारिणी में प्रयाग कात्यान और यशपाल को महामंत्री की कमान सौंपी गई है।

कुल्लू भाजपा मंडल के अध्यक्ष श्रवण लाल ने बताया कि कार्यकारिणी के गठन के लिए प्रदेश और जिला नेतृत्व से विस्तार से चर्चा की गई और मंडल को मजबूती देने के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं की भी नियुक्ति की गई। ऐसे में आगामी समय में कुल्लू भाजपा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की जाएगी और संगठन की नीतियों का गांव-गांव तक प्रचार किया जाएगा। कुल्लू मंडल के अध्यक्ष श्रवण लाल ने बताया कि नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर विमला ठाकुर, दिनेश किशोर, यशवंत सिंह, हेम सिंह को नियुक्त किया गया है। वहीं, कोषाध्यक्ष के लिए मोहर सिंह को नियुक्त किया गया है। सचिव पद के लिए बंती देवी, विमला देवी, अनुपमा कंबोज, कमला देवी, जितेंद्र ठाकुर और मीडिया प्रभारी के लिए राज कुमार को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में प्रवक्ता के लिए यशपाल, कार्यालय सचिव के लिए रोशन लाल, आईटी संयोजक विजय ठाकुर, आईटी सहसंयोजक कृष्ण ठाकुर, सोशल मीडिया संयोजक के लिए घनश्याम और सह संयोजक के लिए ठाकुर दास को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के लिए हिम दासी, तेज सिंह, चित्रा मणि, संतोष कुमारी, मोनिका सिंह, तारा देवी, इंद्रा देवी, यशवंत सिंह, प्रकाश चंद, धर्म सिंह, मान सिंह, श्याम लाल, ठाकर दास, पुनी देवी, राजेश, नीमा देवी, श्याम लाल, कालू राम, मनी राम, श्याम लाल, आलम चंद, सौरभ महंत आदि चुने गए।





### सैंज के तमाम वर्गों व संप्रदाय को दिया अधिमान : अमर

**अनंत ज्ञान, सैंज।** बंजार विधानसभा में पहली बार अस्तित्व में आए भाजपा मंडल सैंज ने पार्टी की नई कार्यकारिणी घोषित की। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर ठाकुर द्वारा जारी की गई सूची में दो महामंत्री, चार उपाध्यक्ष सहित 70 लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में इस बार पुराने चेहरे दिखाई नहीं दिए तथा नए चेहरों को प्रमुखता से जगह दी गई। नई कार्यकारिणी में हर वर्ग, जातीय तथा क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही अधिमान दिया गया है। सैंज के शेर सिंह नेगी को मंडल का नया महामंत्री बनाया गया है, जबकि युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष वेदराम ठाकुर को सचिव का दायित्व सौंपा गया है। मंडल की नई कार्यकारिणी में राकेश शर्मा, भगत राम, टेकराम तथा अनीता देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। गोपाल शर्मा महामंत्री, जबकि दूर सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष बने। वेद ठाकुर, कल्पना शर्मा, चंद्रा देवी, सरस्वती देवी तथा रोशन लाल को सचिव के पद से नवाजा गया।

## विपरीत परिस्थितियों के बाद भी सभी ने किया सराहनीय कार्य : भुवनेश्वर गौड़

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि पर्यटन नगरी मनाली में बर्फबारी से पूरी तरह अस्त व्यस्त जीवन को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन, पुलिस सहित अन्य सभी संबंधित विभागों ने सराहनीय कार्य किया है।

इसके लिए उन्होंने एसडीएम मनाली रमन कुमार, डीएसपी मनाली केडी शर्मा सहित लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड और जल शक्ति विभाग की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बर्फबारी से भारी नुकसान हुआ था, ऐसी परिस्थितियों में मनाली में एक बार फिर से सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य बहाली कार्य कर प्रशासन व सभी संबंधित विभागों ने सहारानीय कार्य किया है। एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने सभी विभागों से तालमेल बिठाते हुए समय के भीतर बर्फबारी में सभी सड़कों से बर्फ हटाने का कार्य कर स्थानीय लोगों और सैलानियों के लिए यातायात व्यवस्था सुचारू रखा। वहीं, डीएसपी मनाली केडी शर्मा के नेतृत्व में मनाली पुलिस रात के दो बजे तक कड़ाके की ठंड में यातायात को सुचारु रखने का कार्य किया।

लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने टीम के साथ मिलकर तुरंत सड़कों से बर्फ हटा कर एक मिसाल कायम की है। वहीं, बिजली तारों व ट्रांसफार्मर को भी भारी नुकसान पहुंचा था फिर भी विपरीत परिस्थितियों में बिजली बोर्ड की टीम ने मौके पर जाकर बिजली को पूरी घाटी में सुचारू किया है।



## मशियार व ठाणेगाड़ गांवों के लिए विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत होगा सड़क निर्माण : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**


बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अभी भी दूरदराज के कम आबादी वाले बहुत से गांव सड़क सुविधा की राह देख रहे हैं। विधायक प्राथमिकता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी बड़ी योजनाओं से लगातार सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी बंजार घाटी की दुर्गम पंचायत मशियार के एकदिवसीय दौरे पर रहे।

मशियार पंचायत के दुर्गम व मुख्य गांव मशियार व ठाणेगाड़ अभी भी सड़क की राह देख रहे हैं। विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामणों ने अपनी बहुप्रतीक्षित सड़क की मांग को दोहराया। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मशियार व ठाणेगाड़ गांवों को सड़क सुविधा प्रदान करने के लिए विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत दोगड़ा से सड़क का निर्माण किया जाएगा। वर्षों पहले गांव के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हो रहा सड़क निर्माण धरातलीय जटिलताओं के कारण पूरा नहीं हो पाया है व अब नए सिरे से दोगड़ा से सड़क निर्माण की रूप रेखा तैयार कर ली गई है। सड़क निर्माण के लिए दानी सज्जनों द्वारा भू-दान करने के लिए विधायक ने स्थानीय ग्रामीणों की सराहना की। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत बंजार विधानसभा क्षेत्र में लांघनी-छुआरा सड़क का निर्माण किया गया है व नाहीं-घाट लाकचा, देउठा-टिंढा व जेष्ठा सड़क योजनाओं पर निर्माण जारी है, जबकि विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत 6 सड़क परियोजनाएं बजट स्वीकृति के लिए नाबार्ड पहुंच चुकी हैं।

# सुरेश ने आठवीं बार सजोबा रैली जीतकर लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पूरे भारतवर्ष में तकनीकी रूप से सबसे मुश्किल रेलिया में शुमार सजोबा रैली, जो कि 28 फरवरी को चंडीगढ़ से शुरू हुई थी। इस रैली में पूरे भारतवर्ष से लगभग डेढ़ सौ के करीब प्रतिभागियों ने भाग लिया।



रविवार को यह रैली पंजाब हिमाचल के कई दुर्गम क्षेत्रों से होकर गुजरी और इस रैली ने प्रतिभागियों का कड़ा इम्तिहान लिया। जबरदस्त नजदीकी मुकाबले के बाद भारतीय मोटर स्पोर्ट्स का एक बड़े नाम सुरेश राणा ने एक बार फिर इस रैली में अपना दबदबा कायम किया और आठवीं बार इस रैली को जीतने में कामयाब हुए। इस रैली में सुरेश राणा अपनी टीम टीम रेप्टर्सर के साथ भाग ले रहे हैं और उनके साथ कुल्लू-मनाली से कई और प्रतिभागी भी भाग ले रहे हैं, जिन्होंने भी अपना दबदबा काम किया। सुरेश राणा के पुत्र आर्यक राणा ने भी अपने कैटिगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल्लू-मनाली से एक और प्रतिभागी श्याम शर्मा पहली बार प्रतियोगिता में भाग ले रहे थे उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया और ट्रॉफी जीती। ऋजुल ने भी कई कठिनाइयों के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन किया। गाड़ी में तकनीकी खामियों के कारण कुछ और प्रतिभागी अपनी रेस पूरी नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने भी अपनी दमदार छाप छोड़ी। मोहन लाल ने अपनी कैटेगरी में उमदा प्रदर्शन किया। टीम गोली के मेंबर सनी नेगी ने दमदार प्रदर्शन दिखाया और इस रैली को सफलतापूर्वक संपन्न किया। वहीं, दूसरी तरफ बाइक कैटेगरी में कुल्लू-मनाली से नीतीश और हैप्पी वर्मा ने ओवरऑल पोजीशन हासिल की और अन्य बाइकर्स में सोनम, सोनम रिगजिन टेढ़ी राणा और विजय कटोच सभी का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

**परेशानी** एमडीआर बनाने की अधिसूचना 3 साल से लटकी, निरमंड की 18 हजार आबादी को परेशानी

# लुहरी-नोर सड़क खस्ताहाल, दुर्घटनाओं का खतरा

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमंड उपमंडल में नोर-निथर-लुहरी सड़क मार्ग की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस सड़क को मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड (एमडीआर) बनाने की अधिसूचना तीन साल से ठंडे बस्ते में पड़ी है।

आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने इस मामले में राजनीतिकरण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह आनी विधानसभा क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रहे हैं। यह सड़क मार्ग कुल 65.765 किलोमीटर लंबा है। इसमें लुहरी से जाजर तक 10 किलोमीटर और जाजर से निथर-नोर तक 55.765 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। तंग मोड़ों और संकरे रास्तों के कारण यहां दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने जुलाई 2021 में निरमंड दौरे के दौरान इस सड़क को एमडीआर बनाने की घोषणा की थी।

मार्च-2022 में तत्कालीन भाजपा सरकार के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी देवाशीष पांडे ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी थी। इस सड़क के चौड़ीकरण से नोर, प्लेहि, सराहन, रहाणु, घाटू, लोट, दुराह, शिल्ली, देहरा, निथर, गमोग और कुठेढ़ पंचायतों की लगभग 18 हजार की आबादी को लाभ मिल सकता है, लेकिन अधिसूचना जारी होने के बाद भी न तो डीपीआर बनाने के आदेश जारी हुए और न ही कोई विकास कार्य शुरू हुआ। (अनंत ज्ञान)



> **हमें** अभी तक इस सड़क के एमडीआर के तहत डीपीआर बनाने को लेकर कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं फिर भी सड़क में सुरक्षा की दृष्टि से क्रैश बैरियर लगाए जा रहे हैं।
>
> **मनोज कुमार, अधिशाषी अभियंता, लोनिवि मंडल निरमंड।**

> **नोर** से लुहरी तक सड़क बेहद तंग है और अक्सर दुर्घनाएं घटती हैं। ऐसे में इस सड़क को एमडीआर बनाने को लेकर उदासीनता बरतने से लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आनी विधानसभा क्षेत्र के प्रति रवैया समझ आता है। इस मामले को केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रख जाएगा।
>
> **लोकेंद्र कुमार, विधायक, आनी विधानसभा क्षेत्र।**

> **पूर्व** भाजपा सरकार के दौरान आनन-फानन में कई सड़कों को एमडीआर घोषित किया गया है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नोर से लुहरी सड़क में क्रैश बैरियर लगाने, तंग मोड़ खोलने आदि को लेकर सरकार और पीडब्ल्यूडी मंत्री से मांग की जाएगी।
>
> **बुद्धि सिंह ठाकुर, पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, कुल्लू।**

## धूमधाम से मनाया छात्र संघ का वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की उझी घाटी छात्र संघ का वार्षिक समारोह कुल्लू लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में आयोजित हुआ, जिसमें बीर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उझी घाटी छात्र संघ के अध्यक्ष रोहित ठाकुर ने अपने तमाम कार्यकारिणी साथ मुख्यातिथि का कुल्लवी टोपी, मफलर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समारोह के दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हुए और कार्यक्रमों का जमकर लुत्फ उठाया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है और छात्रों को बुरी संगत से हमेशा दूर रहना चाहिए और जिस तरह आज अनेक युवा नशे के चंगुल में फसते जा रहे हैं, उस नशे के चंगुल से भी स्वयं को दूर रखना जरूरी है। उन्होंने उझी घाटी छात्र संघ का आभार जताया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उझी घाटी छात्र संघ के अध्यक्ष रोहित ठाकुर ने समारोह में पधारे सभी गणमान्य व्यक्तियों व उझी घाटी छात्र संघ का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया और समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# साहब! कछुआ गति से चल रहा रायसन में आरसीसी दीवार का कार्य

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू के रायसन में ब्यास नदी के किनारे आरसीसी दीवार का कार्य कछुआ गति से होने के कारण स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। रायसन में ब्यास नदी किनारे नौ करोड़ की लागत से 460 मीटर की आरसीसी सुरक्षा दीवार लगाई जा रही है।

यह कार्य फरवरी माह में शुरू किया गया है, लेकिन अभी तक केवल नाम मात्र ही कार्य हो पाया है। नदी के साथ गांव सटे होने के कारण यहां बरसात के दिनों में बाढ़ के कारण नुकसान होने का खतरा हमेशा बना रहता है। पिछली बार भी बाढ़ से यहां पर लोगों की जमीन को भी भारी नुकसान पहुंचा था। इस गांव के लोग बरसात में चैन से नहीं रह पाते हैं। कई बार ब्यास का जल स्तर बढ़ने से लोगों को अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित जगह जाना पड़ता है। इस गांव में अनेक घर हैं और सैकड़ों लोग रहते हैं, लेकिन गांव की सुरक्षा को लेकर ब्यास के पास लगाई जा रही सुरक्षा दीवार का कार्य धीमी गति से चलने के कारण लोगों को बरसात से पहले हो रही भारी बारिश से भी खतरा सताने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्यास नदी का जलस्तर अप्रैल माह से बढ़ जाएगा और कभी-कभी नदी अपना भयंकर रूप धारण कर लेती है, जिससे कार्य करना असंभव हो जाएगा। लोगों का कहना है कि पहले ब्यास नदी का रुख बीच से किया जाए, ताकि बस्ती को सुरक्षित किया जाए और आरसीसी दीवार लगाने का कार्य भी प्रभावित न हो। उधर, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता योगेश ठाकुर का कहना है कि ठेकेदार को मार्च माह तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन स्थानीय लोगों का मानना है कि जिस तरीके से कछुआ गति से कार्य हो रहा है, उस हिसाब से कार्य पूर्ण होना असंभव है। लोगों ने स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार से मांग की है कि विभाग को जल्द ही इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दें, ताकि बरसात में लोगों को दिक्कतें न झेलनी पड़ें। (अनंत ज्ञान)



### लोगों को बरसात से पहले ही सताने लगा खतरा, जल्द कार्य पूरा करवाने की गुहार

### नौ करोड़ से रायसन में ब्यास नदी किनारे बनाई जा रही आरसीसी सुरक्षा दीवार

## न्यूज ब्रीफ



रिकांगपिओ। सती देवी, वियोम, गीता राम व अनिल भाजपा कल्पा मंडल के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। यह नियुक्ति उनकी तत्काल प्रभाव से मानी जाएगी।

### सराहां बस स्टैंड में कैंटीन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सराहां।** एचआरटीसी के सराहां स्थित बस स्टैंड पर बनी नई दुकानों में से एक पर कैंटीन का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ तहसीलदार पच्छाद प्रवीण कुमार ने किया। इस कैंटीन के बस स्टैंड पर शुरू होने से न केवल स्टाफ, बल्कि यात्रियों को भी शुद्ध भोजन व जलपान प्राप्त होगा। जानकारी देते हुए कैंटीन के संचालक कपिल ने बताया कि उनका उद्देश्य सस्ते सरकारी रेट पर स्टाफ, यात्रियों व आम जनता को शुद्ध एवं शाकाहारी भोजन प्रदान करना है।

### 31.90 करोड़ में बिके सिरमौर के चार टोल बैरियर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उत्तराखंड और हरियाणा से सटे हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित चार टोल बैरियर की नीलामी नाहन में संपन्न हुई। राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने इस वर्ष नीलामी के लिए इन बैरियरों का आरक्षित मूल्य 31 करोड़ 70 लाख 46 हजार 525 रुपए निर्धारित किया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.50 अधिक था। नीलामी के दौरान ये बैरियर 31 करोड़ 90 लाख 25 हजार 950 रुपए में बेचे गए, जिससे सरकार को 19 लाख 79 हजार 425 रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। यह नीलामी ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में हुई, जिसमें साउथ जोन के अतिरिक्त आयुक्त विवेक कुमार ने कलेक्टर के रूप में अध्यक्षता की। जिला सिरमौर के कार्यवाहक उपायुक्त एलआर वर्मा प्रिजाइडिंग ऑफिसर और आब्जर्वर की भूमिका में थे।

### कसौली स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में वैज्ञानिकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों का वर्णन किया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मॉडल भी प्रदर्शित किए गए, जिनसे भविष्य में हमारे जीवन स्तर में सुधार हो सकता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी की कविताएं प्रस्तुत कर विज्ञान विषय की ओर सभी उपस्थित जनों का ध्यान आकर्षित किया।

### फिजियोथैरेपी व हाइड्रोथैरेपी केंद्रों का दौरा किया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एक समावेशी समारोह में, भारत भर के टॉप स्कूलों के प्रमुख शिक्षकों, काउंसलर और प्रिंसिपल, साथ ही शूलिनी यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों और छात्रों ने आईएमडीआरसी का दौरा किया। आईएमडीआरसी सोलन ने प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी की, जिसमें 30 काउंसलर और 5 प्रिंसिपल शामिल थे इसके लिए उन्हें सम्मान मिला। यह दौरा मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, एक दुर्लभ और विकलांगता पैदा करने वाली बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। प्रतिनिधिमंडल ने सुविधाओं का व्यापक दौरा किया, जिसमें हमारे मांसपेशी डिस्ट्रॉफी योद्धाओं की बहादुरी और लचीलापन को पहले हाथ से देखा। उन्होंने फिजियोथैरेपी और हाइड्रोथैरेपी केंद्रों का दौरा किया, और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी योद्धाओं के प्रेरक बयानों से गहराई से प्रभावित हुए।

### परवाणू में मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन पुलिस नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के युवा वर्ग विशेषतः छात्रों को नशे के चंगुल से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष मुहिम चलाई गई है। इस संदर्भ में जिला सोलन पुलिस द्वारा सभी स्टेकहोल्डर के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। इसी क्रम में ड्रग विभाग के साथ संयुक्त रूप से बैठकें की जा रही हैं, जो इसी कड़ी में पुलिस थाना परवाणू के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा ड्रग निरीक्षक के साथ संयुक्त रूप से परवाणू के क्षेत्राधिकार में चल रही दवाइयों की दुकानों व मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में रखी दवाइयों के अभिलेख व विशेषतय प्रतिबंधित दवाइयों के संदर्भ में गहनतापूर्वक निरिक्षण किया गया।

### हिमाचल प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ ने बहुभाषी कवि सम्मेलन का किया आयोजन

# हिंदी, पंजाबी, पहाड़ी, उर्दू भाषाओं में पढ़ीं रचनाएं

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के जिलापरिषद सभागार में रविवार को हिमाचल प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ ने बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें प्रदेश के अलावा प्रदेश के बाहर के कवियों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर बदलते सामाजिक परिवेश पर तीखे प्रहार किए। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता सोलन नगर परिषद के पूर्व चैयरमैन कुलराकेश पंत ने की।

इस अवसर पर भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर देश के जाने माने उर्दू शायर जाहिद अवरोल, हिमाचल प्रगतिशील लेखक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष गंगाराम राजी, हिमाचल प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव देवेंद्र धर, पंजाब प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष प्रो. सुरजीत सिंह जज, पंजाब से आए प्रो. अनिल पांडे, शशि पंडित ने बतौर विशेषातिथि शिरकत की। मंच का संचालन रोशन जसवाल ने किया।



#### इन कवियों ने भी पढ़ी रचनाएं

**अंजू** आनंद, सतीश रत्न अंजूम, एडवोकेट भूष सिंह रंजन, कुलदीप सिंह दीप, नरेश दयोग, एलपीयू के सहायक प्रोफेसर एमके शुक्ला, अर्की के कुलदीप गर्ग तरूण, शिमला के शायर सुमित राज, रमेश डढ़वाल, प्रो. रणजोध सिंह, डॉ. पवन शर्मा, सोलन के यशपाल कपूर, सुशील शर्मा, बबीता भारद्वाज, अतुल भारद्वाज, रवि जोशी, कसौली से आए अतुल कुमार, डॉ. अर्चना पंत, सुलोचना भारती व राशि भारद्वाज ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर जगदीश भारद्वाज, प्रो. टीडी वर्मा, डॉ. बीएस पंवार, सीताराम ठाकुर समेत अन्य मौजूद रहे।

#### बहुत कुछ कर रहे स्मार्ट लोग, यूं ही नहीं रची जाती एक अर्थपूर्ण कविता

**जाने-माने** उर्दू शायर जाहिद अवरोल ने फरमाया बात कहनी है तो फिर ठोक बजाकर कहिए, जिससे कहनी है, उसको ही सुनाकर कहिए। भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह सिरसा ने अपनी पंजाबी कविता लहू के घूट पढ़कर वाहवाही लूटी। आत्मा रंजन ने अपनी प्रसिद्ध कविता बहुत कुछ कर रहे हैं स्मार्ट लोग, पढ़ी। डॉ. जगदीश नेगी की गजल के बोल थे.. तू हरगिज मुझसे मायूसी की बातें न कर। मनमोहन सिंह दानिश की गजल की बानगी देखिए... बांध के सर पर कफन को मुस्कराना जानते हैं। डॉ. श्रीकांत अकेला ने कविता शीर्षक पर अपनी कविता पढ़ी... यूं ही नहीं रची जाती एक अर्थपूर्ण कविता। डॉ. नरेंद्र शर्मा ने झोला कविता के माध्यम से आज की राजनीति व्यवस्था पर प्रहार किया। पवन शर्मा ने कहा कि अच्छा हुआ यार पुराना अपना कर्ज उतार गया। सोलन के विद्वान व लेखक डॉ. प्रेमलाल गौतम ने संस्कृत भाषा में कविता पाठ कर तालियां बटोरी। नाहन से आए वरिष्ठ कवि चिरानंद शर्मा ने मैं पत्थर भी और पानी भी पेश कर वाहवाही लूटी। डॉ, कुल राजीव पंत ने पतीली शीर्षक पर कविता पाठ किया। सोलन के रामलाल राही ने पहाड़ी भाषा में कविता पाठ किया। स्नेहलता नेगी ने ऐ दोस्त तुम क्या जानो, कौमुदी ढल ने ऐसा हो आदमी, दीप्ति सारस्वत ने महानगर का नगर में प्रवेश, कविता और सुलोचना भारती ने गीत पेश कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की शुरूआत एलआर वर्मा और सुरेश वर्मा ने लोक कवि शमशेर के लोकगीत से की, जिसकी सभी ने सराहना की।

## निजी स्कूलों में गरीब छात्रों की फीस के लिए 5 .83 लाख रुपए जारी: राजीव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक राजीव ठाकुर ने सूचना जारी करते हुए अवगत करवाया कि जिला सिरमौर के मान्यता प्राप्त निजी पाठशालाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व अलाभित समूह के स्टूडेंट्स के प्रवेश व निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 5,83,296 रुपए की राशि फीस प्रतिपूर्ति के लिए जारी की गई है।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 6 पाठशालाओं के 11 स्टूडेंट्स को 1,91,100 रुपए की राशि पहली बार फीस प्रतिपूर्ति के लिए जारी की गई थी। वहीं, अब शैक्षणिक सत्र 2024-25 में यह राशि बढ़ाकर 11 पाठशालाओं के कुल 39 स्टूडेंट्स की फीस प्रतिपूर्ति के लिए 5,83,296 रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। जिले के सभी मान्यता प्राप्त निजी पाठशालाओं में प्रवेश के लिए गरीब स्टूडेंट्स की फीस प्रतिपूर्ति के लिए इस कार्यालय स्तर पर अथक प्रयास किए जा रहे हैं, जिस कारण जिला सिरमौर की

**गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों में प्रवेश के लिए जागरूक करें**

निजी पाठशालाओं में गरीब छात्रों को यह लाभ मिलना शुरू हो गया है। जिले के सभी निजी पाठशालाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वह सत्र 2025-26 में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पूर्व ही निहित प्रावधानों के अंतर्गत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों के प्रवेश के लिए इसे अपने प्रॉस्पेक्टस में भी शामिल करें तथा विभिन्न प्रचार माध्यमों से योजना को प्रचारित करें।

उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाएं तथा गरीब परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों में प्रवेश के लिए जागरूक करें। इसकी पात्रता के लिए नियमानुसार बीपीएल प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है व अधिक जानकारी के लिए पाठशाला प्रबंधन, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व जिला प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### भाजपा मंडल संगड़ाह की नई कार्यकारिणी का गठन

## सुंदर और सतीश बने महासचिव

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

भाजपा मंडल संगड़ाह की कार्यकारिणी का गठन हो गया है। मंडल अध्यक्ष बलबीर ठाकुर ने बताया कि नई कार्यकारिणी में सुनीता ठाकुर, राजेंद्र राणा, जगत शर्मा और अनिल कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि सुंदर शर्मा और सतीश ठाकुर को मंडल का महासचिव बनाया गया है।

बलबीर ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के अनुमोदन के बाद गठित मंडल की कार्यकारिणी में सुशील शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जबकि रणबीर सिंह, सरिता देवी, लेखराम, मलको देवी और चेत सिंह को मंडल सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही बलवीर सिंह को मीडिया प्रभारी, रमेश राणा को मंडल प्रवक्ता और इंदिरा शर्मा को कार्यालय सचिव बनाया गया है। बलवीर ठाकुर ने बताया कि गोविंद चंद्र को फिर से आईआईटी संयोजक और धर्म सिंह को सहसंयोजक तथा जयप्रकाश को सोशल मीडिया संयोजक बनाया गया है। श्याम राणा को सोशल मीडिया सहसंयोजक मनोनीत किया गया है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि गुमान सिंह, रेखा देवी, शारदा देवी, श्यामा ठाकुर, लक्ष्मी देवी, श्यामा देवी, अनीता देवी, शारदा देवी, सेना देवी, सुचिता, बालकृष्ण, ओमीचंद, इंद्र सिंह, बलबीर सिंह, जयप्रकाश, जसवंत सिंह, शमशेर सिंह, बलिंदर नेगी, कुला नंद, विपिन कुमार, दीप राम शर्मा, सुरेश कुमार, चंद्रसेन शर्मा, रणदीप सिंह, सुरेश कुमार, कुंदन सिंह, वीर सिंह, दीवान, सिंह ठाकुर, गीत राम, आत्माराम, मेलाराम और ब्रह्मानंद को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है इसके अतिरिक्त प्रताप तोमर, बलबीर ठाकुर, मेला राम शर्मा, सीमा कन्याल, मदन राणा, मेला राम ठाकुर, हीरा सिंह नेगी, सोम प्रकाश, देवेंद्र ठाकुर और हीरा सिंह को स्थायी आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि चेत सिंह ठाकुर, हीरापल शर्मा, बलबीर राणा, महेश जैन, वेद प्रकाश आदि को चुना गया।

## अवैध खनन करते पकड़े जेसीबी, टिप्पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस बद्दी के अंतर्गत वर्तमान चौक के पास बद्दी पुलिस ने एक जेसीबी और एक टिप्पर को अवैध खनन करते हुए पकड़ा और दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगामी जांच की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि पहले माइनिंग एक्ट और चोरी का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अब अवैध खनन कर रहे लोगों पर एनजीटी के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है और उसी के तहत आगामी जांच की जा रही है। जानकारी देते हुए एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली कि वर्तमान चौक पास में अवैध खनन किया जा रहा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची उन्होंने मौके से अवैध खनन कर रहे एक जेसीबी और एक टिप्पर को पकड़ा और कब्जे में लिया। अशोक वर्मा का कहना है कि पुलिस एनजीटी के नियमों अनुसार कार्रवाई कर रही है और उन्होंने सभी क्षेत्र के थाना प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं कि कहीं पर भी दिन हो या रात अगर अवैध खनन हो रहा है, तो मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की जाए।

## महामंत्री बने धर्मेंद्र और संजय मलिक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन भाजपा के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने संगठन में दो महामंत्रियों की तैनाती की है। शैलेंद्र ने बताया कि सोलन के रहने वाले धर्मेंद्र ठाकुर और संजय मलिक को मंडल महामंत्री नियुक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों भाजपा नेता संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

इसके अलावा दिनेश शुक्ला, कर्मचंद शर्मा, अनिल कुमार, शांता धीमान उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, रचित साहनी, राजु कुंदु, लविका, रेनु कलसी, कृष्ण ठाकुर सचिव, मीडिया प्रभारी बादल नाहर, कार्यालय सचिव जगदीश चंद गर्ग, आईटी संयोजक प्रीतम सिंह रणधावा, आईटी सहसंयोजक सुषमा कंसल, सोशल मीडिया संयोजक कमल शर्मा, सोशल मीडिया सहसंयोजक गौरव राजपूत को बनाया गया है।

### सीमा कश्यप को भाजपा ग्रामीण मंडल सचिव की कमान



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के सलोगड़ा की सीमा कश्यप को सोलन ग्रामीण मंडल की सचिव नियुक्त किया गया है। इससे पहले वह भाजपा महिला मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी एवं सोलन भाजपा मंडल से सचिव पद पर रह चुकी हैं एक बार फिर से भाजपा ने पुनः दूसरी बार सीमा कश्यप को सोलन ग्रामीण मंडल में सचिव नियुक्त किया है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### सुनील और विजय ठाकुर बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान, सलोगड़ा।** भारतीय जनता पार्टी सोलन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें दुर्गा दत्त, रीता कश्यप, जितेंदर शर्मा, भूपिंदर शर्मा को उपाध्यक्ष एवं सुनील ठाकुर, विजय ठाकुर को महामंत्री और बलबीर ठाकुर को कोषाध्यक्ष एवं सीमा कश्यप, विनोद चौधरी, कुलदीप सिंह, रेनू, अनीता को सचिव बनाया गया। वहीं, मनोज शर्मा को मीडिया प्रभारी और सुनील ठाकुर को प्रवक्ता और शकुंतला राणा को कार्यालय सचिव एवं अनिल कुमार को आईटी संयोजक एवं मनीष कुमार को आईटी सहसंयोजक एवं कुलदीप सिंह को सोशल मीडिया संयोजक एवं निखिल मेहता को सोशल मीडिया सहसंयोजक बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में शुभम शर्मा, लाली कुमार, नरेंदर सिंह, राजिंदर सिंह, सुषमा वर्मा, विशेश्वर ठाकुर, सावित्री कौंडल, गणेश दत्त शर्मा, कैलाश वर्मा, ललिता, कृष्ण लाल, मीरा शर्मा, ईश्वर सिंह, तारा दत्त, अरुण कुमार, देविंदर ठाकुर, राकेश ठाकुर, हेमंत ठाकुर, कौशल्या देवी, विजय सिंह, शैलेंदर शर्मा, किरण शर्मा, सुषमा ठाकुर, आशा देवी विशेष आमंत्रित सदस्य कुमारी शीला आदि को चुना गया।

## उद्योग मंत्री ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन के प्रतिभागियों को नवाजा



**अनंत ज्ञान, सोलन**

उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चैहान ने नाहन के माता पद्मावती नर्सिंग कॉलेज में समग्र शिक्षा, डाइट सिरमौर के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक सम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि सिरकत की, जिसमें हिमाचल के समस्त जिलों की 12 डाइट टीमों के लगभग 350 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोल रही है। इस अवसर पर स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि ने विजेता रही डाइट टीमों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप, रमेश देसाई निदेशक एचपीएसआईडीसी उद्योग विभाग, भारत भूषण मोहिल निदेशक हिप्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक आदि मौजूद रहे।

## चायल की 8 पंचायतों को टीसीपी से बाहर करने का मामला कैबिनेट में उठाया जाएगा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

कंडाघाट उपमंडल के चायल क्षेत्र की आठ ग्रामीण पंचायतों को जिला शिकायत निवारण समिति सोलन की बैठक में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एरिया से बाहर करने का मामला प्रदेश कैबिनेट में उठाने का आश्वासन दिया है। पिछले करीब सात-आठ सालों से ग्रामीण पंचायतें अपने क्षेत्र को टीसीपी प्लानिंग एरिया से बाहर करने की मांग करती आ रही हैं। इसकी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

विगत दिन जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में सदस्य प्रेम कश्यप ने एक मद के तहत मामला उठाया। इसमें कहा गया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन में चायल क्षेत्र की आठ पंचायतों को प्लानिंग एरिया में शामिल कर इनमें टीसीपी लगाया गया है। यह सभी पंचायतें ठेठ ग्रामीण हैं। कई पंचायतों में आजादी से आज तक 77 सालों में बस योग्य सड़क, नहीं, डाकघर जैसी आधारभूत सुविधा नहीं। इनमें शहरी टीसीपी को लागू करना सरासर अन्याय है। इसको समूचे क्षेत्र के लोग स्वीकार नहीं कर सकते। इसका जवाब देते हुए डीसी और मंत्री डॉ. कर्नल



धनीराम शांडिल ने कहा कि इस क्षेत्र को टीसीपी प्लानिंग क्षेत्र से बाहर करने का मामला प्रदेश मंत्रिमंडल में रखा जाएगा। इसके फैसले के बाद क्षेत्र को टीसीपी से बाहर किया जा सकता है। बैठक में सदस्य ने आरोप लगाया कि टीसीपी लगाते समय क्षेत्र की पंचायतों को गुमराह किया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन को विकास परियोजना की तरह प्रस्तुत किया गया। पंचायतों की ग्राम सभाओं से शेल्फ पास कर योजनाएं ली गई। शेल्फ को खटाई में डाला गया और वित्तीय अनियमितताओं में मनमर्जी की योजनाओं में पैसा लगाया गया।

## माजरा बाजार में बने शौचालय की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** माजरा बाजार में बने सार्वजनिक शौचालय की हालत खराब बनी हुई है।

इस शौचालय की दो बार मरम्मत करवाई जा चुकी है, जबकि महिला शौचालय में अब तक दरवाजा तक नहीं है और यह सार्वजनिक शौचालय में बाजार माजरा में बना है और बाजार में आने वाले बाहर के लोगों के लिए एकमात्र यही एक शौचालय है। इस शौचालय के बाहर गंदगी व बदबू की वजह से सड़क पर क्रॉस करना भी मुश्किल होता है। इस शौचालय की देखभाल व मरम्मत पूरी तरह से नहीं की जाती, इसके लिए मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था ने प्रशासन से आग्रह किया कि इसकी कमियों को पूरा कर इसके रखरखरखाव व सफाई की जिम्मेदारी पंचायत को दी जाए साथ ही वहां पर कूड़ा गिराने वालों पर जुर्माना लगाया जाए।

## सरकारी खजाना खाली करने के बाद सरकार की नजर मंदिरों पर: रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने 2 वर्ष के कार्यकाल में ही सरकारी खजाना खाली कर दिया है, जबकि उन्होंने इस कार्यकाल के दौरान तीस हजार करोड़ रुपए का कर्ज भी लिया है।



उसके उपरांत भी प्रदेश सरकार का खजाना खाली बता रहे हैं और अब प्रदेश के मंदिरों का पैसा सरकार के खजाने में जमा करवाने के लिए कह रहे हैं। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री से जानना चाहती है कि आपने तीस हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेकर कहां डाला है, जबकि प्रदेश में सारे विकास कार्य बंद पड़े हैं। रावत ने

**सुक्खू ने अपने 2 वर्ष के कार्यकाल में ही सरकारी खजाना कर दिया खाली**

मुख्यमंत्री को याद दिलाते हुए बताया कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान मीडिया को बयान दिया था कि हमने हिमाचल विधानसभा चुनाव में 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराया है। आपने ऐसा बयान देकर प्रदेश के देवी-देवताओं का अपमान किया है और आज आप उन्हीं देवी-देवताओं के मंदिरों के पैसे मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना एवं मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना चलाने के लिए मांग रहे हैं। रावत ने मुख्यमंत्री से सवाल करते हुए पूछा कि आपको सिर्फ प्रदेश के मंदिरों का ही पैसा दिखाई दे रहा है मस्जिदों का नहीं।

**आयोजन** देविंदर शर्मा ने प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने में नौणी विश्वविद्यालय के काम की सराहना की

# उचित मूल्य निर्धारण से अन्नदाता का स्वास्थ्य सुनिश्चित करें

**अनंत ज्ञान, सोलन**

खाद्य प्रणालियों को बदलने और कृषि पारिस्थितिकी-प्रणालीगत परिवर्तन के लिए एकीकरण पर उत्तरी क्षेत्र के लिए एक सहयोगी सम्मेलन नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

कंसोर्टियम फॉर एग्रोइकोलॉजिकल ट्रांसफॉर्मेशन नॉर्थ चैप्टर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इसका लक्ष्य भारत के कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को बदलने के लिए एक साझा दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य एजेंडा का सह-निर्माण करना है। प्रणालीगत अंतर्संबंधों की आवश्यकता पर जोर देते हुए, यह आयोजन अनुसंधान, नीति, बाजार, जमीनी स्तर पर हस्तक्षेप, प्रौद्योगिकी, मशीनीकरण, निवेश, उद्यम, मूल्य श्रृंखला विकास,



पर्यावरणीय स्थिरता, स्वास्थ्य और पोषण सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर प्रकाश डालेगा। नागरिक समाज संगठनों, शोधकर्ताओं, थिंक टैंक, फंडर्स और सरकारी निकायों से उपस्थित प्रतिभागियों के विविध समूह ने कृषि पारिस्थितिकी के लिए एक राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आकार देने में हितधारकों की भूमिकाओं को एकीकृत समझ बनाने के लिए चर्चा में भाग ले रहे हैं। मुख्य भाषण में प्रसिद्ध खाद्य नीति विशेषज्ञ देविंदर शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षित, स्वस्थ भोजन की बढ़ती वैश्विक मांग को केवल उन कृषि प्रथाओं के माध्यम से पूरा किया जा सकता है, जो हानिकारक रासायनिक आदानों का इस्तेमाल नहीं करती हो क्योंकि रासायनिक आदानों से काफी पर्यावरणीय और सामाजिक नुकसान हो चुका है। शर्मा ने रसायन-सघन खेती से कृषि-पारिस्थितिकी प्रणालियों की ओर बदलाव के महत्व पर जोर दिया, जिससे सभी को विशेषकर मानव स्वास्थ्य को लाभ हो। मूल्य संवर्धन के संबंध में, शर्मा ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे सिर्फ शब्द से प्रभावित न हों, बल्कि यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करें कि अतिरिक्त मूल्य से किसानों को वास्तव में कितना लाभ हुआ है। उन्होंने स्टार्टअप और किसान उत्पादक संगठनों को यह सुनिश्चित करने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया कि उनके द्वारा कृषि उपज की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर न हो। प्राकृतिक कृषि पर शर्मा ने कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं विशेष रूप से प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ाने में विश्वविद्यालय के काम की सराहना की।

### वानिकी कॉलेज ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मूल विज्ञान विभाग ने कई मुख्य व्याख्यानों और प्रतियोगिताओं के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में वानिकी कॉलेज के डीन डॉ. सीएल ठाकुर मुख्यातिथि रहे, जबकि पूर्व आईएएस अधिकारी सीएस तलवार, विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण के पूर्व डीन डॉ. केके रैना और विशाल जैन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के विषय पर विस्तार से बताया। विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना विषय पर मुख्य भाषण में तलवार ने छात्रों को विज्ञान की दुनिया का पता लगाने, महान भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान का सम्मान करने और नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। अन्य वक्ताओं ने प्राचीन भारतीय संस्कृति की महान विरासत पर प्रकाश डाला, जो वैज्ञानिक नवाचारों और खोजों को बढ़ावा देती है। डॉ. सीएल ने भारत के प्राचीन ऋषियों के प्रयासों और योगदान की सराहना की, जो वैज्ञानिक स्वभाव और आध्यात्मिक जांच के महान समर्थक थे। समारोह में छात्रों को विशेष रूप से वैज्ञानिक शिक्षा और नवाचार में संलग्न करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 50 नामांकित छात्रों सहित कुल 96 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने क्विज और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

### कोटला बड़ोग स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा व नियमों के प्रति किया जागरूक

# चित्रकला प्रतियोगिता में रिद्धिमा प्रथम



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बड़ोग में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा जागरूकता अभियान के तहत उपनिरीक्षक राजेश कंवर पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के नियमों पर व्याख्यान दिया गया।

उन्होंने अपने व्याख्यान में सभी छात्र-छात्राओं को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया तथा सभी से आग्रह किया कि वह यातायात से संबंधित नियमों का पालन कर अपने और दूसरों के कीमती जीवन को बचाएं अपने व्याख्यान में उन्होंने सभी स्टूडेंट्स से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। आज का युवा देश के दलदल में फसता जा रहा है। हमें इस बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी छात्रों से आग्रह किया कि वह हर तरह के नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों को भी दूर रखें और यदि कोई उनको नशे के लिए प्रेरित करता है, तो उसकी खबर पुलिस को प्रदान करें उनके साथ इस आयोजन में हवलदार विकास ठाकुर भी साथ रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रिद्धिमा प्रथम, आकर्ष द्वितीय और मनीषा तृतीय और लेखन प्रतियोगिता में अक्षिता प्रथम, अवियांश द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज मनोज कुमार चंदेल, अध्यापकों में जय सिंह, तुषार, सतीश कुमार, निशा देवी, रामादेवी, अंजना और वनिता भी मौजूद रहे। इस आयोजन में लगभग 110 बच्चों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### जनरल हाउस की बैठक में लिए महत्वपूर्ण फैसले



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिमाचल महासभा पंजीकृत चंडीगढ़ द्वारा सैनी भवन सेक्टर 24 सी चंडीगढ़ में जनरल हाउस एवं मासिक बैठक सभा के अध्यक्ष पृथी सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर फैसला लिया गया। वैसे तो सभा की मासिक बैठक महीने के पहले रविवार को होती है और उसमें सिर्फ सभा की कार्यकारिणी सदस्य ही भाग लेते हैं, लेकिन हर तीसरे महीने जनरल हाउस किया जाता है, जिसमें सभा के सभी सदस्यों को निमंत्रण दिया जाता है, जो भी सभा का सदस्य अपना कोई विचार इसमें रखना चाहता है वह रख सकता है। इसमें सभा द्वारा किए गए कार्यों का लेखा-जोखा भी दिया जाता है। सबसे पहले सभा द्वारा 6 अप्रैल को विक्रमी संवत एवं नए साल के कैलेंडर का विमोचन सेक्टर 29 श्री बाबा बालक नाथ जी के मंदिर में किया जाएगा दूसरा 11 अप्रैल हिमाचल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रजापति द्वारा कार्यकारिणी में पांच नए सदस्य शामिल किए, जिसमें अरविंद मोदगिल (अधिवक्ता) पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट एवं अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद महानगर चंडीगढ़, रणजीत सिंह ठाकुर, मनोहर लाल धीमान, नंदलाल, रेखा शर्मा एवं रजनी ठाकुर हैं।

### संजीव बने व्यापार मंडल के नए अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ सर्वसंघ सेवा मंडल रजिस्टर चंडीगढ़ की जनरल बैठक रविवार को सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 42 चंडीगढ़ में प्रधान तरसेम शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बाबा जी की 22वीं विशाल शोभायात्रा 22 मार्च शनिवार दोपहर 12.15 बजे निकाली जाएगी।

### नारायण सेवा संस्थान ने लगाया निशुल्क शिविर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के तत्वावधान में रविवार को चंडीगढ़ के कम्युनिटी सैंटर, सेक्टर- 49 सी में निशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व कैलिपर्स माप कैंप आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि भाजपा वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल सहप्रभारी संजय टंडन और बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन शिप्रा बंसल, पार्षद राजेंद्र शर्मा व संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संस्थान के सदस्य हरबन लाल छाबड़ा, रामकृष्ण शर्मा, रामगोपाल यादव,



किरण सिंघल, एससी अग्रवाल, सुभाष गर्ग आदि मौजूद थे। समारोह में संजय टंडन ने कहा कि संस्थान की सेवाएं जानकर भावुक हूं, जो स्वयं से ऊपर उठकर समाज और देश की भलाई के लिए लगते हैं। उन्होंने दिव्यांगों की प्रगति में नारायण सेवा संस्थान को अपनी ओर से 1 लाख रुपए का अनुदान देने के साथ भविष्य में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। चेयरपर्सन शिप्रा बंसल ने कहा संस्थान दिव्यांग बालक बालिकाओं को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो काम 40 साल से कर रही हैं, यह बड़ी साधना और समर्पण है। दिव्यांगों के उत्थान और उन्नति के लिए हम भरसक सेवा देंगे। आने वाले शिविरों में हम जुड़कर मानव सेवा करेंगे। विजिट के दौरान मुख्य अतिथि संजय टंडन और शिप्रा बंसल ने शिविर में आये दिव्यांगों की आप बीती सुनी और डॉक्टर और तकनीकी टीम से लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया भी जानी। शिविर के दौरान 10 दिव्यांगों को व्हील चेयर भी वितरित की गई।

### मणिपुर के लोगों ने सरेंडर किए 42 हथियार



**इंफाल।** हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद हालात अब सुधरने लगे हैं। पांच जिलों में लोगों ने 42 हथियार और कारतूसों को सरेंडर किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम और पूर्व, चुराचांदपुर, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग जिलों में इन हथियारों को जमा कराया है। सुरक्षाबलों ने दो स्थानों पर पांच अवैध बंकरों को भी ध्वस्त किया है। बिष्णुपुर जिले में दो पिस्तौल, छह ग्रेनेड और 75 से अधिक कारतूसों समेत 5 आग्नेयास्त्रों और तामेंगलोंग जिले के कैमाई पुलिस स्टेशन में 17 देशी बंदूक, 9 पोम्पी और कारतूसों को सरेंडर किया गया है। पोरोमपट, चुराचांदपुर और लामसांग पुलिस थानों में 10 आग्नेयास्त्रों और कारतूसों को सरेंडर किया है। सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के मार्क हिल में दो अवैध बंकरों को ध्वस्त किया है। वाकन पहाड़ी रेंज में भी तीन अन्य अवैध बंकरों को नष्ट किया गया है।

### सांबा में जंग लगी टैंक रोधी बारूदी सुरंग मिली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में जंग लगी एक टैंक रोधी बारूदी सुरंग मिली, जिसे बम निरोधक दस्ते ने नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सीमा चौकी तंवर के निकट कमोर गांव में एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के दौरान इस बारूदी सुरंग को देखा इसके बाद पुलिस ने बम निरोधक दस्ते को बुलाया और नियंत्रित विस्फोट से बारूदी सुरंग को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

### बीकानेर में भीषण सड़क हादसा, 4 युवकों की मौत



**बीकानेर।** बीकानेर में एक भीषण सड़क हादसे ने चार परिवारों की खुशियां छीन लीं। यह हादसा नाल थाना इलाके में एनएच-11 (जैसलमेर रोड) पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चारों युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद स्कॉर्पियो ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक को गंभीर हालत में बीकानेर के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# प्रधानमंत्री के विजन 2047 के लक्ष्य में सहभागी बन रही प्रदेश सरकार

## सीएम सैनी बोले-सजगता से जनसेवा की दिशा में कार्य कर रही सरकार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के विजन 2047 को सामने रखते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार आगे बढ़ रही है। आमजन को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में जहां शहरी निकाय की अहम भूमिका है वहीं जनहितकारी योजनाओं को लागू करने में सरकार अपनी जिम्मेदारी प्रभावी रूप से निभा रही है। मुख्यमंत्री रविवार को फरीदाबाद में आयोजित एक समारोह में शामिल होने से पूर्व सेक्टर-12 में बने हैलीपैड पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन सरकार लोगों के विकास में लगी है। अब छोटी सरकार बनने के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार अधिक ताकत के साथ लोगों की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विकास कार्यों को और अधिक तीव्र गति से आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी 12 मार्च को जब निकाय चुनाव के परिणाम आएंगे तो सभी स्थानों पर भाजपा के उम्मीदवार बड़े अंतर से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि यह छोटी सरकार है, जो सीधे रूप से जनता से जुड़ी समस्याओं का निपटारा करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने सभी वायदे तथा वर्ष 2014 व वर्ष 2019 के चुनावी संकल्प पत्र के वायदों को पूरा किया है और अब निकाय चुनाव के लिए तैयार संकल्प पत्र में 21 वायदे किए थे और इन सभी वायदों को भी आगामी दिनों में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गारंटी के तहत इन वायदों को पूरा कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश में बड़े स्तर पर बदलाव हुए हैं और देश तेज गति से तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को जनता के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### भारत की समृद्ध परंपरा और संस्कृति बनेगी 'विकसित भारत' की पहचान : मुख्यमंत्री



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भारत पूरी दुनिया को शांति का मार्ग दिखा रहा है। चाहे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति हो, पर्यावरण संरक्षण हो या वैश्विक महामारी से लड़ने का संकल्प, भारत ने हमेशा मानवता की भलाई के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत की यही परंपरा और संस्कृति 'विकसित भारत' की पहचान होगी। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर 39 स्थित अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा नवनिर्मित विश्व शांति केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्व शांति केंद्र का उद्घाटन भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की महान संस्कृति और परंपरा ने हमेशा शांति, सहिष्णुता और सद्भाव का संदेश दिया है।

# सांसद मनीष तिवारी ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने रविवार को मनीमाजरा के मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित जनता दरबार में भाग लिया, जहां उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की और पार्षद दर्शना रानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस जनता दरबार का आयोजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत ढिल्लों, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गाबा, नरेंद्र सिंह नंदी, केआर महाजन, मनप्रीत सेठी द्वारा किया गया। तिवारी ने मनीमाजरा की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपने सांसद निधि से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मनीमाजरा में 24 घंटे पानी की आपूर्ति का उद्घाटन एक केंद्रीय मंत्री द्वारा किया गया था, लेकिन यह वादा झूठा निकला। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत तीन बार पाइपलाइन डाली जा चुकी है, लेकिन पानी की आपूर्ति सिर्फ 3-4 घंटे ही हो रही है। जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल किया तो जवाब मिला कि अभी ट्रायल चल रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पर 500 करोड़ का कर्ज लाद दिया गया, जिससे प्रॉपर्टी टैक्स और सीवरेज सेस बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है और जनता को गुमराह करती है। उन्होंने सांसद मनीष तिवारी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे चंडीगढ़ की जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मेयर गुरचरण दास काला, पूर्व मेयर सुरेंद्र सिंह, पूर्व मेयर रवींद्र पाली, प्रदेश कांग्रेस सचिव संजय भजनी, पवन दिवान, गुरविंद्र सिंह बराड़ आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री धामी ने आपदा प्रबंधन के कार्यों का लिया अपडेट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार प्रातः राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचे और चमोली में हुई आपदा के सर्च एवं रेस्क्यू अभियान का अपडेट लिया। उन्होंने घटनास्थल पर सर्च और रेस्क्यू अभियान में लगे हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेस्क्यू किए गए 46 लोगों को समुचित चिकित्सा के लिए हायर सेंटर रेफर करें। मृतकों को समुचित औपचारिकता पूर्ण करते हुए उनके परिजनों को सुपुर्द करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने अब तक मिसिंग चार लोगों के सर्च और रेस्क्यू अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। रेस्क्यू अभियान में रडार और थर्मल इमेजिंग जैसे अत्याधुनिक उपकरणों की भी मदद ली जा रही है। सेना, आईटीबीपी, वायु सेना, एसडीआरएफ, बीआरओ, आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पूर्ति विभाग इत्यादि सभी विभाग बेहतर समन्वय से अपना सहयोग दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जहां-जहां सड़क और संचार कनेक्टिविटी बाधित हो चुकी है उसको तत्काल बहाल किया जाए। आगामी 3 मार्च को मौसम विभाग के हायर अलर्ट को देखते हुए ऊंचाई वाले स्थानों पर रहने वाले लोगों को इसकी पहले से ही जानकारी देने तथा स्थानीय स्तर पर सभी तरह की पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि जहां पर भी सड़क कनेक्टिविटी बाधित हैं उसको तत्काल बहाल करें।

# मोदी सरकार ने देश का चहुंमुखी विकास किया : टंडन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

स्थानीय निवासियों को आए दिन आ रही विभिन्न समस्याओं की सुनवाई को लेकर नव युवक एकता संगठन द्वारा स्माल फ्लैट मलोया में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने मुख्य रूप से भाग लिया और जनता की समस्याओं को सुना।

जनता की समस्याओं को सुनने के उपरांत संजय टंडन ने कहा कि मलोया कालोनी में बने स्माल फ्लैट में रहने वाले लोगों की सभी समस्याओं को लेकर वे संबंधित प्रशासन और नगर निगम के आला अधिकारीयों के साथ बातचीत करेंगे और उनको हल करवाने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में लोगों की समस्याओं को हल करवाने में भारतीय जनता पार्टी उनके साथ है और रहेगी। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। मोदी की गारंटी मतलब शत प्रतिशत गारंटी।

इस मौके पर शशिशंकर तिवारी प्रदेश सचिव भाजपा, अमित खैरवाल प्रधान एससी सेल भाजपा, ओमप्रकाश सैनी, सुरेश कुमार, सरिता देवी, वीरेंदर यादव, अभिमान यादव, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों की सहायता करना ही सबसे बड़ा पुण्य : संजय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** देश में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हम सभी को अपने हाथ आगे बढ़ाना चाहिए और विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से समाज के प्रति अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए अपनी कमाई में से कुछ हिस्सा निकाल कर समाज सेवा में लगाना चाहिए। वास्तव में इस से बड़ा पुण्य का कोई और कार्य नहीं और आप को इस से आत्मिक संतुष्टि भी प्राप्त होगी। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने नारायण सेवा संस्थान द्वारा सेक्टर 49 में दिव्यांगों के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। टंडन ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने संस्थान को एक लाख रुपए की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की।



## देश-विदेश

# राहुल गांधी ने केरल के नेताओं में भरा जोश, बोले-सभी एकजुट हैं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** सांसद शशि थरूर की हालिया टिप्पणी पर उठे विवाद के बाद राहुल गांधी ने केरल के नेताओं में जोश भरा। राहुल ने रविवार को कहा कि केरल कांग्रेस के नेता एक हैं। वे आगे के उद्देश्य को लेकर एकजुट हैं। कांग्रेस के नेताओं ने शुक्रवार को पार्टी की रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए इंदिरा भवन में केरल के नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया था।

इसके बाद राहुल गांधी ने फेसबुक पर लिखा कि वे एक साथ खड़े हैं। आगे के उद्देश्य की रोशनी के लिए एकजुट हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में हैशटैग टीम केरल भी लिखा। कांग्रेस के इंदिरा भवन मुख्यालय में करीब तीन घंटे तक चली बैठक में अनुशासन, एकता और राज्य संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई थी। बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति को लेकर बहुत सावधान रहना चाहिए। साथ ही पार्टी लाइन से हटकर कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुशासन, एकता और पार्टी की केरल इकाई को मजबूत करने के लिए रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया था। बैठक में एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, केरल कांग्रेस प्रमुख के सुधाकरन, केरल विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता वीडी सतीसन, तिरुवनंतपुरम सांसद थरूर और केरल की एआईसीसी प्रभारी दीपा दासमुंशी समेत अन्य मौजूद थे।

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान ने वैश्विक मदद मांगी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका से लोकतंत्र, मानवाधिकारों और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अपील की है। 'टाइम' पत्रिका में खान के नाम से प्रकाशित एक लेख में नेता ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी 'राजनीतिक वापसी' के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका आर्थिक साझेदारी एवं स्थिरता को प्रोत्साहित करने और संघर्ष एवं उग्रवाद को बढ़ावा देने वाली स्थितियों को रोकने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करेगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह लेख वास्तव में खान ने लिखा है या नहीं और इसे पत्रिका तक कैसे पहुंचाया गया।

# इसराइल ने गाजा पट्टी में राहत सामग्री की आपूर्ति और सहायता पर लगाई रोक

**एजेंसी, तेल अवीव**



**इसराइल** ने रविवार को गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे 'अतिरिक्त परिणाम' भुगतने होंगे।

हमास ने इसराइल पर नाजुक संघर्ष विराम समझौते को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सहायता बंद करने का उसका फैसला 'जबरन वसूली का घटिया हथकंडा, युद्ध अपराध और (संघर्ष विराम) समझौते पर हमला है।' इसराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। इसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है, जिसमें इसराइल के अपनी सेना वापस बुलाने और स्थायी युद्धविराम के बदले में हमास दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करेगा। इसराइली अधिकारी ने बताया कि सहायता निलंबित करने का निर्णय ट्रंप प्रशासन के समन्वय से लिया गया है।

# अमेरिक का लैंडर 'बलू घोस्ट' चंद्रमा पर उतरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**अमेरिकी** की कंपनी का अंतरिक्ष यान रविवार को चांद पर उतरा और यह अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए प्रयोग किए। फायरफ्लाई एयरोस्पेस का 'ब्लू घोस्ट' लैंडर स्वचालित रूप से चंद्रमा की कक्षा से उतरा, जिसका लक्ष्य चंद्रमा के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित प्रभाव बेसिन में स्थित प्राचीन ज्वालामुखी गुंबद की ढलानों पर पहुंचना था। कंपनी के मिशन कंट्रोल ने बताया कि हम चांद पर हैं। साथ ही उसने बताया कि लैंडर की स्थिति स्थिर है। टेक्सास स्थित कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस ने इस अंतरिक्ष यान को विकसित किया है। एक दशक पहले स्थापित स्टार्टअप फायरफ्लाई को एक सहज, सीधी लैंडिंग ने ऐसा पहला निजी संगठन बना दिया है, जिसने अंतरिक्ष यान को चंद्रमा पर उतारा है।

# पिछले दशक में भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था रहा : धनखड़

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश ने पिछले एक दशक में तेज आर्थिक वृद्धि दर्ज की है और इस दौरान यह सबसे तेजी आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। उपराष्ट्रपति ने भारतीय विचार केंद्र की ओर से आयोजित चौथे 'पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान' में कहा कि 1989 में जब वह सांसद थे और 1991 में जब वह केंद्रीय मंत्री थे, तब 'माहौल हमें प्रेरित नहीं करता था।'

उन्होंने कहा कि अब हमारा भारत सकारात्मकता और संभावनाओं से भरा हुआ है। यह आशा और आकांक्षाओं से भरा है। हर तरफ और हर जगह हम आशा और संभावनाओं का पारिस्थितिकी तंत्र देख सकते हैं। भारत ने पिछले एक दशक में तेजी से आर्थिक उछाल देखा है।

# विदेशी नहीं, घरेलू निवेशक तय करेंगे भारत का भविष्य : गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशकों के बजाय घरेलू निवेशकों के योगदान से तय होगा। उन्होंने इंडस्ट्री से अपील की कि वे छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और बाजार में अनावश्यक उतार-चढ़ाव को कम करने पर ध्यान दें।

मुंबई में आयोजित एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां वर्तमान में 70 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई हैं और जल्द ही यह 100 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर सकती है। उन्होंने इसे भारतीय शेयर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव बताया, जिससे घरेलू निवेशकों का प्रभाव और अधिक बढ़ेगा। गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया है और देशभर में निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाया है। उन्होंने यह भी सराहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, जब विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकाला, तब घरेलू निवेशकों ने बाजार को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ब्रिटेन-फ्रांस और यूक्रेन युद्धविराम योजना पर काम करने को सहमत

**लंदन।** ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। यह प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के ब्रिटेन दौरे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इसकी जानकारी दी है। स्टार्मर ने लंदन में यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट बुलाई है। जेलेंस्की इस बैठक में शामिल होंगे। बैठक से पहले स्टार्मर ने कहा कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति से जेलेंस्की की बहस के बाद चारों देशों के नेताओं की बातचीत में इस प्लान का जिक्र हुआ। स्टार्मर ने कहा कि उन्हें यकीन है ट्रंप यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि यह प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा। जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की का गले लगाकर स्वागत किया। सड़कों पर लोगों ने जोरदार नारों के साथ जेलेंस्की का स्वागत किया गया। स्टार्मर ने जेलेंस्की से कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है। हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए।

# डोनाल्ड ट्रंप के रिसॉर्ट के पास प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में 3 विमानों की एंट्री से हड़कंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा रिसॉर्ट मार-ए-लागो के ऊपर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का मामला सामने आया है। तीन नागरिक विमानों ने एयर स्पेस का उल्लंघन किया, जिन्हें एफ-16 लड़ाकू विमानों कथित तौर क्षेत्र से बाहर किया। हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के कारण उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान (एनओआरएडी) ने तुरंत लड़ाकू विमानों को सिविलियन एयरक्राफ्ट्स को क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए भेजा। यह घटनाएं सुबह सामने आईं। हालांकि, हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। इस तरह के उल्लंघन की यह पहली घटना नहीं है, क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में ऐसी घटनाएं अक्सर रिपोर्ट की गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हवाई क्षेत्र उल्लंघन इस क्षेत्र में एक पैटर्न बन गए हैं। कई महत्वपूर्ण तिथियों के आसपास उल्लंघन हुए। उदाहरण के लिए, 15 फरवरी को दो उल्लंघन की सूचना मिली, और एक अन्य उल्लंघन 17 फरवरी को राष्ट्रपति दिवस पर हुआ। एनओआरएडी ने इन उल्लंघनों के लिए हुए लड़ाकू विमानों को तैनात किया, जिसमें फ्लेयर्स का इस्तेमाल किया गया।

### उरुग्वे के नए राष्ट्रपति यामंडु ओरसी ने पदभार संभाला

**मोंटेवीडियो (उरुग्वे)।** दक्षिण अमेरिकी देश उरुग्वे के नए राष्ट्रपति यामंडु ओरसी ने पदभार संभाल लिया। वामपंथी नेता, पूर्व मेयर और इतिहास के शिक्षक रहे ओरसी (57) की सरकार ने आर्थिक स्थिरता को खत्म करके सामाजिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने निवर्तमान कंजरवेटिव राष्ट्रपति लुइस लैकेल पोउ की जगह ली है, जिनके पांच वर्ष के कार्यकाल में देश में कई मोर्चों पर समस्याएं देखी गई थीं। उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो में शनिवार को जब ओर्सी ने शपथ ली तो शहर के मुख्य चौराहे पर और अन्य जगहों पर उनके शपथ ग्रहण समारोह को देख रहे हजारों उरुग्वेवासियों ने उनके समर्थन में नारे लगाए। ओरसी को तीन महीने पहले हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत मिली थी। ओरेसी ने कहा कि हम सभी अच्छी तरह जानते हैं कि हमें ऐसे समय में अपने लोकतंत्र को संजोकर रखना होगा, जब पारंपरिक राजनीति में अविश्वास बढ़ता हुआ दिख रहा है।



## स्पोर्ट्स विंडो

अस्मिता नौकायन लीग

### कोचिन क्वींस ओवरऑल चैंपियन हैदराबाद अंडर-17 में अव्वल

**हैदराबाद।** कोचिन क्वींस ने पहली अस्मिता नौकायन लीग में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीत लिया है। केरल की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। मेजबान हैदराबाद क्वींस चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रही। अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में 20 स्पर्धाओं में आठ टीमें खिताब की दौड़ में थी । कोचिन क्वींस ने अंडर 23 वर्ग में पांच में से चार स्पर्धाएं जीती। वहीं हैदराबाद क्वींस ने अंडर 19 खिताब और पांच में से तीन स्पर्धायें जीतीं । यह देश की पहली नौकायन लीग थी, जिसमें टीमों के नाम शहरों के नाम पर थे । अन्य टीमों में चेन्नई रानीस, डेक्कन क्वीन, पुणे, भोपाल वेव्स क्वीन, कटक रोइंग, लुधियाना टीम रोइंग और कोलकाता आर ओर्स थी।

### प्राग मास्टर्स: केमेर को हराकर प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अरविंद चिदंबरम के साथ शीर्ष पर है। अरविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेइ यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया। नीदरलैंड के अनीश गिरि ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला। उनकी बाजी तुर्किये के गुरेल एडिज के साथ बराबरी पर रही। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर एंगुयेन थाइ देइ वान ने वियतनाम के कुआंग लेइम ली से ड्रॉ खेला। शांकलैंड, केमेर, गिरि और ली संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा का सामना अगले दौर में अरविंद से होगा जिसमें वह सफेद मोहरों से खेलेंगे। चैलेंजर वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की मा कुन से ड्रॉ खेला और अब चार मुकाबलों के बाद उनके डेढ़ अंक हैं।



### युकी ने दुबई में पहला एटीपी 500 युगल खिताब जीता

**दुबई।** भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरुष युगल खिताब जीत लिया, जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे। भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी । उन्होंने ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को 5-7, 7-6, 10-5 से मात दी । पुरुष एकल वर्ग में स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को हराकर खिताब जीता ।

### लौरा वोल्वाड्र्ट खूबसूरत अंदाज में

**दक्षिण अफ्रीकी।** दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।



# अय्यर का अर्द्धशतक, अढ़ाई सौ रन भी नहीं बना पाया भारत

## न्यूजीलैंड के हेनरी ने सबसे ज्यादा पांच विकेट चटकाए, केन विलियम्सन ने संभाली पारी

**एजेंसी, दुबई**



श्रेयस अय्यर (79) की अर्द्धशतकीय पारी के बावजूद मैट हेनरी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच रविवार को यहां भारत को नौ विकेट पर 249 रन पर रोक दिया।

हेनरी ने आठ ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिये। उन्हें टीम के दूसरे गेंदबाजों अच्छा साथ मिला। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, विलियम ओरूर्के, कप्तान मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट लिये। न्यूजीलैंड के क्षेत्ररक्षकों ने कुछ कमाल के कैच पकड़ने के साथ अहम रन बचाए।

भारत ने शुरुआती सात ओवर में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, लेकिन अय्यर ने 98 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 79 रन की संयमित पारी खेलने के अलावा अक्षर पटेल (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उन्होंने लोकेश राहुल (23) के साथ भी 42 गेंद में 44 रन की साझेदारी की। अक्षर ने 61 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। आखिरी ओवरो में हार्दिक पंड्या ने 45 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 45 रन बनाकर टीम को 250 रन के करीब पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर रोहित शर्मा ने मैट हेनरी के खिलाफ आक्रामक अंदाज में चौका और छक्का लगाए, लेकिन इस तेज गेंदबाज ने शुभमन गिल (दो) को चलता कर भारत का पहला झटका दिया। काइल जैमीसन के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में रोहित (15) विल यंग को कैच देकर पवेलियन लौट गए। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले विराट कोहली भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। हेनरी की गेंद पर प्वाइंट की दिशा में ग्लेन फिलिप्स ने शानदार कैच लपकरकर 14 गेंद में उनकी 11 रन की पारी को खत्म किया। सातवें ओवर में 30 रन तक तीन विकेट गंवाने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने सतर्कता से बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर तक टीम के स्कोर को 46 रन तक पहुंचाया। अक्षर ने सेंटनर के खिलाफ चौका जड़कर बाउंड्री के 52 गेंद के सूखे को खत्म किया। अय्यर ने अगले ओवर में ओरूर्के के खिलाफ तीन चौके लगाकर रनगति को पटरी पर लाने की कोशिश तेजी की। टीम ने 25वें ओवर में अपना शतक पूरा किया जिसका जश्न अय्यर ने ब्रेसवेल के खिलाफ शानदार चौके से मनाया। अय्यर और अक्षर को अब न्यूजीलैंड के स्पिनरों के खिलाफ रन चुराने में कोई परेशानी नहीं हो रही थी।

वहीं, न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां जीत के लिए 250 रन का पीछा करते हुए 33 ओवर में 4 विकेट के नुक्सान पर 133 रन बना लिए थे। केन विलियम्सन 65 रन खेल रहे थे और उनका साथ फिलिप्स निभा रहे थे।

### स्कोर बोर्ड

| भारज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित क. यंग ब. जैमिसन | 15 | 17 | 1/1 |
| गिल पगबाधा हेनरी | 02 | 07 | 0/0 |
| कोहली क. फिलिप्स ब. हेनरी | 11 | 14 | 2/0 |
| अय्यर क. यांग ब. ओरूर्के | 79 | 98 | 4/2 |
| पटेल क. विलियम्सन ब. रविंद्र | 42 | 61 | 3/1 |
| राहुल क. लैथम ब. सेंटनर | 23 | 29 | 1/0 |
| पांड्या क. रविंद्र ब. हेनरी | 45 | 45 | 4/2 |
| जडेजा क. विलियम्सन ब. हेनरी | 16 | 20 | 1/0 |
| शमी क. फिलिप्स ब. हेनरी | 05 | 08 | 0/0 |
| यादव (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 10 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **249/9** | | |

**विकेट पतन :** 1-15, 2-22, 3-30, 4-128, 5-172, 6-182, 7-223, 8-246, 9-249.

**गेंदबाजी :** हेनरी 8-0-42-5, जैमिसन 8-0-31-1, ओरूर्के 9-0-47-1, सेंटनर 10-1-41-1, ब्रेसवेल 9-0-56-0, रविंद्र6-0-31-1.

## दिल्ली एफसी ने 10 मैच के बाद चखा जीत का स्वाद

**एजेंसी, माहिलपुर (पंजाब)।** दिल्ली एफसी ने रविवार को यहां आई-लीग में डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब को 2-1 से हराकर 10 मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए। दिल्ली की टीम के लिए समीर बिनॉन्ग (चौथे मिनट) और विक्टर कामहुका (20वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मार्कस जोसेफ (35वें मिनट) ने डेम्पो के लिए गोल किया। इस जीत के बावजूद दिल्ली तालिका में सबसे नीचे (17 मैचों में 13 अंक) है। आइजोल एफसी के भी इतने ही अंक है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। दिल्ली एफसी ने बीते साल 19 दिसंबर को शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ अपना पिछला मैच जीता था। इसके बाद टीम ने 10 मैच खेले और सिर्फ दो ड्रॉ करने में सफल रहा।

## 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत'

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष पद के दावेदार सेबेस्टियन को का मानना है कि 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत का दावा 'मजबूत' है लेकिन कई अन्य देशों के इस दौड़ में शामिल होने से प्रतिस्पर्धा कठिन होगी।

भारत ने आईओसी के भावी मेजबान आयोग को 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए पहले ही आशय पत्र सौंप दिया है, जो वैश्विक खेल की शीर्ष संस्था के साथ महीनों की अनौपचारिक बातचीत के बाद एक महत्वाकांक्षी योजना में पहला ठोस कदम है। सेबेस्टियन ने कहा, ''मेरी पृष्ठभूमि को देखते हुए मेरे यह कहने से आपको हैरानी नहीं होगी कि मैं बहुत खुश हूं कि भारत वैश्विक खेल और विशेष रूप से ओलंपिक आंदोलन के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई।'' उन्होंने कहा, ''पर यह बहुत प्रतिस्पर्धी होगा। क्योंकि इसमें सिर्फ एक ही बोलीदाता नहीं होगा, लेकिन भारत इसे बहुत मजबूत दावा बना सकता है।'' पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कतर, हंगरी, तुर्कीये, मैक्सिको और मिस्र उन अन्य देशों में शामिल हैं जिन्होंने 2036 ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा व्यक्त की है। 2036 खेलों के मेजबान देश का 2026 से पहले पता नहीं चलेगा, लेकिन यह निश्चित है कि नए आईओसी प्रमुख के 20 मार्च के चुनाव के विजेता की अध्यक्षता के दौरान मेजबान का चयन किया जाएगा।

आईओसी अध्यक्ष के रूप में चुनाव लड़ने वाले सात उम्मीदवारों में उन्हें सबसे आगे माना जा रहा है। 68 वर्षीय को दो बार ओलंपिक 1500 मीटर के स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने भारत को सलाह देते हुए कहा कि अगर उसे 2036 ओलंपिक की मेजबानी का अधिकार नहीं मिलता है तो उसे ओलंपिक आयोजित करने की अपनी महत्वाकांक्षा को खत्म नहीं करना चाहिए। को ने कहा, ''बहुत से शहरों ने बोली लगाई और लेकिन उनकी बोली स्वीकार नहीं हुई। दिलचस्प बात यह है कि जब लंदन ने 2005 में (2012 चरण के लिए) बोली हासिल की थी, तो उसने पेरिस को हराया था। हम सभी अभी पेरिस ओलंपिक खेलों (2024) में गए थे।'' को अभी विश्व एथलेटिक्स का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''रियो उन शहरों में से एक था जो 2012 की बोली के लिए शुरुआती मूल्यांकन से आगे नहीं बढ़ पाया था। और ब्रिटेन के तुरंत बाद उनके पास 2016 में बोली थी।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए यह किसी भी तरह से कहानी का अंत नहीं है। और बोली लगाने से मिली विरासत भी एक बहुत मजबूत विरासत है।''

## वेस्टइंडीज को सुधार के लिए अफगानिस्तान से लेनी चाहिए सीख

**एजेंसी, मुंबई**

चैंपियंस ट्रॉफी में वेस्टइंडीज की अनुपस्थिति से 'निराश' और 'आहत पूर्व महान खिलाड़ी सर विवियन रिचर्ड्स चाहते हैं कि कैरेबियाई टीम खुद को विश्व क्रिकेट में एक ताकत के रूप में फिर से स्थापित करने के लिए अफगानिस्तान से सीख ले।

वेस्टइंडीज और श्रीलंका दो ऐसी टीमें है जो विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है लेकिन पाकिस्तान और दुबई में खेले जा रहे आठ-टीमों की प्रतियोगिता में के मौजूदा सत्र के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहीं। 'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग' के संचालन समिति के सदस्य रिचर्ड्स ने रविवार को मीडिया से कहा, ''मैं बस उम्मीद कर रहा हूं कि मेरी वेस्टइंडीज टीम इन लोगों (अफगानिस्तान) की किताब से सीख ले सकती है, क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने खेल में जुनून और ऊर्जा भर दी है।''

उन्होंने इस ऑनलाइन बातचीत में कहा, ''वे (अफगानिस्तान) क्रिकेट की दुनिया में इतने लंबे समय से नहीं हैं, जितना शायद कुछ अन्य टीमें हैं, लेकिन उनमें संघर्ष करने का जज्बा कमाल का है।'' उन्होंने कहा, ''जब आप चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को देखते हैं और वेस्टइंडीज को नहीं, तो इसका मतलब है कि अफगानिस्तान कुछ सही कर रहा है।''

उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज को सुधार के लिए सिर्फ खिलाड़ियों ही नहीं, बल्कि इसमें शामिल सभी लोगों के प्रयासों की जरूरत होगी। मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी से चूकने के अलावा वेस्टइंडीज ने भारत में 2023 वनडे विश्व कप में भी हिस्सा नहीं बन पाया था। हमें खुद को वहां वापस लाने के लिए जहां हम एक बार थे शायद सिर्फ खिलाड़ियों की ही नहीं, बल्कि बोर्ड के उन लोगों की भी जरूरत होगी जो जिम्मेदार पदों पर हैं।

उन्होंने कहा, ''मुझे इस बात से बहुत गुस्सा आता है कि इतनी बड़ी विरासत वाली वेस्टइंडीज टीम चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं है। इससे मुझे बहुत दुख होता है, क्योंकि हम कहीं बेहतर टीम रहे हैं।''

## चैंपियंस ट्रॉफी के व्यस्त कार्यक्रम के कारण **सेमीफाइनल** की चारों टीमें एक ही शहर में मौजूद

**एजेंसी, दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी की अनिश्चितता के कारण ग्रुप बी की शीर्ष दो टीमें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दुबई में मौजूद है। किसी वैश्विक टूर्नामेंट में ऐसा कम ही होता है कि अंतिम चार में पहुंचने वाली टीमों के लिए भविष्य की योजना पूरी तरह से साफ ना हो। ग्रुप ए से अंतिम चार में प्रवेश करने वाले भारत और न्यूजीलैंड को अगर इसमें शामिल कर ले तो वर्तमान में दुबई में सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी चारों टीमें है। इस परिदृश्य ने क्रिकेट की दुनिया में पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों के बीच विचारों में मतभेद पैदा किर दिया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भी भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए कारगर उपाय करना होगा। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ने से ऑस्ट्रेलिया अंतिम चार में जगह पक्की करने के बाद शुक्रवार देर रात कराची से दुबई के लिए उड़ान भरी। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर अपने अंकों की संख्या पांच कर ली और ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए दुबई जाने वाली फ्लाइट में सवार हो गया। इनमें से कौन दुबई में रुकेगा, यह रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। भारत अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत जाता है तो वह ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगा और मंगलवार को यहां पहले सेमीफाइनल में ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम आस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारत अगर न्यूजीलैंड से हारता है तो उसका सामना ग्रुप बी में शीर्ष पर रहने वाले दक्षिण अफ्रीका से होगा और ऑस्ट्रेलिया बुधवार को लाहौर में दूसरा सेमीफाइनल खेलने के लिए पाकिस्तान वापस जाएगा।

## केरल को हराकर विदर्भ ने जीता रणजी ट्रॉफी खिताब



**एजेंसी, नागपुर**


केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेले गया यह मुकाबला पांचवें और अंतिम दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन विदर्भ ने केरल को पहली पारी के बढ़त के आधार पर मात दी और इस घरेलू टूर्नामेंट का चैंपियन बनने में सफल रहा।

विदर्भ की दूसरी पारी में नौ विकेट पर 375 रन बनने के बाद मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। विदर्भ की टीम ने अपनी पहली पारी में 379 रन बनाए थे और केरल को 342 रन पर आउट कर 37 रन की महत्वपूर्ण बढ़त कायम की थी। विदर्भ के लिए करुण नायर ने दूसरी पारी में 135 रन बनाए। विदर्भ ने इससे पहले 2017-18 और 2018-19 में प्रतियोगिता जीती थी।

## कोहली का जुझारू जज्बा और जुनून उन्हें बनाते हैं महान : विव रिचर्ड्स

**एजेंसी, मुंबई**


वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर सर विवियन रिचर्ड्स ने रविवार को कहा कि विराट कोहली का जुझारू जज्बा, ऊर्जा और जुनून उन्हें क्रिकेट के 'महानतम' और 'सर्वश्रेष्ठ' खिलाड़ियों के वर्ग में रखता है।



कोहली की लगन और खेल के प्रति जुनून के लंबे समय से प्रशंसक रहे रिचर्ड्स ने मैदान पर अपने प्रदर्शन के जरिए आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए भारतीय बल्लेबाज की सराहना की।

'इंटरनेशनल मास्टर लीग' (आईएमएल) की संचालन परिषद के सदस्य रिचर्ड्स ने वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, ''मुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। वनडे विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था लेकिन फिर उन्होंने शानदार फॉर्म में वापसी की। इसलिए हम जिसके बारे में बात कर रहे थे, यह उस जज्बे का सच्चा प्रमाण है।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम के वर्ग में रखता हूं। आपको हर दफा ऐसे खिलाड़ी नहीं मिलते जो फॉर्म में नहीं होने के बाद वापसी कर सकें। उनका जुझारू जज्बा, ऊर्जा और अच्छा प्रदर्शन करने का जुनून उन्हें सबसे अलग बनाता है।'' रिचर्ड्स ने कहा कि अगर वह अब भी खेल रहे होते तो वह मैदान पर कोहली की ऊर्जा से खेलना पसंद करते। रिचर्ड्स ने कहा, ''उनकी ऊर्जा उनके जुनून को दर्शाती है। वह हर समय खेल में अपनी भागीदारी से आपको दर्शाते रहते हैं। उनके अंदर इसके लिए जुनून है।



## बोल्लिपल्ली ने चिली ओपन युगल खिताब जीता

**नई दिल्ली।** भारत के रित्विक चौधरी बोल्लिपल्ली ने कोलंबिया के निकोलस बारियेंतोस के साथ मिलकर शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्तेनी और मैक्सिमो गोंजालेस को सीधे सेटों में हराकर सैंटियागो में चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता।

रित्विक और निकोलस की गैर वरीय जोड़ी ने गोंजालेस और मोल्तेनी को एक घंटा चले फाइनल मुकाबले में 6- 3, 6-2 से हराया। उन्होंने मैच में 11 ऐस लगाए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एक ही लगा सके।

महिला प्रीमियर लीग | यूपी वारियर्स की चिंता का सबब है उसकी बल्लेबाजी

## गुजरात जाइंट्स के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेंगे यूपी वारियर्स

**एजेंसी, लखनऊ**

यूपी वारियर्स महिला प्रीमियर लीग के अहम रिटर्न मुकाबले में सोमवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य पिछली हार का बदला चुकता करके जीत की राह पर वापसी का होगा। दोनों के बीच पहला मैच वडोदरा में 16 फरवरी को हुआ था, जिसमें गुजरात जाइंट्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की थी।



इसके बाद गुजरात को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार दो मैचों में हराया। बेंगलुरु में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराकर गुजरात ने प्लेआफ की उम्मीदें फिर जीवित की। अब यूपी वारियर्स, आरसीबी और गुजरात जाइंट्स के चार-चार अंक हैं और वे तीसरे से पांचवें स्थान पर हैं। यूपी और गुजरात ने आरसीबी से एक मैच कम खेला है और यह मैच दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। गुजरात के बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। डायलान हेमलता और हरलीन देयोल खराब फॉर्म से जूझ रही हैं। कप्तान एशले गार्डनर ने आरसीबी के खिलाफ 31 गेंद में 58 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया था।

गार्डनर इस सत्र में तीन अर्द्धशतक लगा चुकी हैं, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग की जरूरत है। आरसीबी के खिलाफ मैच के बाद गार्डनर ने कहा था,''हमने अलग अलग हालात में खेला है और अब हम लखनऊ जा रहे हैं। उम्मीद है कि पावरप्ले में प्रदर्शन बेहतर होगा। हमारे पास विकेट सुरक्षित हों तो हम अच्छा स्कोर बना सकते हैं।'' यूपी वारियर्स की चिंता का सबब उसकी बल्लेबाजी है जिसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आक्रामक प्रदर्शन करके अहम भूमिका निभाई है।

पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ उनके गेंदबाज 142 रन का बचाव नहीं कर सके । दिल्ली कैपिटल्स पर मिली जीत में चिनेले हेनरी और क्रांति गौड ने अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि आरसीबी पर सुपर ओवर में मिली जीत में सोफी एक्सेलेटन ने कमाल किया।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**यूपी वारियर्स:** दीप्ति शर्मा (कप्तान), अंजलि सरवानी, चमारी अथापथु, उमा छेत्री, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुशी गोयल, क्रांति गौड़, ग्रेस हैरिस, चिनेले हेनरी, पूनम खेमनार, अलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, गौहर सुल्ताना, साइमा ठाकोर, दिनेश वृंदा।

**गुजरात जाइंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), भारती फुलमाली, लॉरा वोलवार्ट, फोएबे लिचफील्ड, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन, डी हेमलता, डिएंड्रा डॉटिन, हरलीन देओल, सयाली सतघरे, तनुजा कंवर, बेथ मूनी, केशवी गौतम, मन्नत कश्यप, मेघना सिंह, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा और शबनम शकील।